सुप्रभात
रांची, बुधवार
01.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 227

12 प्रियंका चोपड़ा ने शेयर की वेब सीरीज सिटाडेल की झलक

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

न्यूज डायरी

अब कल होगी हेमंत कैबिनेट की बैठक

रांची। हेमंत सोरेन सरकार की प्रस्तावित कैबिनेट बैठक की तिथि एक बार फिर बदल दी गयी है। अब यह बैठक बुधवार की जगह गुरुवार को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने इस बाबत मंगलवार को अधिसूचना जारी की है। पहले यह बैठक 27 फरवरी (सोमवार) को होनी थी। उसके बाद तिथि में बदलाव कर बैठक एक मार्च की गयी। एक बार फिर से परिवर्तन करते हुए कैबिनेट बैठक गुरुवार यानी 2 मार्च को रखी गयी है।

गिरिडीह : फैक्ट्री में ब्लास्ट से तीन मजदूर गंभीर

गिरिडीह। जिले की कार्बन रिसोर्सेज फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद आग लगने से तीन मजदूर झुलसकर गंभीर हो गये हैं। स्थानीय निजी नर्सिंग होम में उनका इलाज कराया जा रहा है।

इंजीनियर वीरेंद्र राम की रिमांड अवधि चार दिन बढ़ी

रांची। आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम मंगलवार को फिर से पीएमएलए कोर्ट में पेश हुए। पुलिस निगरानी में वे कोर्ट लाये गये थे। इडी ने कोर्ट से एक्स्ट्रा रिमांड का आग्रह किया था। जिसे स्वीकारते हुए कोर्ट ने चार दिन के और रिमांड की अनुमति दे दी है।

मनीष सिसोदिया पांच दिन की सीबीआइ रिमांड पर

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में 4 मार्च तक की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। अब वे 4 मार्च को कोर्ट में पेश होंगे। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश सुनाया।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने किया रोप-वे का उद्घाटन

गंगटोक। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामले की मंत्री निर्मला सीतारमण ने दक्षिण सिक्किम के यांगगांग में धापर से भालेढुंगा तक नवनिर्मित पर्यावरण अनुकूल यात्री रोप-वे का उद्घाटन किया। उन्होंने राजधानी के चिंतन भवन में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से रोप-वे का उद्घाटन किया।

रूस से तीसरी एस-400 पहुंची भारत

नई दिल्ली। दुनिया में तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका के बीच रूस ने भारत से अपनी मित्रता की एक और मिशाल पेश कर अपना वादा पूरा किया है। रूस ने स्वाड्रन-400 की तीसरी यूनिट भारत पहुंचा दिया है। इससे पाकिस्तान और चीन की तरफ से आने वाली मिसाइलों, विमानों, हेलिकॉप्टरों को मार गिराया जा सकता है।

सेल्स टैक्स क्लर्क 20 हजार घूस लेते धराया

जमशेदपुर। जमशेदपुर स्थित सेल्स टैक्स विभाग के क्लर्क सुबोध सिंह को एसीबी की टीम ने 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा। सुबोध को एसीबी की टीम रांची लेकर चली गयी। एसीबी के सूत्रों के अनुसार एक व्यापारी ने जमशेदपुर डिवीजन सेल्स टैक्स विभाग के क्लर्क सुबोध की शिकायत सोनारी के एसीबी थाने में लिखित रूप से की थी। कहा था कि घूस न देने पर सुबोध काम करने से इंकार कर रहे थे।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 53,400 रु./10 ग्राम
चांदी : 68,500 रु./प्रति किलो

सदन में फिर टूटी मर्यादा, गांजा से लेकर औकात तक पर चर्चा

पक्ष-विपक्ष के व्यवहार से व्यथित दिखे स्पीकर रवींद्रनाथ महतो

- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान जमकर हुई नोकझोंक
- प्रथम पाली में ठीक-ठाक चला सदन, दूसरी पाली में भिड़े पक्ष-विपक्ष

उदय चौहान

रांची। बजट सत्र के दूसरे दिन सदन की मर्यादा फिर एक बार तार-तार हुई। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण पर वाद विवाद के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर थूका-फजीहत हुई। पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप के बाद औकात और देख लेने की बात कही गयी। मंगलवार को सदन की प्रथम पाली में जहां सुचारू रूप से प्रश्न काल चलने पर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो हर्षित थे, वहीं दूसरी पाली में पक्ष-विपक्ष के व्यवहार से वे व्यथित दिखे।

दरअसल, कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने वाद-विवाद के बीच भाजपा के मुख्य सचेतक विरंची नारायण की ओर मुखातिब होकर कहा कि मुंह मत खुलवाइये। चुनाव के वक्त आपने क्या किया था, वह सबको मालूम है। उनका इशारा बिरंची नारायण के अश्लील वायरल वीडियो पर था। यही नहीं, वाद विवाद के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच खूबियों और खामियों पर तथ्यों के साथ फोकस करने के बजाये ज्यादा समय तक छींटाकशी होती रही। सत्ता पक्ष के विधायकों ने केंद्र सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े किये। वहीं, भाजपा के भानु प्रताप शाही ने कहा कि विधायक जी गांजा पीकर आये हैं। स्पीकर की ओर मुखातिब होने के बजाये 23 बार उन्हें एड्रेस कर चुके हैं।

दूसरी ओर, भाजपा के बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य में उद्योग का स्वरूप बदल गया है। यहां ट्रांसफर-पोस्टिंग की बोली लगती है। धनकुबेर इंजीनियर वीरेंद्र राम को सरकार के नुमाइंदों की सरपरस्ती है। वीरेंद्र राम के पास अरबों की संपत्ति कहां से आयी? उन्होंने कहा कि मीडिया की सुर्खियां बनी है कि इंजीनियर वीरेंद्र राम को दो मंत्रियों का संरक्षण प्राप्त है। इस पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने विपक्ष से पूछा कि अडाणी के कौन हैं मोदी जी। फिर भाजपा के विरंची नारायण ने कहा कि पंकज मिश्रा कौन हैं? वह जेल में हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम प्रकाश और पूजा सिंघल पर अब तक एफआइआर क्यों नहीं कराया सरकार ने? प्रेम प्रकाश के घर एके 47 मिला था, लेकिन कार्रवाई हुई सिर्फ सिपाही पर।

प्रदीप यादव ने किया राज्यपाल के अभिभाषण का समर्थन

इसके पहले राज्यपाल के अभिभाषण का समर्थन करते हुए प्रदीप यादव ने कहा कि झूठी घोषणाएं तो भाजपा की सरकार करती आयी ही है। 2 अक्टूबर 2017-18 को बापू की जयंती के दिन झारखंड को ओडीएफ घोषित कर दिया। लेकिन, सच्चाई इससे उलट है। सबको मालूम है कि झारखंड के 400 गांवों को डिजिटल घोषित कर दिया। दुग्धी गांव को कैशलेस घोषित किया। पीएम से मन की बात में इसका जिक्र भी करा दिया। यही नहीं, कसमार ब्लॉक को पहला वाईफाई ब्लॉक घोषित कर दिया। यह सवाल जेपीएससी में भी

पूछा गया। प्रदीप यादव को बोलने के लिए ज्यादा वक्त मिलने पर भाजपा ने विरोध किया। इस पर राजद कोटे के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि उनके दल का समय भी श्री यादव को दिया गया है। इसके बाद प्रदीप यादव ने भाजपा विधायकों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर आपकी औकात है, तो अपना समय बाबूलाल मरांडी जी को दिला कर दिखायें।

बेहतर संचालित हुआ शून्य काल

विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने अल्पसूचित प्रश्न के अलावा तारांकित, ध्यानाकर्षण व शून्य काल बढ़िया से संचालित किया। उन्होंने सदन के सभी सदस्यों से चर्चा को जनहित में रखने का आह्वान किया। लेकिन, कई बार अलग-अलग प्रश्नों के जवाब पर विपक्षी दलों के सदस्य असंतुष्ट दिखे।

राज्य के 13 हजार डॉक्टर आज करेंगे कार्य बहिष्कार

- सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी छोड़ अन्य सेवाएं रहेंगी बाधित
- रिम्स के पीजी से लेकर सीनियर डॉक्टरों को ड्यूटी करने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हाल के दिनों में चिकित्सकों पर हो रहे हमले को लेकर राज्यभर के चिकित्सकों में आक्रोश है। एक माह के अंदर धनबाद, हजारीबाग, लोहरदगा, गढ़वा और रांची में डॉक्टर पर हमले हो रहे हैं। राजधानी रांची में सोमवार को डॉ अंचल कुमार पर एक अपराधी ने घर में घुसकर हमला कर दिया। घटना के बाद आइएमए-झासा व अन्य चिकित्सकों ने आपातकालीन बैठक बुलायी। निर्णय लिया गया कि 1 मार्च (बुधवार) को राज्यभर के करीब 13 हजार चिकित्सक कार्य बहिष्कार करेंगे। हालांकि इमरजेंसी सेवा और अस्पताल में भर्ती मरीजों की इलाज जारी रहेगी। इधर, रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि चिकित्सा सेवा एक इमरजेंसी सेवा है। सीनियर डॉक्टरों से लेकर पीजी डॉक्टरों तक को सेवा बाधित नहीं करने को कहा है। उन्हें पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाने के लिए कहा गया है।

मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू करे राज्य सरकार

एसोसिएशन ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर इंडिया (एचपीआइ) झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष योगेश गंभीर ने कहा कि 1 मार्च को आइएमए और झासा के आह्वान पर कार्य बहिष्कार का समर्थन किया जायेगा। इस दिन ओपीडी सेवाओं को ठप रखा जायेगा। किसी भी मरीज को चिकित्सक परामर्श नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, प्रताड़ना और हिंसक घटनाओं से हम सभी आहत हैं। राज्य सरकार अविलंब मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे, ताकि राज्य के चिकित्सक और पारा मेडिकल कर्मी सुरक्षित वातावरण में काम कर सकें।

डॉक्टरों की समस्या का हल शीघ्र निकले

आइएमए वीमंस विंग की राष्ट्रीय सह अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप ने कहा कि जब हर राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है, तो फिर झारखंड में क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि भारत को मुस्कुराता हुआ कल चाहिए, तो डॉक्टरों की समस्या का हल होना चाहिए। हमारी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। अफसरों और नेताओं की तानाशाही बंद करने की जरूरत है। घटना में जो भी लोग शामिल होते हैं, वैसे लोगों पर कार्रवाई जरूरी है।

(शेष पेज 11 पर)

धालभूमगढ़ में नहीं बनेगा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

- पर्यावरण मूल्यांकन समिति ने 25 सितंबर 2020 को ही रद कर दिया था प्रस्ताव
- केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पत्र से सामने आयी सच्चाई

सत्येंद्र कुमार

जमशेदपुर। अगर आप जमशेदपुर समेत कोल्हान प्रमंडल के निवासी हैं और सोच रहे हैं कि राज्य और केंद्र सरकार धालभूमगढ़ एयरपोर्ट बनाकर देने जा रही है, तो यह सपना ही है। सच्चाई यह है कि एयरपोर्ट बनाने के लिए गठित धालभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड के प्रस्ताव को ही अनुपयुक्त पाया गया है। हाथियों के आने-जाने के क्षेत्र में स्थित होने के चलते इस कंपनी को हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है। यानी, अब धालभूमगढ़ में इंटरनेशनल एयरपोर्ट नहीं बनेगा।

27 फरवरी 2023 को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को लिखे एक पत्र में केंद्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पष्ट कर दिया है कि धालभूमगढ़ में अब एयरपोर्ट नहीं बनेगा। हालांकि, निकट भविष्य में झारखंड सरकार वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराती है, तो नये सिरे से इस पर जरूर विचार किया जायेगा। उपसभापति को लिखे पत्र में केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि भारत सरकार की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत जमशेदपुर में टाटा स्टील के स्वामित्व वाले सोनारी हवाई अड्डे से 31 जनवरी 2023 से सीधी उड़ान का संचालन शुरू हो चुका है। जहां तक धालभूमगढ़ हवाई अड्डा की बात है, तो यह हवाई अड्डा द्वितीय विश्वयुद्ध का एक परित्यक्त हवाई क्षेत्र है। इस हवाई अड्डे पर 1741 मीटर गुना 45 मीटर आयाम के दो रनवे हैं, जो वर्तमान हालत में बहुत जर्जर हैं और संचालन के लिए उपयुक्त नहीं हैं। मंत्री ने बताया है कि धालभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड को 21 जुलाई 2019 को झारखंड में हवाई अड्डे के विकास के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में बनाया गया था। (शेष पेज 11 पर)

पीटीआर क्षेत्र के बेतला रेंज में फंदे में फंसने से हिरण की मौत

बेतला। बेतला नेशनल पार्क से सटे मतनाग में एक हिरण की मौत फंदे में फंसने से हो गयी है। बताया गया कि गांव पहुंचा हिरण फंदे में फंस गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुंची। जख्मी हिरण को इलाज के लिए बेतला ला रहे थे, लेकिन तब तक काफी रक्तस्राव हो चुका था, जिससे उसकी मौत हो गयी। दूसरी ओर, इस संबंध में वनपाल उमेश दुबे ने बताया कि हिरण की मौत नहीं हुई है। उसने हिरण को रेस्क्यू कर पीटीआर के जंगलों में छोड़ देने का दावा किया है, लेकिन ग्रामीणों में हिरण की मौत की चर्चा बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, किसान वन्य प्राणियों से अपनी फसल की सुरक्षा के लिए फंदा लगा देते हैं। दूसरी ओर, गर्मी शुरू होते ही पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) क्षेत्र के जलाशयों में पानी का संकट हो जाता है। इस कारण वन्य प्राणी ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी प्यास बुझाने के लिए आते हैं। अंदेशा है कि यह हिरण भी पानी की खोज में गांव में आया होगा और फंदे में फंस गया।

जी-20 समिट कल, तैयारी पूरी ब्राजील से रांची पहुंचे डेलिगेट्स

- प्रशासन अलर्ट, 500 मीटर की परिधि नो फ्लाई जोन और रेड जोन घोषित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची जी समिट को लेकर सज-धज कर तैयार है। विदेशी मेहमानों का आगमन बुधवार की सुबह 7:30 से शुरू हो जायेगा। वैसे ब्राजील से कुछ मेहमान मंगलवार की शाम रांची पहुंच चुके हैं। अपने खास मेहमानों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर अलग-अलग टीमें दिन भर तैनात रहेंगी। इधर, होटल रेडिसन ब्लू और चाणक्या बीएनआर के 500 मीटर की परिधि में नो फ्लाई जोन और रेड जोन घोषित कर दिया गया है। यानी, इन दोनों क्षेत्रों के 500 मीटर के दायरे में ड्रोन, पाराग्लाइडिंग, हॉट एयर बलून और अन्य संबंधित गतिविधियों पर रोक लगा दी गयी है।

जी-20 समिट को लेकर सजी राजधानी रांची की सड़कें।

एयरपोर्ट से मेहमानों को वीआइपी गेट से बाहर लाया जायेगा। वहीं, वीआइपी गेट के पास एक सुंदर स्टेज भी बनाया गया है, जिस पर झारखंड के लोक नृत्य कर मेहमानों का स्वागत किया जायेगा। इसके बाद लाइजनिंग अफसर अपने मेहमान को गाड़ी में बैठा कर होटल लायेंगे। इसके बाद दो मार्च को दिनभर रेडिसन ब्लू में साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर इन मेहमानों की बैठक होगी। फिर दो मार्च की रात ग्रैंड डिनर रेडिसन ब्लू के बैंक्वेट हॉल में होगा। इन सब कार्यक्रमों के बाद तीन मार्च की सुबह दो लग्जरियस बस में बैठाकर मेहमानों को पतरातू ले जाया जायेगा। दिनभर पतरातू में मेहमान वोटिंग करेंगे और शिल्पग्राम का आनंद लेंगे। तीन मार्च की शाम और चार मार्च को मेहमानों की वापसी होगी। वहीं, इस कार्यक्रम को लेकर 3 मार्च तक रांची में धारा 144 लागू रहेगी।

बिजली के खंभे रोप लाइट और नियोन लाइट से रोशन

मेन रोड पर लगे सभी बिजली के खंभों को रोप लाइट व नियोन लाइट से रोशन कर दिया गया है। शाम होते ही रांची की सड़कें रोशनी से जगमग रही। इसके साथ ही पूरे शहर में कहीं गंदगी न दिखे, इसके लिए हर दिन दो बार कूड़े का उठाव किया जा रहा है। अतिथियों को रांची सुंदर लगे, इसे लेकर डिवाइडरों पर आकर्षक फूलों के पौधे व गमले लगाये जा रहे हैं। वहीं, जहां पर डिवाइडर के बीच अधिक गैप है, वहां घास भी लगायी गयी है। इसके साथ ही जगह-जगह दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग भी की गयी है।

7 रजत और 3 कांस्य पदक जीत विद्यार्थियों ने झारखंड का नाम किया रोशन

जैन उत्सव में रांची विवि व डीएसपीएमयू ने लहराया परचम

- रांची विवि के विद्यार्थियों ने 7 इवेंट्स में लिया था हिस्सा
- डीएसपीएमयू के 29 सदस्यीय दल ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची विश्वविद्यालय (आरयू) और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीपीएसपीएमयू) के छात्रों ने जैन उत्सव में पदकों की भरमार कर दी है। जैन यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में आयोजित 36वें इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल (जैन उत्सव) में आरयू और डीएसपीएमयू के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। रांची विवि के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन का परिचय देते हुए 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। वहीं, डीएसपीएमयू के विद्यार्थियों ने तीन सिल्वर और एक ब्रांज जीतकर झारखंड और रांची का नौम रोशन किया है। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति व अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

आरयू के विद्यार्थियों ने कुल 7 इवेंट्स में भाग लिया था। इसमें म्यूजिक इवेंट के वेस्टर्न वोकल (सोलो) में यामीमा कच्छप, फाइन आर्ट्स इवेंट्स के कार्टूनिंग में शुभम कुमार दुबे, मेहंदी में जेनिस खलखो एवं इंस्टालेशन में रमा कुमारी,

चंदा कुमारी, गौरव पाल एवं शुभम कुमार दुबे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक और थिएटर इवेंट के मिमिक्री में जितेंद्र कुमार एवं फाइन आर्ट्स इवेंट के क्ले मॉडलिंग में गौरव पाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम मैनेजर के रूप में डॉ पूनम निगम सहाय और सुजीत कुमार शर्मा, परफॉर्मिंग आर्ट के शिक्षक विवेक दास इन बच्चों के साथ बेंगलुरु में उपस्थित थे। विवि के कुलसचिव डॉ एमसी मेहता, डीएसडब्ल्यू डॉ जीएस झा, डॉ बीपी सिन्हा, उपनिदेशक सीवीएस डॉ स्मृति सिंह, डॉ नियति कल्प, समन्वयक, परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

कई खिताब जीते :

डीएसपीएमयू के 29 सदस्यीय दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई खिताब अपने नाम किये। इनमें क्लासिकल वोकल इंडियन गायन में कुमार आदित्य पांडेय ने सिल्वर, ऑन स्पॉट पेंटिंग में आकाश कर्मकार ने सिल्वर, लाइट वोकल में युवराज ने ब्रांज, इंस्टालेशन में सिल्वर और सांस्कृतिक झांकी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दल के साथ 4 शिक्षक और 2 टीम मैनेजर डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साह शामिल थे। इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह परिणाम प्रतिभागियों के सकारात्मक सोच और आत्मबल का परिणाम है। व्यक्तिगत तौर पर प्रत्येक उपलब्धि विवि की सामूहिक श्रेष्ठता को बढ़ावा देती है। आगे भी उनसे इसी प्रदर्शन की आशा है। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने इस दल को बधाई दी और कहा कि आगे भी विवि उनसे यह उम्मीद रखता है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

ट्विटर प्रमुख एलन मस्क फिर बने दुनिया के सबसे अमीर शख्स

एजेंसी

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला और ट्विटर प्रमुख एलन मस्क एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर शख्स बन गये हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 187 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ मस्क ने अरबपतियों की सूची में पहला स्थान हासिल कर लिया है।

इंडेक्स के अनुसार सिर्फ दो महीने में मस्क की संपत्ति में 50 अरब डॉलर से ज्यादा का उछाल आया है, जो 187 अरब डॉलर पर पहुंच गयी है। इस सूची में दूसरे नंबर पर बर्नार्ड अरनॉल्ट हैं, जिनकी संपत्ति एक साल में 23.3 अरब डॉलर बढ़ कर 185 अरब डॉलर हुई है। अमेजन के फांउडर जेफ बेजोस 117 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि 114 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ बिल गेट्स चौथे स्थान पर हैं। 5वें पायदान के वॉरेन बफे की संपत्ति 106 अरब डॉलर है। दुनिया के सबसे अमीर लोगों की टॉप-10 सूची में भारतीय कारोबारी मुकेश अंबानी शामिल हो गये हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआइएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी 81.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ इस सूची में 10वें पायदान पर हैं। उनकी संपत्ति में भी इस साल 6.02 अरब डॉलर की गिरावट आयी है। (शेष पेज 11 पर)

➲ मुकेश अंबानी 81.1 अरब डॉलर के साथ 10वें पायदान पर

दुनिया के टॉप-5 अमीर

क्रम	नाम	संपत्ति
1.	एलन मस्क	187 अरब डॉलर
2.	बर्नार्ड अरनॉल्ट	185 अरब डॉलर
3.	जेफ बेजोस	117 अरब डॉलर
4.	बिल गेट्स	114 अरब डॉलर
5.	वॉरेन बफे	106 अरब डॉलर

समाचार पत्र पंजीयन (केंद्रीय) कानून, 1956 आठवें नियम के अंतर्गत अपेक्षित 'खबर मन्त्र' रांची नामक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा :-

प्रपत्र-4

1. प्रकाशन स्थल : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड 834009
2. प्रकाशन अवधि : प्रतिदिन
3. मुद्रक का नाम : मंजू सिंह वास्ते वृंदा मीडिया, पब्लिकेशन्स प्रा. लि.
   क्या भारत का नागरिक हैं : हां
   पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
4. प्रकाशक का नाम : मंजू सिंह, वास्ते वृंदा मीडिया, पब्लिकेशन्स प्रा. लि.
   क्या भारत का नागरिक हैं : हां
   पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
5. संपादक : अविनाश चन्द्र ठाकुर
   क्या भारतीय नागरिक हैं : हां
   पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों : XX

मैं मंजू सिंह एतद द्वारा घोषित करती हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

तारीख : 1 मार्च 2023

ह. मंजू सिंह
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)

हेमंत सरकार ने स्थानीय भाषा और लोक-संस्कृति को नियोजन नीति से जोड़ने का किया था प्रयास

युवाओं के सुझाव से बनेगी नयी नियोजन नीति

2016 के पहले वाली नियोजन नीति के आधार पर तात्कालिक तौर पर नियुक्ति के पक्ष में 73 प्रतिशत युवा, 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति का प्रस्ताव राज्यपाल ने किया था वापस

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में खतियान आधारित नियोजन नीति पर अंतिम निर्णय लेते हुए विधानसभा से इस संबंध में विधेयक पारित करते हुए आगे के निर्णय के लिए राज्यपाल के पास भेजा था। राज्य सरकार का इस संदर्भ में स्पष्ट मानना था कि 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति एवं पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची का संरक्षण मिल जाने के बाद ही बहाल किया जाये। इन परिस्थितियों में जब राज्यपाल द्वारा राज्य सरकार का प्रस्ताव वापस कर दिया गया। ऐसे में, एक तात्कालिक कदम की जरुरत को महसूस करते हुए राज्य के युवाओं से इस संबंध में राय जानने का प्रयास किया गया, क्योंकि पूर्व की सरकार के समय लायी गयी 13-11 वाली नियोजन नीति को भी न्यायालय द्वारा रद्द करने का आदेश पारित किया जा चुका था। ऐसे में युवाओं का राय जानना था कि क्या तत्कालिक तौर पर पूर्व की नियोजन नीति 2016 के पहले वाली के आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करनी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार ने भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी को राय लेने का जिम्मा सौंपा। राय के लिए कुल 7,33,921 लोगों तक पहुंच बनाई गई। 73 प्रतिशत झारखण्ड के युवाओं ने 2016 से पहले वाली नियोजन नीति के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति जताई।

स्थानीय भाषाओं को नियोजन नीति से जोड़ने का हुआ था प्रयास

मालूम हो कि विधानसभा के शीत कालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा था कि सरकार की मंशा थी कि थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नियुक्ति में आदिवासी और मूलवासियों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो, लेकिन, नौजवानों की मंशा के साथ सरकार जायेगी। ज्ञात हो कि वर्तमान सरकार ने स्थानीय भाषाओं एवं लोक-संस्कृति की जानकारी को नियोजन नीति से जोड़ने का प्रयास किया था। साथ ही, राज्य में स्थित संस्थान से 10वीं, 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होने की शर्त भी जोड़ी थी। जिसे कुछ लोगों एवं दूसरे राज्य के अभ्यर्थियों के द्वारा न्यायालय में चुनौती दी गयी थी।

इसलिये युवाओं के मत को जानने की हुई आवश्यकता

: मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य अलग होने में लंबा समय लगा। राज्य के लोगों के लिए हितकारी नियोजन नीति लाने के उद्देश्य ने सरकार ने कदम बढ़ाया था, जिसे वापस कर दिया गया। स्थानीय युवाओं, भाषाओं एवं लोक-संस्कृति की शर्त देश के विभिन्न राज्यों में लागू है। भाषा के सम्बन्ध में कई राज्यों में स्पष्ट नीति है जो नियुक्ति प्रक्रिया का मुख्य आधार भी है।

डॉ लंबोदर महतो ने सदन में उठाया 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति की मांग

जेएसएससी स्नातक स्तर परीक्षा नियमावली नहीं होने और निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को बहाल नहीं किये जाने को लेकर स्थगन का प्रस्ताव भी लाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति लागू करने की मांग की। डॉ महतो ने शून्यकाल में कहा कि झारखंड सरकार 14 सितंबर 2022 को राज्य मंत्रिमंडल द्वारा निर्णय लिये जाने के बाद 11 नवंबर 2022 को 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति संबंधित विधेयक विधानसभा से पारित के बाद भी अब तक अधिनियम नहीं बन सका है। जिसके कारण राज्य में 12 हजार से ज्यादा बहाली रद्द हो गई है। साथ ही, 16 दिसंबर 2022 को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा नियोजन नीति रद्द किए जाने तथा नई नियोजन नीति अब तक नहीं बन पाने के कारण 3 लाख 59 हजार से ज्यादा रिक्तियों पर नियुक्ति नहीं हो पा रहा है। डॉ महतो ने कार्य स्थगन प्रस्ताव लाकर सरकार से स्थानीय नीति, नियोजन नीति एवं जेएसएससी स्नातक स्तर परीक्षा संचालन नियमावली तथा निजी क्षेत्रों की कंपनियों में 40 हजार तक वेतन पाने वाले पदों पर 75 प्रतिशत स्थानीय को बहाल करने पर चर्चा कराये जाने की भी मांग की।

झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम बहंगी लेकर पहुंचे विधानसभा, कहा- सरकार हमारी भी नहीं सुनती

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झामुमो के विधायक लोबिन हेम्ब्रम बजट सत्र के दूसरे दिन हरे रंग के परिधान में कंधे पर बहंगी लिये थे और उस बहंगी में दोनों तरफ दो घड़ा था, जिसपर राज्य के ज्वलंत मुद्दे लिखे हुए थे। उनके विधानसभा परिसर पहुंचते ही मीडियाकर्मियों ने घेर लिया। इस दौरान मीडिया के सुर्खियों में बने लोबिन हेंब्रम ने अपनी ही सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सीएम उनकी नहीं सुनते। जल, जंगल जमीन के नाम पर लोगों का दोहन हो रहा है। स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बनाई गई। पेसा कानून का उल्लंघन हो रहा है। यह पूछे जाने पर कि आप तो अकेले हैं, जवाब में कहा कि हम तो एकला चले हैं, हमारा कारवां बढ़ता जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ झारखंड का गठन हुआ उसे पूरा करने में आज तक किसी सरकार ने रुचि नहीं दिखाई। आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण राज्य में एसपीटी और सीएनटी एक्ट का प्रावधान है। मगर सरकार इसे प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर पा रही है। इसी तरह से उन्होंने स्थानीय नीति नहीं बनाए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि गुरुजी के सपना को पूरा नहीं किया जा रहा है। ऐसे में भले ही हमारी ही सरकार क्यों ना हो हम विरोध दर्ज कराते रहेंगे।

भाजपा विधायकों ने विस के मुख्य द्वार पर किया प्रदर्शन

नियोजन नीति की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायकों ने राज्य में नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। विधायकों ने कहा कि राज्य सरकार जान बूझकर स्थानीय और नियोजन नीति को लटकाए हुए है। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि हर वर्ष 5 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कहकर सत्ता में आयी झामुमो सरकार 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बना पाई है। उन्होंने कहा कि राज्य में चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है।

पंकज मिश्रा को बेल के लिए करना होगा इंतजार, फैसला सुरक्षित

रांची। टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट के फैसला सुरक्षित रखने के बाद पंकज मिश्रा को अपनी जमानत के लिए फिलहाल इंतजार करना होगा। बता दें कि पंकज मिश्रा को ईडी ने अवैध खनन मामले में पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। इस मामले में पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में 11 करोड़ 88 लाख रुपये जमा थे, जिसे ईडी जब्त कर चुकी है।

इडी कोर्ट में प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

रांची। 1000 करोड़ रुपये के मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद प्रेम प्रकाश की ओर दाखिल डिस्चार्ज अर्जी ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। अर्जी पर 25 फरवरी को सुनवाई पूरी होने के अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। अब प्रेम प्रकाश के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होगी। आरोपी के अधिवक्ता ने निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की थी।

खबर एक नजर में

विधायक ढुल्लू महतो की जमानत याचिका मंजूर

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने विधायक ढुल्लू महतो की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। अब ढुल्लू महतो जेल से बाहर आ सकते हैं। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि ढुल्लू महतो के विरुद्ध धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 132 दर्ज की गई थी। उनके खिलाफ हत्या का प्रयास, रंगदारी मांगने और आर्म्स एक्ट समेत कई आरोप हैं। धनबाद जिला अदालत ने इस केस में ढुल्लू महतो को बेल देने से इंकार कर दिया था।

जेल में ही बीतेगी रामधीर सिंह की होली

रांची। विनोद सिंह हत्याकांड में सजायाफ्ता बाहुबली रामधीर सिंह की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने इस केस की अगली सुनवाई होली के बाद निर्धारित की है। इस समय रामधीर सिंह बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल, होटवार रांची में सजा काट रहे हैं। कतरास बाजार में 1998 में कोयला कारोबारी विनोद सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में जमानत के लिए रामाधीर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। पूर्व मंत्री बच्चा सिंह इस केस में बरी हो चुके हैं।

डीएसपी और जेल अधीक्षक को तीसरा सम्मन

रांची। मंत्री आलमगीर आलम और सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देने के मामले में आरोपी डीएसपी पीके मिश्रा को ईडी ने मंगलवार को तीसरा समन भेजा है। ईडी ने डीएसपी पीके मिश्रा को छह मार्च को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। गौरतलब है कि इससे पहले ईडी ने डीएसपी को छह दिसंबर 2022 को पहला समन भेजा था। जिसमें वे उपस्थित नहीं हुए। जिसके बाद ईडी ने दूसरा समन 13 दिसंबर 2022 को भेजकर डीएसपी पीके मिश्रा को 15 दिसंबर 2022 को ईडी ऑफिस में पेश होने को कहा था लेकिन पीके मिश्रा ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। वहीं दूसरी ओर ईडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर को भी समन भेजा है और 7 मार्च को उपस्थित होने को कहा है।

प्रेम प्रकाश को संपूर्ण दस्तावेज देने का आदेश

रांची। मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद कारोबारी प्रेम प्रकाश की ओर से संपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने प्रार्थी के आग्रह को स्वीकार करते हुए ईडी को मामले से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज प्रार्थी को देने का निर्देश दिया। साथ ही कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। पूर्व में दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका में कहा गया था कि ईडी ने जो पुलिस पेपर उपलब्ध कराए हैं वह अपूर्ण हैं, इसलिए उसे संपूर्ण पुलिस पेपर उपलब्ध कराया जाए।

चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की रिमांड अवधि बढ़ी

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को 5 दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रिमांड के बाद मंगलवार को ईडी कोर्ट के न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में पेश किया गया। ईडी की ओर से आवेदन देकर फिर से वीरेंद्र राम को पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने का आग्रह किया गया। ईडी को वीरेंद्र राम से पूछताछ के लिए और चार दिनों की रिमांड मिली। 23 फरवरी को ईडी कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर वीरेंद्र राम को ईडी को सौंपा था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था।

भ्रष्टाचार के आरोपी बीरेंद्र राम हुए सस्पेंड : भ्रष्टाचार के आरोपी ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता बीरेंद्र कुमार राम को जल संसाधन विभाग ने निलंबित कर दिया है। 23 फरवरी की तिथि से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया गया है।

राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद

राज्यपाल से पढ़वाया गया झूठ का पुलिंदा : भाजपा विकास कार्यों का आइना है अभिभाषण : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भोजनावकाश के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस दौरान भाजपा ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्यपाल से सदन में झूठ का पुलिंदा पढ़वाया। विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है। हर विभाग में भ्रष्टाचार है। उन्होंने राज्य सरकार से पूछा कि इंजीनियर वीरेंद्र राम कौन है, जिसे दो मंत्रियों का संरक्षण प्राप्त है। आखिर भ्रष्ट पूजा सिंघल, वीरेंद्र राम, प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, विभूति नारायण, पंकज मिश्रा को किसका संरक्षण है। सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है।

वहीं, झामुमो के डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार के विकास कार्यों का आइना है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की विषम परिस्थिति के बाद भी सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी से नहीं उतरने दिया। हर क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं। कांग्रेस के प्रदीप यादव ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की सोच का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में सिर्फ गलत बातों को राज्यपाल से कहवाया जाता था। हमारी सरकार में गरीबों के लिए काम होता है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा गलतफहमी नहीं पाले कि हर घर, नल-जल योजना सिर्फ केंद्र सरकार की है। वे राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार का पक्ष रख रहे थे। इस पर भानू प्रताप शाही ने कहा कि यह योजना केंद्र की है। यह सुनते ही मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि गलतफहमी में न रहे कि यह केंद्र की योजना है। राज्य सरकार की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय ने कहा कि भाजपा सीबीआई, ईडी जांच के नाम पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है।

वहीं प्रथम पाली में सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। अल्पसूचित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, तारांकित व शून्य काल बढ़िया से संचालित हुआ। उन्होंने सदस्यों से जनहित में चर्चा का आह्वान किया लेकिन, अलग-अलग जवाब पर विपक्ष असंतुष्ट दिखे। भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सरकार का उत्तर भ्रामक है। झामुमो के डॉ सरफराज ने उत्तर को खारिज कर दिया।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चतरा

अत्यावश्यक सूचना

एतद द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक–24.02.2023 को समीक्षात्मक बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत आवंटित पुल निर्माण कार्य से संबंधित निम्नलिखित संवेदको को सूचित किया जाता है कि उनके सामने आवंटित पुल निर्माण कार्यो को एकरारनामा के अनुसार निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं किया गया है। इस संबंध में बार–बार मौखिक एवं लिखित सूचना दिये जाने के बावजूद भी आपलोगों के द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है और न ही पूर्ण करने की दिशा में कोई ठोस पहल की जा रही है। उक्त परिस्थिति में इस सूचना के माध्यम से आपके द्वारा किये गये पुल निर्माण कार्य का अंतिम मापी संबंधित कनीय अभियंता के द्वारा ले ली जायेगी, ताकि अवशेष कार्य पूर्ण करने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। मापी के समय आपको या आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को उपस्थित रहना अनिवार्य है। उपस्थित नहीं रहने पर भी अंतिम मापी ले ली जायेगी, जो आपको मान्य होगी। तत्पश्चात् एकरारनामा के अनुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

क्र सं.	पैकेज सं.	कार्य का नाम	संवेदक का नाम	अंतिम मापी की तिथि	अंतिम मापी लेने वाले पदा. का नाम	समय
1.	JH-WB-CHA-BR-003A (JH02JB003A)	सिद्धकी मोड से घोरीघाट पथ में पुल निर्माण का कार्य।	मेसर्स सहाय कन्स्ट्रक्शन, अव्वल मुहल्ला, कोर्ट मोड़, जिला–चतरा।	11.03.2023	श्री नरेश प्रसाद सिंह, कनीय अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, हण्टरगंज तथा श्री वीर बहादुर वेंकट सिंह, सहायक अभियन्ता (PMGSY), ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।	11.00 बजे पूर्वाह्न
2.	JH-02-TKE-B-5	L029 से भुईया टोला पथ के Local Nala at Ch-2.70 कि.मी. पर पुल निर्माण का कार्य।	मेसर्स काली कन्स्ट्रक्शन, काली मंदिर के नजदीक, जोरी, जिला–चतरा।	13.03.2023	श्री ओम प्रकाश गुप्ता, कनीय अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, चतरा तथा श्री वीर बहादुर वेंकट सिंह, सहायक अभियन्ता (PMGSY), ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।	11.00 बजे पूर्वाह्न
3.	JH02TKE 154B	कोराम्बे से मेराल पथ के Ch-4.90 कि.मी. पर पुल निर्माण का कार्य।	मेसर्स माँ संतोषी कन्स्ट्रक्शन, गिद्धौर, जिला–चतरा।	14.03.2023	श्री गिरेन्द्र कुमार शर्मा, कनीय अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, चतरा तथा श्री वीर बहादुर वेंकट सिंह, सहायक अभियन्ता (PMGSY), ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।	11.00 बजे पूर्वाह्न

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 291393 Rural Work Department(22-23)#D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, संख्या–I, सिमडेगा

पत्रांक– 75 सिमडेगा / दिनांक– 28.02.2023

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक :– 55 दिनांक 09.02.2023 द्वारा प्रकाशित e-Tender Reference No.- WRD/WWD NO.-1 SIMDEGA/01/2022-23 एवं PR NO. 289924 (Water Resource) 22-23 (D) में अपरिहार्य कारण वश आंशिक संशोधन किया गया है जिसे निम्न प्रकार पढ़ा जाय :–

1. Time of Bid Submission :- From 14.02.2023 to 10.03.2023 (5:00PM.)
2. Last Date and Time of Submission of Bid cost and EMD :- Date- 11.03.2023, Time- up to 5:00 PM.
3. Date of opening (Technical Bid) :- Date - 13.03.2023, Time 4:00 PM.
4. SBD के Page No. 19 (Terms & Conditions) के क्रमांक 11 – Rate quoted by the tenderer shall be treated as per direction of WRD letter No. 2/PMC/miss/195 /2013- 430 dated- 19.11.2020 with annexure PWD/miss-06-33/2007 (part-1)-2146(s), Ranchi, dated-09.09.2020 and Memo No.- 01/PMC/miss/321/2008-656 Ranchi, dated-22.12.2020 shall be applicable.
5. SBD के Page No. 24 Clause 4.5 A(c)–

SL. NO.	ITEM OF WORK	Minimum Quantity required as per Clause 4.5A(c) of SBD
1	Earthwork	37190.191 M^3
2	Sand Filter (Lining)	16322.13 M^2
3	PCC/RCC	1806.619 M^3
4	Boulder Masonary	196.535 M^3
5	Boulder Pitching	408.72 M^3
6	Turfing	26.185 per $100M^2$

1.SBD के Page No. 37 क्रमांक–5–

SL. NO	ITEM OF WORK	INVOLVE QUANTITY	Minimum Quantity required as per Clause 4.5A(c) of SBD
1	Earthwork	74380.382 M^3	37190.191 M^3
2	Sand Filter (Lining)	32644.26 M^2	16322.13 M^2
3	PCC/RCC	3613.239 M^3	1806.619 M^3
4	Boulder Masonary	393.07 M^3	196.535 M^3
5	Boulder Pitching	817.44 M^3	408.72 M^3
6	Turfing	52.37 per $100M^2$	26.185 per $100M^2$

आमंत्रित ई–निविदा में इस हद तक संशोधित समझा जाय। शेष नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।

ह0 / – कार्यपालक अभियंता जलपथ प्रमण्डल संख्या–1 सिमडेगा

PR 291507 Water Resource(22-23).D

JHARKHAND STATE SPORTS PROMOTION SOCIETY
(A CCL- State Govt. of Jharkhand Joint Initiative)
C/o Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar, Ranchi- 835217
Registration under Society Act No.519
Registration under GST No. 20AACAJC1Z9
OUR MISSION- OLYMPIC GOLD
Contact no.:8987784136

Ref. No. JSSPS/CEO/Civil/e-tender/2022-23/ 368-77 Dated: 20.02.2023

Notice Inviting Tender

NIT No.05 of 22-23

1. Tenders are invited online under single cover system on the website https://jharkhandtenders.gov.in from the eligible bidders having Digital Signature Certificate (DSC) issued from any agency authorized by Controller of Certifying Authority (CCA), Govt. of India and which can be traced up to the chain of trust to the Root Certificate of CCA, for the following work::

Description of work	Location	Estimated Cost of Work (Including GST) (In Rs.)	Earnest Money (In Rs.)	Period of Completion (In Days)
Repair and maintenance of water supply and sanitary fitting works for a period of 24 months at MSC, Hotwar, Ranchi.	MSC, Hotwar, Ranchi	48,78,905.68	61,000.00	730 days

Note: The bid documents will be available on the website(s) **www.centralcoalfields.in/ www.jharkhandcclsports.in** and can be downloaded by the bidder up to the bid submission end date.
(I) **For Site visit of location of work, the prospective bidder(s) may contact Sri Nasir Towheed, Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no: -9771919385.**

Tender inviting authority	Contact Person(s)/Tender Dealing Officer(s)
GM(TA)/Member (Civil)/JSSPS, Mobile no:9431392787	Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no:**9771919385**

2. Time Schedule of Tender:

Sl. No.	Particulars	Date	Time
a.	Tender e-Publication date	28.02.2023	18.00 Hours
b.	Document download start date	01.03.2023	10.00 Hours
c.	Document download end date	13.03.2023	15.00 Hours
d.	Bid Submission start date	01.03.2023	10.00 Hours
e.	Bid submission end date	13.03.2023	15.00 Hours
f.	Start date for seeking Clarification on-line	01.03.2023	10.00 Hours
g.	Last date for seeking Clarification on-line	08.03.2023	17.00 Hours
h.	Date of Pre-bid meeting (if any)	NA	NA
i.	Last date of receipt of EMD through DD / BC at the office of CEO, JSSPS, Ranchi	13.03.2023	15.00 Hours
j.	Bid opening date	14.03.2023	15.00 Hours

Sd on 20.02.2023
GM (TA)/ Member (Civil)
LMC, JSSPS

PR 291457 (Art Culture Sports and Youth Affairs) 22-23 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, ☎06562-240100 (का0)

पत्रांक:–131 / मेदिनीनगर, दिनांक:– 25.02.2023 /

निविदा रद्द संबंधी सूचना

इस कार्यालय का पत्रांक–885, दिनांक–22.10.2022 के द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/MEDININAGAR/F2-16/2022-23 जिसका PR No.-280757 Water Resource (2022-23) D है, निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 291438 (Water Resource)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा

ई–निविदा सूचना सं0–RWD/SD/GARHWA/19/2022-23

CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RWD/SD/GARHWA/19/2022-23, PR 290395 Rural Development (22-23)#D द्वारा प्रकाशित निविदा जो www.jharkhandtenders.gov.in पर Uploaded है, Uploaded SBD के क्रमांक सं0–12, Page-11 Documents Comprising the Bid A. Technical Bid – (Fee/Pre-Qualification/Technical Cover) के क्रम सं0– 4 (a) में आंशिक संशोधन करते हुए वर्णित Registration के अलावे BCD, RCD एवं RWD के Registration भी मान्य होगें ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02 गढ़वा।

PR.NO.291449 Rural Development(22-23):D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (जिला नजारत शाखा)

Email Id :- dist.nazaratgrd@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

नया परिसदन भवन, गिरिडीह के अनुरक्षण मरम्मति एवं सुसज्जीकरण हेतु मुहरबंद निविदा जिला नजारत शाखा, गिरिडीह में दिनांक–01.03.2023 से दिनांक 09.03.2023 के 12:30 बजे अपराह्न / पूर्वाह्न तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा 09.03.2023 को 03.30 बजे अपराह्न में समाहरणालय सभागार, गिरिडीह में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।

विस्तृत कार्य तथा निविदा की शर्त्तों का विवरण सूचना पट्ट एवं आधिकारिक वेबसाईट http://giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला नजारत उप समाहर्त्ता, गिरिडीह। अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह।
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गिरिडीह।

PR.NO.291501 Giridih(22-23):D

सूर्यधाम में श्रीरामकथा के अंतिम दिन भक्तों ने जम कर खेली फूलों की होली

- सुंदरकांड एवं श्रीराम जी के राज्याभिषेक से श्रीराम कथा का हुआ विधिवत विश्राम
- भक्तिमय भजन पर श्रद्धालु जमकर थिरके पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास
- रघुवर दास की देखरेख में 30 हजार से अधिक भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण
- व्यास सुश्री गौरांगी गौरी जी की रामकथा वर्षों तक रहेगी याद : रघुवर दास

फूलों की होली खेलते पूर्व सीएम रघुवर दास। कथा वाचिका सुश्री गौरांगी गौरी पर भक्तों ने बरसाये फूल।

विशेष संवाददाता

जमशेदपुर। सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का मंगलवार को विशाल महाभण्डारा के साथ समापन हुआ। महाप्रसाद वितरण हेतु सूर्यमंदिर परिसर में 40 कांउटर लगाए गए थे। वहीं, 20 काउंटर शीतल पेय के लगाए गए थे। प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुरुष एवं महिलाओं के लिए मंदिर कमेटी ने अलग-अलग स्थानों की व्यवस्था की थी। संध्या 7:30 बजे से लेकर देर रात तक चले भंडारे में करीब 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में पूरी, आलू-मटर और गोभी की सब्जी, पुलाव, टमाटर की चटनी व बूंदिया का महाभोग परोसा गया। इसके साथ ही, भंडारा में सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने महाभण्डारा के सफलतापूर्वक समापन हेतु मंदिर समिति के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के संग निरंतर बैठक कर रूपरेखा बनाई। संध्या से देर रात तक चले भंडारा में रघुवर दास शरूआत से अंत तक डटे रहे और काउंटर पर जाकर स्थिति की जानकारी लेते रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से चल रहे धार्मिक अनुष्ठान की कड़ी में महाभण्डारा सबसे बड़ी जिम्मेदारी रही। जिसे जमशेदपुर की जनता के सहयोग व प्रभु श्रीराम जी के कृपा से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उन्होंने जमशेदपुर की राम भक्त जनता, महिलाएं पुरुष, युवाओं के प्रति आभार जताया, जिनके सहयोग से यह समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कलश यात्रा से लेकर नगर भ्रमण व विशाल भंडार में जिस उत्साह से जमशेदपुर के भक्तों ने भाग लिया, उसका शब्दों में वर्णन करना कम ही होगा। जमशेदपुर की जनता समेत सभी भक्तों के सहयोग व भक्तिभाव ने सूर्यमंदिरधाम को आज आस्था का केंद्र बिंदु बना दिया है। सूर्य मंदिर समिति यूं ही सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती रहेगी। दास ने अनुष्ठान में लगे भाजपा कार्यकर्ताओं समेत मंदिर कमिटी के पदाधिकारी के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि लगन, निष्ठा एवं समर्पण भाव से किए गए कार्यों के परिणाम भी सुखद होते हैं। दास ने कहा कि भारत एक धर्म परायण देश है। यही कारण है कि राम कथा हमें प्राचीन काल से आंदोलित और प्रल्लिवत करते रहे हैं। श्रीराम मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ पर व्यास पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी के कथा को जीवन पर्यंत नहीं भूल सकते हैं। अपने मुखारविंद से नाम महिमा. कथा महिमा, शिव सती प्रसंग, शिव-पार्वती विवाह, राम जन्मोत्सव, बाल लीला, अहिल्या उद्धार, सीता राम विवाहोत्सव, राम वनवास, केवट प्रसंग, भरत मिलाप, सबरी प्रसंग से लेकर सुंदरकांड और श्री राम के राज्याभिषेक उत्सव तक की जो विद्वतापूर्वक प्रस्तुति की वह अद्वितीय और अद्भुत है। सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने जमशेदपुर की जनता के सहयोग और आशीर्वाद के लिए सभी श्रद्धालुओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा में आप सभी भक्तों की आपार समूह ने इस आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर समिति आप सभी के सहयोग से संस्कृति संरक्षण और विश्व कल्याण की दिशा में निरंतर ऐसे आयोजन करती रहेगी। विशाल भंडारा में महाप्रसाद ग्रहण करने को लेकर भी श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। विशाल भंडारा में समरसता की झलक देखने को मिली। इससे पहले, संगीतमय श्रीराम कथा के अंतिम दिन श्री अयोध्याधाम से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने श्रीराम कथा में बताया कि सुंदरकांड के प्रारम्भ में ही श्री हनुमान जी के दिव्य विराट स्वरूप का दर्शन होता है जो राम कार्य के लिए हनुमान जी ने धारण किया। श्री हनुमान जी का सम्पूर्ण जीवन रामकार्यों के लिए ही समर्पित है इसलिए कलयुग में भी श्री हनुमान जी की महिमा सर्वाधिक वंदनीय है। सुरसा सिंह का और लंकिनी रूपी विधनों को पार करते हुए हनुमान जी लंका में पहुंचे वहां विभीषण से मिलकर श्री जानकी जी का पता लेकर श्री हनुमान जी अशोक वाटिका में आये और माता सीता का दर्शन किया। यहां संकेत है कि यदि भाव सच्चा हो तो सुदूर विघ्नों के बीच जाकर भी जीव भक्ति देवी की कृपा प्राप्त कर सकता है। जानकी जी को भगवान का संदेश देकर एवं लंका को जलाकर हनुमान जी भगवान के पास वापस आये। तत्पश्चात भगवान सेना सहित लंका में पहुंचे जहां राम-रावण युद्ध प्रारम्भ हुआ जो धर्म-अधर्म, सत्य-असत्य का युद्ध है। भगवान को विजय श्री प्राप्त हुई क्योंकि यह सनातन सिद्धान्त है कि विजय हमेशा सत्य की ही होती है। रावण वध के पश्चात भगवान लौटकर अयोध्या में आए। जहां भगवान का राजतिलक किया गया।

राम राज्य दोषों, दुगुर्णों, दुःख ददों आदि को मिटाकर सुखी एवं समृद्ध जीवन की आशा से परिपूर्ण है। समस्त भक्तजनों ने रामराज्य तिलक में भाव से सम्मिलित होकर सुखी एवं समृद्ध होकर राष्ट्र की कामना करते हुए एक दूसरे को बधाई दी। श्री राम राजतिलक के साथ ही श्रीरामकथा ने विश्राम प्राप्त किया। पूरे कथा में श्रद्धालुओं ने भक्तिमय संगीत में जमकर आनंद लिया और जमकर झूमे। कथा के दौरान मंच संचालन मंदिर समिति के वरीय सदस्य कमलेश सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सूर्यधाम के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने किया।

स्पीड न्यूज

अरुण गुप्ता बने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष

जमशेदपुर। सोनारी वेस्ट ले आउट निवासी अरुण गुप्ता झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष चुने गए। वे आगामी दो दिवसीय 18-19 मार्च को धनबाद में आयोजित होने वाले झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अधिवेशन में सत्र 2023-2025 के लिए पदभार ग्रहण करेंगें। अरुण गुप्ता वर्तमान में प्रांतीय महामंत्री हैं। अरूण के निर्विरोध मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जमशेदपुर, रांची समेत पूरे प्रदेश से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल और स्टील सिटी सुरभि शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी तथा मायुमं टाटानगर अचीवर्स शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने व्यक्तिगत रूप से उनके कार्यो व कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। जमशेदपुर के अशोक भालोटिया, उमेश साह, अशोक मोदी, मनीषा संघी, कविता अग्रवाल आदि ने भी बधाई दी है। अरुण गुप्ता ने कहा है कि वे मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन व अपने युवा साथियों के सहयोग के साथ मंच के सेवा व सांगठनिक कार्यों को नई दिशा देने का प्रयास करेंगे। मालूम हो कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष पद हेतु 15 फरवरी 2023 तक नामांकन करना था।

जिला परिषद पिंकी लायेक ने रखी दो योजना की आधारशिला

चांडिल। मंगलवार को चांडिल के जिला परिषद पिंकी लायेक ने मामुलिया पंचायत क्षेत्र में करीब आठ लाख की लागत से बनने वाले दो विकास योजनाओं का आधारशिला रखी। इसमें मामुलिया के सरकारी तालाब में चेंजिंग रूम के साथ स्नान घाट एवं 257 फिट पीसीसी सड़क शामिल है। पिंकी लायेक ने संवेदक को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने को कहा। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य ओम प्रकाश लायेक, मिलन तंतुबाई, हेमेंद्र महतो, सावित्री महतो, लक्ष्मी रानी महतो, देबजीत गोराई, कामदेव महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

माताजी आश्रम हाता में अष्टम प्रहर हरि नाम संकीर्तन प्रारंभ

पोटका। राम कृष्ण महोत्सव के तीसरे दिन माताजी आश्रम हाता में अष्टम प्रहर हरि नाम संकीर्तन मंगलवार को शुरू किया गया। सर्वप्रथम विधि विधान के साथ राधे कृष्ण के पूजा अर्चना के बाद हरि नाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ। जूरी पंचायत के मुखिया सुखलाल सरदार इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भगवत भजन से मन को शांति मिलती है। मौके पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, आश्रम के संचालक सुनील दे, सुधांशु शेखर मिश्र, मधुसूदन भट्टाचार्य, राजकुमार साहू, तपन मंडल, वीरेंद्र सिंह, निवारण मोदी, तरुण दे, नीलकमल पाल, कृष्णकांत मंडल, बेबी मंडल, ब्लू मंडल, झरना मंडल, सहदेव मंडल, कमल कांति घोष, बलराम गोप, विश्वामित्र खंडायित, कृष्णा गोप, महेश बियानी आदि उपस्थित थे।

प्रेमिका की हत्या के मामले में एएसआइ धर्मेंद्र को उम्रकैद

मोबाइल चैट और बहन की गवाही सजा दिलाने में बनी मददगार

खबर मन्त्र ब्यूरो

एएसआइ धर्मेंद्र सिंह (फाइल फोटो)। मृतका वर्षा पटेल (फाइल फोटो)

जमशेदपुर। टेल्को थाना क्षेत्र के चर्चित वर्षा पटेल हत्याकांड में मंगलवार को जमशेदपुर कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सह जिला जज अनिल कुमार मिश्रा की अदालत में अपना फैसला सुनाया।

अदालत ने पटेल की हत्या में दोषी करार दिए गए झारखंड पुलिस के असिस्टेंट पुलिस सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को बताया कि यह विश्वास की हत्या थी। पुलिस के अधिकारी जिसको लोगों को सुरक्षा देना है, उसने ही हत्या की है इस कारण एएसआई धर्मेन्द्र को मौत की सजा दी जानी चाहिए। यद्यपि इस दौरान बचाव पक्ष ने कम से कम सजा देने की दलील दी थी। दोनों पक्षों की दलील को सुनने के पश्चात कोर्ट ने हत्याकांड में दोषी ठहराए गए असिस्टेंट पुलिस सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार को उम्र कैद की सजा सुना दी।

बता दें 23 फरवरी को कोर्ट ने इस मामले में एएसआई धर्मेन्द्र को दोषी करार दिया था और 28 फरवरी को सजा सुनाए जाने की तिथि निर्धारित की थी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 9 लोगों की गवाही कराई गई थी। मोबाइल फोन पर की गई बातचीत से लेकर वर्षा पटेल की बहन जया ने भी इस हत्याकांड में अभियुक्त को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परिस्थितिजन्य सबूतों की बदौलत धर्मेन्द्र को आजीवन सजा सुनाने में अभियोजन पक्ष को कामयाबी मिली है। बता दें पटेल एक ब्यूटी पार्लर संचालिका थी और 12 नवंबर से ही लापता थी। उस दिन उसकी बहन घर पर आई थी तब वहां के लोगों ने कहा था कि वर्षा 12 नवंबर को धर्मेंद्र की बाइक पर सवार होकर कहीं गई है अब से नहीं लौटी है 14 नवंबर को भी वर्षा जब घर नहीं लौटी तब उसकी बहन ने धर्मेंद्र को फोन किया धर्मेंद्र ने उसे कहा कि वह जहां भी होगी आ जाएगी। एक सप्ताह बाद 18 नवंबर टेल्को थाना क्षेत्र के तालाब से बोरे में बंद महिला का एक शव बरामद हुआ था। शव से दुर्गंध आ रही थी और वर्षा की बहन जया ने शव की पहचान अपनी बहन के रूप में की थी । शव एक नीला रंग के प्लास्टिक के बोरा में लपेटा हुआ था। गले में सोने की चेन थी और पीले रंग का सूट पहने थी। पुलिस को वर्षा पटेल की बहन जया ने कहा था कि मेरी बहन की हत्या एएसआई धर्मेंद्र सिंह ने की है और साक्ष्य छुपाने की नियत से शव को तालाब में फेंक दिया था। बेटी के हत्यारे को सजा दिए जाने से व्हाट्सएप पटेल की मां लक्ष्मी पटेल संतुष्टि व्यक्त की है।

लक्ष्मी पटेल ने कहा है कि मैं और मेरा पूरा परिवार न्यायालय के फैसले से खुश हैं मुझे प्रारंभ से ही न्यायालय पर भरोसा था। मेरी बेटी वापस तो नहीं आ सकती लेकिन ऐसा करने वाले आरोपी को हमने संघर्ष कर सजा दिलाई है और धर्मेन्द्र को उसके किए का फल मिला है। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि जीवन में किसी भी मां को यह दिन देखना पड़े।

कोरोना वारियर पार्क का मुआयना करने पहुंचे टीवी नरेंद्रन

देश का पहला कोविड वारियर्स पार्क जमशेदपुर में बन कर तैयार है। इस पार्क का औचक मुआयना करने मंगलवार की दोपहर ढाई बजे टाटा स्टील के सीइओ एंड मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेंद्रन पहुंचे। उनके साथ वीपी चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा, टाटा स्टील के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर अरविंद सिन्हा, कैप्टन धनंजय मिश्रा समेत अन्य वरीय पदाधिकारी थे। पार्क का टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन 2 मार्च को नगरवासियों को समर्पित कर सकते हैं।

प्रदीप हत्याकांड का खुलासा, महिला समेत छह गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

गिरफ्तार आरोपियों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते एसएसपी प्रभात कुमार।

जमशेदपुर। स्वर्णरेखा श्मशान घाट, भुइयांडीह के निकट विगत 13 फरवरी को हुई प्रदीप सिंह हत्याकांड के मामले में जमशेदपुर पुलिस ने एक महिला समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने तीन देसी कट्टा, मैगजीन सहित 7.65 एमएम की एक पिस्टल, 12 जिंदा गोलियां, एक खोखा, एक बुलेट सहित तीन दो पहिया वाहन एवं तीन मोबाइल फोन भी जप्त किए गए हैं। बता दें कि गत 13 फरवरी को सीतारामडेरा थाना अंतर्गत स्वर्णरेखा बर्निंग घाट के पास प्रदीप सिंह नामक एक अपराध कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले का खुलासा करते हुए सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने पत्रकारों को बताया कि हत्याकांड का खुलासा करने के लिए सिटी एसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी जिस मामले में मुख्य आरोपी राहुल कुमार सिंह उर्फ मुन्ना एवं एक महिला सहित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में राहुल सिंह उर्फ मुन्ना के अलावा विलियम कुमार कर, रवि यादव उर्फ लाड़ला बाबू, बबीता सिंह, राहुल कुमार शर्मा एवं अभिषेक कुमार शामिल है। एसएसपी के अनुसार राहुल सिंह ने अपने पुराने विवाद को लेकर अपने साथियों के सहयोग से प्रदीप सिंह की हत्या कर दी। गिरफ्तार महिला बबीता सिंह के माध्यम से ही प्रदीप को हत्या वाले स्थान पर बुलवाया गया था। बबीता को पहले से ही उसकी सारी प्लानिंग मालूम थी।

विधायक संजीव के पहल पर 12 को मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन

पोटका। पोटका के विधायक संजीव सरदार के पहल पर वीर शहीद गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट तथा गंगा मेमोरियल हॉस्पिटल के संयुक्त सौजन्य से एक दिवसीय मेगा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन पोटका के जिला पंचायत भवन में आगामी 12 मार्च को किया जाएगा। यह शिविर गंगा मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रमुख सर्जन डॉ नागेंद्र सिंह के देखरेख में होगा। शिविर का उद्घाटन विधायक संजीव सरदार के द्वारा किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने प्रेस को बताया कि शिविर में 2000 मरीज के निशुल्क चिकित्सा के साथ-साथ दवा देने का भी लक्ष्य रखा गया है। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान श्याम चरण सरदार मनोरंजन सरदार लाल सरदार विश्वनाथ सोरेन अरविंदु गोप आशीष सरदार आदि उपस्थित थे।

एनएचएआइ के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कर्नल अजय कपूर को सांसद ने दी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सांसद विद्युत वरण महतो ने मंगलवार को एनएचएआई के स्थानीय प्रोजेक्ट डायरेक्टर कर्नल ए एस कपूर के सेवानिवृत्त होने पर अपने सांसद कार्यालय में आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया। सांसद महतो ने उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान कर एवं शॉल ओड़ाकर सम्मानित किया एवं उनके सुखमय एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर सांसद महतो ने कहा की कपूर के कुशल प्रशासकीय क्षमता एवं लक्ष्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होने का ही परिणाम है कि आज पारडीह काली मंदिर से लेकर माहुलीशोल तक एनएच का सफल निर्माण संभव हो पाया है। सांसद महतो ने कहा कि खासकर मानगो क्षेत्र में एनएच का कार्य करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था लेकिन कपूर ने पूरे लग्न एवं मेहनत के साथ इस कार्य को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि यह कर्नल कपूर का ही देन है कि आने वाले समय में शहर वासियों को एक भव्य एलिवेटेड कॉरिडोर मिलने वाला है।

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन

जमशेदपुर। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी द्वारा बिष्टुपुर कैंपस में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) अंजिला गुप्ता ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी के निरीक्षण के दौरान छात्राओं को प्रेरणा देते हुए उन्होंने कई वर्किंग मॉडल को नए वैज्ञानिक सोच पर आधारित बताया। उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं की रचनात्मकता पर कई सारे प्रश्न पूछे जिनका उत्तर देते हुए छात्राएं उत्साहित नजर आईं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों, विशेषकर विज्ञान और तकनीक से जुड़ी छात्राओं ने हिस्सा लिया। अधिकांश प्रतिभागी छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित वर्किंग मॉडल को प्रदर्शित करते हुए उसकी व्याख्या अतिथियों के समक्ष की।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से वर्ष 2022-23 में 1580 लोग हुए लाभान्वित

पूर्वी सिंहभूम जिले में 53 लाख रुपये से ज्यादा की राशि का हुआ भुगतान : विजया जाधव

खबर मन्त्र ब्यूरो

डीसी विजया जाधव।

जमशेदपुर। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1580 लोगों को लाभ दिया गया है । इस योजना के माध्यम से एसटी, एससी, ओबीसी के योग्य लाभुकों को उनकी बीमारियों की वजह से आजीविका में होने वाली क्षतिपूर्ति अथवा बीमारी की अवधि या इलाज के बाद पौष्टिक आहार की पूर्ति के लिए राज्य सरकार की ओर से सहायता राशि देने का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र की एक-एक फोटोकॉपी एवं बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र के साथ बीडीओ कार्यालय, जिला कल्याण कार्यालय या आईटीडीए कार्यालय में आवेदन करते हैं जिसका जिला स्तरीय समिति जांचोपरांत राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान करती है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 873 ओबीसी, 139 एससी तथा 568 एसटी लाभुकों को मिला लाभ

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत सबसे ज्यादा लाभुक इस जिले में बहरागोड़ा प्रखंड से हैं। डीडब्लूओ राजेश पांडेय ने बताया कि बहरागोड़ा में 910 लाभुक, घाटशिला 244, गुड़ाबांदा 93, चाकुलिया 111, धालभूमगढ़ 77, पटमदा 45, जमशेदपुर 34, मुसाबनी 31, पोटका 32, डुमरिया 2 तथा बोड़ाम प्रखंड के 1 शामिल हैं जिन्हें कुल 53 लाख 61 हजार 500 रू. का भुगतान किया जा चुका है। उपायुक्त के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित किए गए विशेष शिविरों तथा 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया जिससे लाभुकों की संख्या में अपेक्षित बढ़ोत्तरी हुई है।

समिति में डीसी-अध्यक्ष, परियोजना निदेशक आईटीडीए/जिला कल्याण पदाधिकारी-सदस्य सचिव, सिविल सर्जन- सदस्य तथा माननीय विधायकगण के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल हैं। डीसी श्रीमती विजया जाधव ने बताया कि इस योजना के तहत अव्यस्क लाभुकों को किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा में 7 दिनों से कम समय तक इलाजरत होने पर 1500 रू., 7 दिनों से अधिक इलाजरत होने पर 2500 रू., कोविड 19 का इलाज घर में हुआ तो 2500 रू तथा अस्पताल में होने पर 5000 रू देने का प्रावधान है। कैंसर पीड़ित के लिए 15 हजार रू. है।

वहीं व्यस्क लाभुकों की बात करें तो किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा में 7 दिनों से कम समय तक इलाजरत रहने पर 3000 रू. और यदि 7 दिनों से अधिक इलाजरत हैं तो 5000 रू., दिया जाता है। कोविड 19 का इलाज घर में हुआ तो 5000 रू तथा अस्पताल में होने पर 10,000 रू देने का प्रावधान है। यदि कोई कैंसर की बीमारी से पीड़ित हैं तो उनके लिए सहायता राशि 25,000 रू. है।

खबर एक नजर में

मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा 8 को मनायेगा होली

जमशेदपुर। मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा की एक बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों और सत्नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी मंदिर के पंडितों के साथ मिलकर रंगो की होली (छारंडी) 8 मार्च बुधवार को खेलने तथा होलिका दहन 7 मार्च मंगलवार की सुबह 4.30 बजे करने का निर्णय लिया गया। बैठक साकची स्थित माता महालक्ष्मी दादी मंदिर में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश कुमार कांवटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्ष सुरेश ने बताया कि डांडा रोपण 6 मार्च सोमवार सुबह बजे होगा। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 8 मार्च बुधवार की संध्या 6.30 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी छुट्टी और स्कूलों की छुट्टी को देखते हुए साकची शाखा मारवाड़ी समाज के सभी बंधुओं से आग्रह करती है कि रंगो की होली (छारंडी) 8 मार्च बुधवार को खेली जाए। जिससे छुट्टी के कारण त्यौहार मनाने में सभी को सुविधा हो और समाज की एकजुटता दिखे। ज्यादातर जगह 8 मार्च को ही होली हो रही है। बैठक में प्रमुख रूप से रामकृष्ण चौधरी (बीजू बाबू), ओम प्रकाश रिंगसिया, पंडित पुरुषोतम जोशी, पंडित दीपक जोशी, पंडित बसंत जोशी, संतोष अग्रवाल, अशोक चौधरी, बजरंग अग्रवाल, शंभू खन्ना, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी), पवन सिंघानिया, महावीर प्रसाद मोदी, सीताराम देबुका, सांवरमल अग्रवाल, सुशील सिंघानिया आदि उपस्थित थे।

ह्यूमन वेलफेयर ने किया भोजन का वितरण

जमशेदपुर। मंगलवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा एमजीएम अस्पताल में रह रहे मरीज के अभिभावक,अटेंडर एवं 460 जरूरतमंद लोगों के बीच मुख्य अतिथि के तौर पर मतीन तारिक एवं अब्दुल हफीज के हाथों सेब केला एवं ब्रेड का वितरण किया गया। मतीन तारिक ने बताया के पिछले एक वर्ष से लगातार भोजन वितरण किया जा रहा है जो काफी सराहनीय है और एक मिसाल और पुण्य का काम है मैं भी संस्था के साथ मिल कर सेवा करूंगा। वितरण समारोह में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर अजीज हसनैन,अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, मोइनुद्दीन अंसारी, शाहिद परवेज, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद एजाज और अफताब आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे आए हुए अतिथियों ने खुद को इस वितरण समारोह का पात्र बना कर गर्वमणित महसूस किया और इसके लिए ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की पूरी टीम का धन्यवाद किया।

माकपा ने आम बजट की कमियों को नुक्कड़ सभा में उजागर किया

जमशेदपुर। मंगलवार को बिरसा चौक, साकची में आयोजित नुक्कड़ सभा के माध्यम से, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (माकपा) द्वारा प्रस्तावित केंद्रीय बजट 2023 के खिलाफ, देशव्यापी विरोध सप्ताह कार्यक्रम का समापन किया गया। 22 फरवरी से पिछले सात दिनों के दौरान पूरे पूर्वी सिंहभूम जिले में संबंधित कमेटियों द्वारा कई ब्लॉक स्तरीय विरोध कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज की नुक्कड़सभा में वक्ताओं द्वारा, केंद्रीय बजट-2023 को बड़ी पूंजी को तुष्ट करने वाला तथा आमजनता विरोधी करार देते हुए, मेहनतकश एवं प्रगतिशील देशप्रेमी जनता से, रोजगार सृजन में गैर प्रतिबद्ध तथा जन कल्याणकारी योजना एवं सब्सिडी में भारी कटौती करने वाले जन विरोधी बजट प्रस्ताव के खिलाफ विरोध तेज करने की अपील किया गया। माकपा के जिला सचिव कॉ0 जेपी सिंह ने बताया कि, प्रस्तावित केंद्रीय बजट 2023, दरअसल आम जनता के खिलाफ एक शैतानी साजिश मात्र है, मिसाल के लिए, वर्तमान वित्तीय वर्ष में खाद्य, उर्वरक और ईंधन पर सब्सिडी के तहत जो खर्च अनुमानित हैं, उससे प्रस्तावित बजट 2023-24 में 1.47 लाख करोड़ रुपए की भारी कटौती की गई है। इसलिए अगले वित्तीय वर्ष के दौरान अनाज, उर्वरक और एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि अपरिहार्य हैं। बेरोजगारों को थोड़ी बहुत राहत देने वाली मनरेगा के लिए आवंटन में 33 फीसदी की कटौती कर दी गई है। इसके अलावा ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, बाल विकास कार्यक्रम, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय शिक्षा मिशन जैसी कई कल्याणकारी योजना में कटौती की गई है। अधिकतम संख्या में रोजगार सृजित करने वाले सूक्ष्म उद्योगों के लिए कोई समर्पित प्रोत्साहन या सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं। नुक्कड़ सभा को कामरेड नागराजू समेत कई कॉमरेडों ने संबोधित किया।

घाटशिला सर्कस मैदान में डिजनीलैंड मेला आज से

जमशेदपुर। हिन्दुस्तान का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड पहली बार घाटशिला सर्कस मैदान में 1 मार्च 2023 से प्रारंभ होने जा रहा है। फन वर्ल्ड डिजनीलैंड का उद्घाटन 01 मार्च 2023 को संध्या 6:15 बजे माननीय सांसद विद्युत वरण महतो, घाटशिला के विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत, घाटशिला के पार्षद करण सिंह, गोपालपुर पंचायत के मुखिया सांकी हांसदा द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। घाटशिला एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों के लिए फन वर्ल्ड डिजनीलैंड जैसा बड़ा आयोजन पहली बार हो रहा है। उक्त जानकारी देते हुए फन वर्ल्ड के संयोजक चन्द्रशेखर पर्वत एवं शत्रुघन गिरि ने बताया कि इस फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) में मिनी भारत की एक झलक दिखेगी। जहां हिन्दुस्तान के हर प्रांत के परिधान एवं हेन्डी क्राफ्ट के समान उपलब्ध रहेंगे। स्टाईल ऑफ मन, ब्रेक डान्स, ड्रेगन ट्रेन, टोरा-टोरा द्वारा लोगों का भरपूर मनोरंजन करने का प्रयास किया जायेगा। फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानें होंगे। इस फन वर्ल्ड में घुमने तथा खरीदारी करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को जायकेदार नास्ते एवं भोजन का रेस्टोरेन्ट भी फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) परिसर में उपलब्ध रहेगा। कहने का तातपर्य यह है कि इस फन वर्ल्ड में आकर छुट्टी का भरपूर आनन्द उठाया जा सकता है।

स्पीड न्यूज

सेवानिवृत प्रधान सहायक को दी गयी विदाई

मेदिनीनगर। पलामू के जिला नीलाम कार्यालय के प्रधान सहायक रेमेजियुस एक्का 28 फरवरी 2023 को सेवानिवृत्ति हो गये। उनके सेवानिवृत्ति पर समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त अंजनेयुलू दोड्डे ने उनके सुख में जीवन एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति नियुक्ति सामान्य प्रक्रिया है। इन्होंने बेदाग छवि के साथ विभिन्न सरकारी कार्यालयों में रहते हुए बेहतर कार्य किया। उपायुक्त ने कहा कि एक्का ने अपने जीवन के 31 वर्ष सरकारी सेवा में दिये। इसी तरह अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, नीलाम पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर, समेत अन्य ने विदाई समारोह में अपनी बातें रखीं। मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी, डीटीओ अनवर हुसैन समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिक्षक अभिषेक लिखित प्रथम प्रायोगिक भौतिकी पुस्तक का विमोचन

सतबरवा पलामू। राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा लिखित प्रथम प्रायोगिक भौतिकी पुस्तक का विमोचन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ रमेश चंचल, गिरवर उच्च विद्यालय मेदिनीनगर के पूर्व प्राचार्य चंद्रमणि चौबे, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी, बीपीओ डॉ मनोज तिवारी, जिप सदस्य सुधा कुमारी, गिरवर इंटर कॉलेज के प्राचार्य नीरज द्विवेदी तथा सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर डॉ. चंचल ने कहा कि यह पुस्तक विज्ञान पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए काफी कारगर साबित होगी। वहीं हरेंद्र तिवारी ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है। वर्तमान समय में कई लेखकों के द्वारा पुस्तक लिखी गई है। यह कार्य काफी काबिले तारीफ है। वहीं नीरज द्विवेदी ने कहा कि पुस्तक लिखना एक-दो दिन का काम नहीं, मेहनत और त्याग से ही पुस्तक लिखी जा सकती है। वहीं शिक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि काफी मेहनत और त्याग के बाद इस पुस्तक को लिखा हूं। आगे भी निरंतर प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रामरक्षा प्रसाद, शिक्षक मृत्युंजय पाठक, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, गोविंद प्रसाद, अनुज ठाकुर, दिनेश शुक्ला, वीरेंद्र साहू, श्वेता मिश्रा, अभिषेक रजक, मो जिलानी समेत कई लोग उपस्थित थे।

सोनपुरवा में जिप के प्रयास से ट्रांसफार्मर लगा

हुसैनाबाद पलामू। प्रखण्ड के उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने ग्रामीणों के मांग पर अपने क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा बीघा पर 100 केवीए का बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगवाया। जिससे ग्रामीणों में हर्ष हैं। इस सबन्ध में मेहता ने बताया कि मुझे जिस आशा और विश्वास से जनता ने चुना हैं उसी संसाधन में बेहतर करने का प्रयास करता हूं। हर्ष व्यक्त करने वाले ग्रामीणों में मुख्य रूप से श्यामकिशोर चौधरी, संदीप चौधरी, मुन्ना चौधरी, रामसुंदर चौधरी, रामाशीष चौधरी, जितेंद्र चौधरी आदि लोग थे।

परशुराम सेना युवा वाहिनी ने दी शहीद चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि

मेदिनीनगर। चंद्रशेखर आजाद की शहादत समारोह के मौके पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चंद्रशेखर आजाद चौक (रेड़मा) पर सोमवार की देर शाम को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के महानगर कमेटी के अध्यक्ष सीपी शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम आजाद की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलीदान पर चर्चा किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन तिवारी, अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी),पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज,किशोर पांडेय, रवि शर्मा, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,जिला प्रभारी मनीष तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक विकेश शुक्ला, अजय शुक्ला, राकेश पांडेय,जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी, सोशल मिडिया प्रभारी विशाल दूबे, कुणाल शांति प्रिय, मनोज तिवारी व चंदन तिवारी सहित कई सदस्य शामिल थे।

वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्कूल में चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

सतबरवा पलामू। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने पोलपोल स्थित महात्मा गांधी स्कूल, राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल के विद्यार्थियों को संयुक्त रूप से' सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर संस्था के सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि पलामू जिले में लगातार तेजी से बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं अब सभी को डराने लगी हैं, आंकड़े भयावह होते जा रहे हैं। ऐसे में हर व्यक्ति को इसके प्रति जागरूक होने की जरूरत है। इस अवसर पर उपस्थित सतबरवा थाना प्रभारी अमित सोनी ने सड़क सुरक्षा हेतु अपनाए जाने वाले तथ्यों को साझा किया। इस कार्यक्रम का संचालन बुनियादी विद्यालय पोलपोल के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार शुक्ल ने किया। शुक्ला ने बच्चों को सड़क सुरक्षा पर प्रतियोगिता आयोजन किये जाने एवं उनमें दस सर्व श्रेष्ठ प्रतियोगी को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की। मौके पर किंडा तिर्की प्राचार्या महात्मागांधी उच्च विद्यालय सरजा, पोलपोल, राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार शुक्ल, समाजसेवी पंकज लोचन, सतबरवा थाना प्रभारी अमित सोनी, रिनू शर्मा, शिक्षक प्रेमचन्द कुमार समेत राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल एवं महात्मा गांधी उच्च विद्यालय सरजा के सैकड़ों विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

कांग्रेस ने किया पदयात्रा का आयोजन, डीसी को सौंपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत उपायुक्त को पलामू की समस्या से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने कांग्रेस मैदान से पदयात्रा करते हुए शहर के प्रमुख मार्गो होते हुए लोगों को राहुल गांधी जी के संदेशों को बताया गया। पदयात्रा करते हुए सभी कांग्रेस जनों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर पलामू उपायुक्त को पलामू की समस्या से अवगत कराकर मांग पत्र सौंपा। मौके पर प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, भिखारी राम, तालकेश्वर, सुरेश पाठक, सत्येंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, बागेश्वर पांडे,राजेश चौरसिया, नफीस खान, रिजवान, शेरखान, राजेंद्र अग्रवाल, जितेंद्र कमलापुरी, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, अजय साहू, सागर दास, मिंटू खान, अरविंद, जतरू उरांव, रामानंद पाठक, रविंद्र कुमार, सतनारायण तिवारी, रूद्र शुक्ला, परीक्षित दुबे, रंजीत पासवान, देवांग शुक्ला, सौरभ तिवारी, हर्ष सहानी,सतीश शुक्ला, मुकेश, कुसुम देवी, लल्लू सिंह, सुनील दुबे, सुरेंद्र शुक्ला, उदय यादव, रिंकू सिंह, मीर खुर्शीद आलम, विष्णु देव यादव, ताराचंद, रामानंद पांडे, अभय पांडे, मनोज गुप्ता, अनिल सिंह, अजय पांडे समेत कई लोग शामिल थे।

विधानसभा में गूंजेगा विद्युत आपूर्ति विभाग के मनमानी का मामला, बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी उठायेंगे मामला

- गांधी विचार मंच के अध्यक्ष ने इस संबंध में विधायक को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

विधायक को ज्ञापन देते मंच के अध्यक्ष

बिश्रामपुर (पलामू)। गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय ने विद्युत आपूर्ति विभाग पर कई गंभीर आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि बिजली विभाग बिश्रामपुर प्रखंड, विश्रामपुर नगर परिषद सहित पांडू, नावा बाजार व उंटारी रोड प्रखंड के सभी गांव में मनमानी कर रहा है। विभाग द्वारा ग्रामीणों का भयादोहन किया जा रहा है जिससे आम लोगों में विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। इस संबंध में उपाध्याय ने पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को एक ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में रवींद्र नाथ उपाध्याय ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले राजीव गांधी विद्युतीकरण के तहत बीपीएल धारी लोगों को फ्री बिजली की आपूर्ति की जा रही थी। समान्य गरीब लोगों को 27 रुपए मात्र बिल पर बिजली की आपूर्ति की जाती थी। उस वक्त विभाग के द्वारा फ्री कनेक्शन देने के नाम पर एक-एक घर से दो से तीन आधार कार्ड लेकर एक ही घर में दो से तीन कनेक्शन कर दिया गया। अब वर्तमान समय में एक एक कनेक्शन पर दस हजार से बीस हजार तक बिल भेज कर पैसे वसूल किया जा रहा है। जबकि ग्रामीणों द्वारा एक से ज्यादा हो गए कनेक्शन काटने का आवेदन विभाग को कई बार दिया गया। बावजूद विभाग ने कोई अग्रतर कार्रवाई नहीं कि जिसके कारण बीस से तीस हजार रूपए का बिल कई ग्रामीणों के नाम से आ रहा है। बिल नहीं चुकाने पर ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज करते हुए बेहिसाब जुर्माना वसूला जा रहा है। इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र के तार पोल व ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर भी भारी रिश्वत लिया जाता है। रवींद्र नाथ ने विधायक चंद्रवंशी से आग्रह किया कि बिजली विभाग द्वारा हुई त्रुटि को दूर कराते हुए उनकी मनमानी पर तत्काल रोक लगाई जाए। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने उपाध्याय को आश्वस्त किया कि इस मामले को विधानसभा के इसी सत्र में जोर शोर से उठाएंगे। सरकार को स्थानीय विद्युत आपूर्ति विभाग पर कार्रवाई करने पर विवश कर देंगे। किसी भी परिस्थिति में ग्रामीणों को न्याय दिलवाकर रहेंगे।

आयुक्त ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

पलामू जोन के आइजी, पलामू उपायुक्त, गढ़वा उपायुक्त, डीडीसी ने की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता

आइजी सहित पलामू एवं गढ़वा के उपायुक्त ने की मुलाकात

आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो से पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पलामू के उप विकास आयुक्त रवि आनंद, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव-सह-पलामू जिला के परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार आदि पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर आयुक्त के सचिव-सह-उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो उपस्थित थे।

मेदिनीनगर। पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो मंगलवार को आयुक्त कार्यालय एवं आयुक्त कार्यालय के विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। आयुक्त टोप्पो आयुक्त कार्यालय के अलावा प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय, आरडीडीई कार्यालय, पंचायती राज कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, पंचायती राज कार्यालय सहित आयुक्त कार्यालय के विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारी-कर्मियो से वहां कार्यरत व्यक्तियों एवं उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। आयुक्त ने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके कार्य दायित्वों के संबंध में जानकारी ली। आयुक्त कार्यालय परिसर में आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

भाजपा कार्यकर्ता निष्ठा और समर्पण के साथ करें कार्य : कर्मवीर सिंह

>> संगठन के रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता : सांसद
>> भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान को ले कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा ने जिला कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय में किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मौजूद थे। कार्यशाला में जिले के प्रत्येक बूथ पर संगठन की मजबूती को लेकर महामंत्री कर्मवीर सिंह ने संबंधित कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की एवं संचालन जिला महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने किया। जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाना है एवं पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों को जिले के सभी बूथों पर सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि जिस प्रकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की संस्कृति को बचाने एवं भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, उसी प्रकार भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ देश के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ पर बेहतर तरीके से कार्य करने के कई टिप्स दिए। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन के रीढ़ होते हैं। मौके पर पलामू प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, मेयर अरुणा संकर, डिप्टी मेयर मंगल सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, डॉ मुन्ना चंद्रवंशी, विपिन सिंह नरेंद्र पांडे, अमित तिवारी, कामेश्वर कुशवाहा, कर्नल संजय सिंह, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, विभाकर पांडे एवं रामप्रवेश सिंह, ऐसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइया, विजय ओझा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, रामचंद्र यादव, अरविंद सिंह, सुनील पासवान, रीना किशोर एवं अरविंद गुप्ता, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, सीटू गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, उदय शुक्ला, जिला मंत्री धीरेंद्र दुबे एवं मनोज दुबे, जिला मीडिया प्रभारी संटू सिंह एवं नवेंदु मिश्रा, अजय सिंह, सोमेश सिंह, राकेश दुबे, राकेश तिवारी, मनदीप प्रजापति समेत जिले के सभी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा में री सर्वे पर सरकार गंभीर नहीं: कमलेश

- विधायक ने प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से मिलकर पुनः रखी मांग
- री सर्वे होने तक महीना में दो बार शिविर लगाकर त्रुटि दूर कराया जायेगा : प्रभारी मंत्री
- बार बार कर्मियों की नियुक्ति कर री सर्वे कराने की बात कह भूमि विवाद को बढ़ा रही है सरकार
- सरकार जनता को सड़क पर उतरने पर मजबूर न करे

खबर मन्त्र संवाददाता

प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से बात करते कमलेश सिंह।

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद-हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भूमि एवं राजस्व विभाग की प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से मिलकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पांचों अंचलों में भूमि के ऑनलाइन करने में भारी गड़बड़ी को दुरुस्त करने की मांग दोहराई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद री सर्वे कराया जायेगा। फिलहाल त्रुटियों को दूर करने के लिए जिला से महीना में दो बार अधिकारी हुसैनाबाद जाकर शिविर लगाएंगे। विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि तीसरी बार मानसून सत्र के दौरान भी उन्होंने हुसैनाबाद, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, पिपरा में री सर्वे कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि 1980-81 ई में हुए सर्वे को 2016-17 में ट्रायल ऑनलाइन कर भूमि मालिकों को परेशानी में डाल दिया है। ऑनलाइन इंट्री में बड़े पैमाने पर त्रुटि है, जिसे विभागीय अधिकारी भी मानते हैं। जबकि प्रभारी मंत्री जोबा मांझी ने चौथी बार भी इस मामले में रटा रटाया जवाब दिया। विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष से भी इस मामले में बात की है। उन्होंने भी समस्या के समाधान कराने का निर्देश विभागीय मंत्री को दिया है।

विभागीय मंत्री ने उपायुक्त से की बात

विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री को विधायक कमलेश कुमार सिंह के क्षेत्र की समस्या का निदान करने का निर्देश दिया था। मंत्री जोबा मांझी ने पलामू के उपायुक्त से इस मामले में दूरभाष पर बात की। उन्होंने विधायक कमलेश सिंह को बताया कि महीना में दो बार शिविर लगा कर म्यूटेशन समेत अन्य त्रुटि दूर की जायेगी।

सिर पर कलश धारण करने से श्रद्धालु का आत्मा हो जाती है पवित्र

पड़वा पलामू। पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के गोल्हना शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर परिसर से हुआ। हजारों महिला पुरुष भगवा व पीले वस्त्र पहन कर कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा में हर हर महादेव, जय जय श्रीराम आदि जय घोष से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में ओमप्रकाश तिवारी शामिल थे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए कजरी शिव मंदिर के पास अमानत व कोयल नदी के संगम पर पहुंचा। पंडित सुधांशु मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के बाद श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। पंडित सुधांशु मिश्रा ने कलश यात्रा के महत्व पर बताते हुए कहा कि कलश यात्रा में तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु व महेश साथ साथ 33 कोटी के देवी देवता कलश में विराजमान होते हैं।

पांकी विधायक ने सदन में उठाये कंप्यूटर शिक्षा देने का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न में सरकारी स्कूलों में बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने का मामला उठाया। विधायक ने कहा कि झारखंड के सभी निजी विद्यालयों में सुव्यवस्थित कंप्यूटर लैब व कंप्यूटर विषय के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा बच्चों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा दी जा रही है। इस पर जवाब में कहा गया कि वर्ष 2021-22 के यूडीआइएसइ प्लस के आंकड़ों के अनुसार राज्य के 1559 मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में से 1082 विद्यालयों में कंप्यूटर लैब की व्यवस्था है। विधायक ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के कई सरकारी विद्यालयों में आज भी कंप्यूटर लैब की व्यवस्था नहीं है और ना तो इसके लिए अनुभवी शिक्षकों की बहाली की गई है। इस पर जवाब में कहा गया कि वैसे सरकारी विद्यालयों की संख्या जहां कंप्यूटर लैब की व्यवस्था है या राज्य स्तर से कंप्यूटर लैब का अधिष्ठापन किया जा रहा है 3015 है। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 854 विद्यालयों में कंप्फूटर लैब के अधिष्ठापन संबंधी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। विधायक ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्यालयों में कंप्यूटर लैब स्थापित करवाने व भविष्य में शिक्षक की होनेवाली नियुक्ति प्रक्रिया में कंप्यूटर के शिक्षकों की भी बहाली करने का विचार कब तक रखती है। जवाब में कहा गया कि वर्ष 2022-23 में राज्य के 500 सरकारी मध्य विद्यालयों में राज्य योजना मद से कंप्यूटर लैब अधिष्ठापन संबंधित प्रस्ताव विचाराधीन है। वर्ष 2023-24 में राज्य के सरकारी मध्य विद्यालयों में राज्य योजना मद से 1000 विद्यालयों में व समग्र शिक्षा के तत 1200 विद्यालयों में कंप्यूटर लैब का लगाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को उपलब्ध कराये जाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

पूर्वडीहा विकास समिति की बैठक संपन्न

4-5 मार्च को बाबा पतिधर का प्रतिमा अनावरण करने का निर्णय

चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा ग्राम में पूर्वडीहा विकास समिति की बैठक कार्यालय में की गई। बैठक में समिति के संरक्षक सह मुखिया संतोष दुबे, डॉ कृष्णमणि दुबे, अरुण दुबे, वरिष्ठ वकील बैकुंठ दुबे, सुनील दुबे, हरि किशोर दुबे, बसंत दुबे, बिमल बाबा, राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशिर दुबे, सचिव उमाकांत दुबे, कोषाध्यक्ष अजीत दुबे जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे,नरेंद्र दुबे ने कई बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 व 5 मार्च को बाबा पतिधर के प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। चार मार्च को अखंड कीर्तन व पांच मार्च को 11 बजे से अनावरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। दोपहर दो बजे से होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। स्थानीय व्यास ललित दुबे गीत प्रस्तुत करेंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष शिशिर दुबे ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। बाबा की प्रतिमा गांव के प्रतीक एक बहुत बड़ा पहल है। बाबा के वंशज हम लोग हैं और उनकी प्रतिमा पर प्रत्येक वर्ष जयंती के रूप में मनाया जायेगा। बैठक में ट्रस्ट के सचिव उमाकांत दुबे ने कहा कि हम अपने पूर्वजों के बताये रास्ते पर चलने के लिए तत्पर रहते हैं। बैठक में वरिष्ठ वकील बैकुंठ दुबे, संरक्षक संतोष दुबे, अरुण दुबे ने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दें। बैठक में ट्रस्ट के सदस्य प्रिंस दुबे, ओम प्रकाश दुबे, प्रवीण दुबे, दिवाकर दुबे, विश्वजीत दुबे, निकेत दुबे, कुस शुक्ला समेत कई लोग शामिल थे।

सखुआ आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को मिला स्वेटर

पड़वा पलामू। पड़वा प्रखण्ड के सखुआ आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर वितरण के बाद कजरी पंचायत के मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा आमजनों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए वह लगातार सक्रियता से लगी हुई है। मुखिया ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र का कुपोषण मुक्त समाज बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के विकास की पहली सीढ़ी है इसलिए आंगनबाड़ी सेविकाओं को चाहिए कि वे अपने कार्यों के प्रति सदैव ईमानदारी बरतें। इस मौके पर उपमुखिया रीमा देवी, सेविका सुजाता विश्वकर्मा, समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, पवन विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

जीवन की सफलता के लिए एबीजी के पांचों वैल्यू को अपने आचरण में समाहित करने की जरूरत : मैनक

कठौतिया माइंस में वैल्यू मंथ समारोह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

पड़वा पलामू। हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस परिसर में एबीजी का वैल्यू माह समारोह संपन्न हो गया। समारोह की अध्यक्षता यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने किया। मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि अपने जीवन में सफलता व संस्थान के उत्तरोत्तर विकास के लिए एबीजी के पांचो वैल्यू को अपने आचरण में समाहित करने की जरूरत है। मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि आज देश के प्रगति में हिन्डालको का भी महत्वपूर्ण योगदान है। यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी ने पांचों वैल्यू को विस्तार पूर्वक से बताते हुए ईमानदारी, प्रतिबद्धता, टीम भावना व निश्चित गति के साथ साथ काम किया जाएगा तो वह काम निश्चित रूप से गुणवत्तापूर्ण तरिके से संपन्न होगा। क्वीज कंपीटिशन में प्रथम योगेश द्विवेदी, द्वितीय सुनील सिन्हा, तृतीय भीमापा कलिगी स्लोगन प्रतियोगिता में विवेक सिंह को प्रथम, रीतेश सिंह को द्वितीय एवं गौतम सिंह को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर चेतलाल विश्वकर्मा, अश्विनी कुमार, केसी मोदक, राकेश सिंह, प्रवीण सिंह, डाक्टर टी गफ्फार आदि मौजूद थे।

जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, डीसी ने दिया अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2023 के बाद अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 39 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 8 लाख 08 हजार रुपये बतौर जुर्माना भी वसूला गया वहीं कुल 2 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। समीक्षा के दौरान उपायुक्त दोड्डे ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को उनके क्षेत्र में संचालित अवैध माइनिंग के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना सीटीआई और लाइसेंस प्राप्त किए जिले में संचालित क्रेशर को सील करने का भी निर्देश दिया। जिससे जिले में अवैध खनन के साथ-साथ प्रदूषण पर भी नियंत्रण किया जा सके।

भुक्तभोगी ने डीसी से की जमीन मापी कराने की मांग

मेदिनीनगर। डीसी ए दोड्डे के जनता दरबार में नीलांबर पीतांबर प्रखंड के ग्राम पचमो निवासी परशुराम गिरी ने अपनी जमीन मापी कराने की मांग की। इस पर डीसी ने पूर्व में सीओ को जमीन मापी कराने का निर्देश दिया था। लेकिन नीलांबर पीतांबर प्रखंड के सीओ डीसी के निर्देश को नहीं मान रहे हैं। भुक्तभोगी ने कहा कि सीओ द्वारा अब तक उनकी जमीन मापी नहीं कराई गई है। सीओ द्वारा कहा जाता है कि जाइये डीसी से ही जमीन मापी करा लीजिये। उन्होंने कहा कि भूमि खाता नंबर 124, प्लॉट नंबर 1650 है। इस बाबत सीमांकन के लिए नीलांबर पीतांबर के सीओ को ऑन लाईन दो अगस्त 2022 को ऑन लाईन आवेदन किया था। लेकिन सीओ द्वारा भूमि का सीमांकन नहीं कराया गया है। थक हारकर भुक्तभोगी ने दोबारा जनता दरबार में डीसी से अपनी समस्या रखी। उन्होंने जमीन की मापी कराने की मांग की।

पलामू जिला के 45 हेड कांस्टेबल को एएसआइ पद पर मिली प्रोन्नति

एसपी ने नये एएसआइ को स्टार लगाकर किया सम्मानित

मिन्हाज आलम

पलामू एसपी ने पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मियों को स्टार लगाकर सम्मानित किया

मेदिनीनगर। पलामू जिला के 45 हेडकांस्टेबल को पदोन्नति का तोहफा मिला है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को जारी किए गए आदेशों में तत्काल प्रभाव से 45 हेडकांस्टेबलों को एएसआई के पद पदोन्नति दी है। एसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पलामू एसपी ने पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मियों को स्टार लगाकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामना की। मालूम हो कि जिला में हेडकांस्टेबलों को एएसआई पद पर पदोन्नति मिलने के बाद काफी हद तक जांच करने में अधिकारियों की कमी पूरी होगी जाएगी। अभी तक कई मामलों में जांच एएसआई और इससे ऊपर के अधिकारियों को दी जाती है।

प्रमोशन मिलने के बाद पुलिस प्रशासन के पास अब और 45 एएसआई रैंक के पुलिस कर्मी हो गए जिससे लंबित जांच में भी तेजी आएगी। प्रोन्नति पाने वाले में शहंशाह सिद्दीकी, भगवान सिंह, एनाम अली, प्रेम नारायण रजक, अशोक कुमार, महेंद्र कुमार, आनंद प्रसाद रजवार सहित कई एसआई उपस्थित थे।

उंटारी रोड : बीइइओ पहुंचे मध्य विद्यालय बिरजा, छात्राओं के लगाये गये आरोप की जांच की

अमित चौधरी

मामले की जांच करते बीइइओ महेंद्र प्रजापति, मुखिया कमला देवी व अन्य।

उंटारी रोड पलामू। आओ साथ में खाना खाओ, ससुराल जा कर क्या करोगी, दुपट्टा हटाकर फिर से ओढ़ाने जैसे आरोप जिले के उंटारी रोड अंतर्गत रा० मध्य विद्यालय बिरजा के सहायक अध्यापक संजय कुमार चौधरी पर विद्यालय मे पढ़ने वाली छात्राओं ने लगाया है। जिसको लेकर बीते 25 फरवरी को ग्रामीणों और अभिवावकों ने विद्यालय में एक विशेष बैठक की गई थी।

जिसमें आरोपी शिक्षक ने ग्रामीणों और प्रधानाध्यापक के समक्ष सभी आरोपों को स्वीकार करते हुए माफी मांगा। जिसका विवरण दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था। जिसके बाद सोमवार को उंटारी रोड के बीईईओ महेंद्र प्रजापति और जोगा पंचायत की मुखिया कमला देवी विद्यालय में पहुंच कर छात्राओं से जांच में पूछताछ किया। बीईओ के समक्ष दो छात्राएं उपस्थित थी जबकि दो छात्राएं अनुपस्थित थी।

उपस्थित दोनों छात्राओं से जब बीईईओ ने पूछताछ की तो उन्होने किसी बात को स्पष्ट नहीं बताया। जिसके बाद बीईईओ चले गए। बीईईओ श्री प्रजापति के जाने के बाद जब पंचायत की मुखिया कमला ने अनुपस्थित दोनों छात्राएं को विद्यालय में बुलाई। मुखिया श्री मति देवी के समक्ष सभी छात्राओं ने कहा कि शिक्षक संजय पर दुपट्टा हटाने से लेकर ससुराल जैसे अश्लील बातें करने की बात कही। वहीं छात्राएं पत्रकारों के समक्ष भी कहा कि संजय हमलोग के साथ अश्लील बातें करते हैं। वही आरोपी शिक्षक ने सभी बातों को बेबुनियाद बताया है।

कचरे की गोदाम में लगी आग

कई घर भी आग की चपेट में, नौ दमकल ने पाया आग पर काबू, जलने से बचा महुदा

खबर मन्त्र संवाददाता

महुदा। कोयलांचल को किसकी नजर लग गई है। अग्नि देव आखिर इतना अधिक कुपित क्यों हो गए हैं। मंगलवार की सुबह धनबाद का महुदा जलने से बच गया। नेशनल हाईवे 32 पर पांच किलोमीटर दूर से दिख रही आग की लपटें कचड़ा गोदाम सहित कई घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया था। महुदा मोड़ चौक के समीप स्थित एक कचड़े के गोदाम में भयंकर आग लगी। कचरा गोदाम में काफी मात्रा में प्लास्टिक की बोतल, गैलन और कचरा रखा हुआ था।आग की लपटें इतनी तेज थी कि इलाके में दहशत कायम हो गया। लपटे और धुंए का गुब्बारा दूर से ही दिख रहा था।

प्लास्टिक के कारण काफी तेजी से बढ़ी आग

प्लास्टिक के कारण आग काफी तेजी से बढ़ रही थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंची. उसके बाद दमकल की गाड़ियां पहुंचनी शुरू हुई, नौ दमकल की गाड़ियां पहुंची, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। पानी से भरा विशेषण का चार टैंकर भी मौका ए वारदात पर पहुंचा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह 5 बजे के पहले आग लगी, उन लोगों ने आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन सफल नहीं रहे. आग तेजी से फैलती ही जा रही थी. आग क्यों लगी, कैसी लगी, इसको लेकर तरह-तरह की चचाएं है। यह गोदाम गोपाल कुमार महतो का बताया जाता है। संचालक के अनुसार सभी प्लास्टिक का ढेर जलकर राख हो गया है लाखो रुपए की नुकसान हुई है।

सीसीएल के स्टोर में लगी आग, सामान जलकर खाक

बेरमो। सीसीएल बीएडके क्षेत्र के एकेकेओसीपी पीओ कार्यालय स्थित स्टोर में आग लग गई। इससे स्टोर के भीतर रखा लकडी मे आग लग गई। जबकि दमकल की टीम ने समय पर आग को बुझाकर लाखों .लाख की संपत्ति को जलने से बचाया। इसके अलावा स्टोर के अंदर रखी समान को बचाया। आग की उठती लपटों को देख स्टोर कार्यरत कर्मी मौके पर इकट्ठा हो गए। कर्मी ने फौरन अधिकारी को सूचना दिया। अधिकारियो ने दमकल विभाग को आग की सूचना देते हुए अपने स्तर पर भी आग को बुझाने का प्रयास किया।

मिथिला महिला समिति का होली मिलन

बोकारो। मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह बोकारो क्लब में आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारीए विशिष्ट अतिथि नीना नारायणए सीमा ठाकुरए मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष सीमा झाए सचिव ममता झाए संयुक्त सचिव कंचन झाए सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्रीमती तिवारी व विशिष्ट अतिथि श्रीमती नारायण ने होली को आपसी सौहार्द का प्रतीक पर्व बताते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर किरण मिश्राए शीला मिश्राए किरण झाए दीप्ति झाए पूनम लालए सुशीला यादवए रुचिए डॉ मंजु झाए मधुबाला झाए वंदना झाए गुड़िया झाए पूनम झाए उपासना झाए किरण झाए आरतीए शारदा झाए दीपशिखाए शालिनी शामिल थीं।

कतरास में लगेगी हाईमास्ट लाइट : एसडीओ

डॉ मधुमाला ने जिप अध्यक्ष-नगर आयुक्त को सौंपा आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। कतरास वार्ड 01 के विभिन्न समस्याओं को लेकर डा मधुमाला ने जिला परिषद की अध्यक्षा शारदा सिंह एवम धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त सतेन्द्र कुमार से मिलकर आवेदन दिया। डा मधुमाला ने अपने आवेदन मे भगत सिंह चौक,कतरास कालेज (उपर मोड़) मे एवं जी एन एम हाई स्कूल ग्राउंड मे हाई मास्ट लाइट स्ट्रीट लाईट लगाने , कतरी नदी को बचाने मे सहयोग करने वार्ड 01 मे एक भव्य विवाह भवन बनवाने ,शयामडीह मे बने टंकी की साफ सफाई तथा सबसे जरुरी कतरास कालेज की पुरानी जर्जर भवन को अविलंब हटाने की बात लिखी है उन्होने कतरास के बढी टोला गांधी चौक भगत सिंह चौक (शुलभ शौचालय) मयरा टोला राजा तालाब पीपल पेड़ मुन्नू सेठ के घर केवट टोला मे मनोहर सोनार के घर एव अशोक राणा के घर से कलाली फाटक की ओर पथ एवं नाली निर्माण की बात अपने आवेदन मे दी है दोनो ही अधिकारियों ने प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्य करवाने की बात कही है जिला परिषद अध्यक्षया ने बहुत जल्द ही कतरी नदी का निरछ्ण करने की बात कही हैं आज डा मधुमाला के साथ शेलेंद्र स्वर्णकार पिन्टू दे पंकज सिन्हा ,राहुल कुमार शामिल थे।

श्रम अधीक्षक की पहल पर नियोजक ने किया भुगतान

बोकारो। जिला श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार सिंह के पहल पर मेसर्स रूपा स्वीटस, जैना मोड़ फोर लेन चौक में कार्यरत तीन मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान कराया गया। श्रम अधीक्षक ने बताया की रूपा स्वीटस में कार्यरत टिंकू कुमार ठाकुर एवं चंदन धीवर को जिला धावा दल द्वारा विमुक्त कराया गया था जिन्हें न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जा रही थी परन्तु साथ ही निर्धारित कार्य अवधि से ज्यादा कार्य लिया जा रहा था। श्रम अधीक्षक कार्यालय में तीनों मजदूरों को 166217 रुपये का भुगतान किया गया।

संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। मंगलवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने संगठन सशक्तिकरण को लेकर बसेरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में पंचायत स्तरीय पदयात्रा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के क्रम में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह से मिलकर बसरिया तिवारी बस्ती के ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग के साथ-साथ जमीन माफियाओं के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों पर की जा रही अत्याचार पर ग्रामीणों ने अपना दुखड़ा सुनाया एवं स्थानीय रैयतों एवं ग्रामीणों ने बताया कि उनके जमीनों को माफियाओं द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है, बीसीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग कंपनी भी ग्रामीणों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, प्रबंधन के द्वारा

स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी जा रही है ?बीसीसीएल प्रबंधन के शह पर आउटसोर्सिंग कंपनियां तानाशाही पूर्वक अपनी कार्य कर रही है क्षेत्र में प्रदूषण एवं गंदगी से दूषित एवं प्रभावित होकर लोग बीमार ग्रस्त हो रहे हैं और लोगों की जाने जा रही है इसके बावजूद बीसीसीएल प्रबंधन लापरवाह एवं मूकदर्शक बनी हुई है,मौके पर जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि संबंधित मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी धनबाद उपायुक्त,धनबाद एसपी एवं सीएमडी से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी देने के साथ-साथ लोगों के उक्त समस्याओं को अविलंब निराकरण का आश्वासन दिया एवं कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग कंपनियों के द्वारा समय रहते रैयतों एवं स्थानीय ग्रामीणों को उनके उचित अधिकार और सम्मान को नहीं दिया गया तो कांग्रेस पार्टी बीसीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग कंपनियों के खिलाफ चक्का जाम करने का काम करेगी।

कार्यक्रम में थे मौजूद

उक्त कार्यक्रम में रामगोपाल भुवानिया, लक्ष्मण तिवारी, नंदलाल पासवान,अछ्यवर प्रसाद, सुनिल यादव, अशोक चंद्र तिवारी, महेश तिवारी, ओम प्रकाश पाठक,आनंद रवानी, रोहित तिवारी,तारूनी रवानी,अमित तिवारी,पिंटू यादव,अरविंद सैनी,अजय दास,दिनेश रवानी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सिंदरी फ्रेंड्स फॉरएवर ने मनाया होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

सिन्दरी। सिन्दरी फ्रेंड्स फॉरएवर ग्रुप की महिलाओं ने सिन्दरी के ड्रीम्स लाइट होटल में आयोजित होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस कार्यक्रम में रंग और गुलाल से धूम मचा दी।

कार्यक्रम का आयोजन करती ग्रुप एडमिन निलम पाण्डेय व मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनिमा सिंह ने संयुक्त रूप से केक काटकर स्थापना दिवस की शुरूआत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि सिन्दरी में महिला पर हुए अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिला मोर्चा इसका पुरजोर विरोध करती है। महिलाओं को पुरुषों के साथ चलने के लिए केंद्र सरकार विभिन्न योजनाएँ लागू कर रही है। महिलाओं के समर्थन में मोर्चा हरसंभव मदद करेगी। ग्रुप एडमिन निलम ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और समाज में हर तरह के रंग मौजूद हैं। ग्रुप की सभी महिलाएँ इसका आनंद ले रही हैं। इस ग्रुप के सदस्यों ने इसे एक सदस्य से दो वर्षों में 2600 सदस्यों की संख्या तक पहुँचाया है।

पंचायत चुनाव में लगे कर्मियों का नहीं हुआ भुगतान, धरना पर बैठे

इसीएल मुगमा क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य गेट को जाम कर दिया धरना

कुमारधुबी। पंचायत चुनाव में लगाए गये ईसीएल मुगमा कर्मियों का अब तक पैसे का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में कर्मियों ने बीसीकेयू के बैनर तले मंगलवार को ईसीएल मुगमा क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए कार्यालय का मुख्य द्वार जाम कर धरना पर बैठ गए। धरना को संबोधित करते हुए आगम राम ने कहा कि ईसीएल मुगमा क्षेत्र के 120 कर्मियों को पंचायत चुनाव में लगाया गया था। परंतु चुनाव के करीब एक वर्ष बीतने के बाद भी पैसे का भुगतान नहीं किया गया। जबकि प्रबंधन द्वारा जल्द ही भुगतान करने के मुद्दे को लेकर कई बार वार्ता भी हो चुकी है। इसके बावजूद भुगतान नहीं किया गया। लिहाजा बाध्य होकर आंदोलन करने पर बाध्य होना पड़ा। उन्होंने बताया कि बीसीसीएल, सीसीएल में चुनाव का भुगतान आठ हजार रुपए एक बार में किया गया। जिन्हें दो बार चुनाव ड्यूटी में लगाया गया उन्हें सोलह हजार रुपए का भुगतान किया गया। परंतु ईसीएल मुगमा प्रबंधन द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। जो कि सरासर गलत है। उन्होंने बताया कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो अंदोलन जारी रहेगा। इसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया तो क्षेत्र के सभी कोलियरियों का उत्पादन बंद करने पर बाध्य होना पड़ेगा। धरना प्रदर्शन में रामजी यादव, विवेक सिंह, सोमनाथ, विजय गोप, दिनेश महतो, राहुल पात्रा, उत्तम कर सहित दर्जनों कर्मी शामिल थे।

दलित उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। दलित और आदिवासी उत्पीडन एवं संविधान पर हो रहे हमले एवं दलित एवं आदिवासियों के अधिकारों को कुचलने के खिलाफ 28 फरवरी 2023 को आदिवासी अधिकार मंच झारखंड, दलित शोषण मुक्ति मंच झारखंड राज्य किसान सभा और अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वधान में राजभवन के समक्ष धरना और प्रदर्शन किया गया। सभी चारों संगठनों नेताओं ने महामहिम

राजपाल महोदय से मांग किया की सविधान की रक्षा किया जाए तथा देश में दलितों आदिवासियों और गरीबों पर हमला बंद किया जाए।

वर्ष-2014 से जब से केन्द्र मे भाजपा की मोदी सरकार आई है तब से दलितों-पिछडों के उपर व्यापक हमले बढे हैं और सरकार इसे रोकने मे नाकाम हैं । हमलावर दोषियों को समय सजा नहीं मिलने के कारण लोगों को कानून भय समाप्त हो गया है । मोदी सरकार नयी शिक्षा नीति लाकर दलितों,पिछडों एवं गरीबों को पढने से बंचित रखने का प्रयास कर रही है । केन्द्र सरकार बनारस हिन्दु विश्वविद्यायल मे छात्रों को मनुस्मृति आधारित पाठ्य पढाये जाने की योजना बना रही है जिससे दलितों-पिछडों को पुराने तरीके से शोषण किए जाने से संबंधित शिक्षा दिया जायेगा । केन्द्र सरकार सार्वजनिक संस्थाओं का निजीकरण कर दलितों,पिछडों एवं गरीबों का आरक्षण समाप्त कर दिया है।

सभा को किया संबोधित

सभा को एडवा नेत्री वीणा लिंडा और रेणू कुमारीआदिवासी अधिकार मंच के महासचिव - प्रफुल्ल लिंडा कोषाध्यक्ष -सुखनाथ लोहरा, जिला सचिव -प्रकाश टोप्पो, अजीत उरांव झारखंड राज्य किसान सभा नेता सुफल महतो सुरजीत सिंहा असीम सरकार रामदेव सिंह, मधौआ कच्छप, दिवाकर सिंह मुंडा, दलित शोषण मुक्ति मंच नेता दिनेश रविदास, शिवबालक पासवान, मनोज पासवान ,लीला देवी प्रेम प्रकाश पासवान आदि नेताओ ने सभा को सम्बोधित किये।

स्पीड न्यूज

लोयाबाद थाना में शांति समिति की बैठक

लोयाबाद। मंगलवार को थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक लोयाबाद थानाध्यक्ष के अध्यक्षता में मंगलवार के शाम को सम्पन्न हुई। जिसमे उपस्थित लोगो ने अपनी अपनी बातो और होली के दो दिवसीय पर्व को लेकर अपनी बातें रखीं। बाद में थानाध्यक्ष ने कहा कि हुडदंग करने वालों और अफवाह फैलाने बाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक मे सब इन्सपेक्टर निरंजन महतो, सीपी मेहता,मंगरा उरांव,लालधारी रजक,रामुराम पासवान वही समाज सेवी के रूप मे शंकर पासवान,विजेन्द्र पासवान ,विनय चौहान,सिपाही चौहान,अनवर मुखिया मौजूद थे।

चिरकुंडा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

चिरकुंडा। होली त्योहार व शब-ए-बारात शांति पुर्वक व उल्लास के साथ मनाने को लेकर चिरकुंडा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक मे पर्व को शांति पूर्वक व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर नगर अध्यक्ष डबलू बाउरी ने बताया की नगर परिषद अपनी व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त कर ली है। वहीं बाइकर्स को पकड़ने पर आन द स्पाट कार्रवाई होगी। चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनिल कुमार सिह ने बताया कि प्रतिदिन एन्टी क्राइम चेकिंग अभियान चल रही है। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुनिल सिंह ने किया व संचालन योगनाथ गोस्वामी ने किया। मौके पर डबलू बाउरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी विनोद कर्मकार,कनिय अभियंता उत्तम कुमार, मुरली तुरी, संतु चटर्जी, काजल चक्रवर्ती आदि मौजूद थे।

डीसी व डीडीसी ने मॉड्यूलर ओटी का किया निरीक्षण

बोकारो। डीसी कुलदीप चौधरी एवं डीडीसी कीर्तीश्री जी ने सदर अस्पताल में निमार्णाधीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया। डीसी ने सीएस डाए ए बी प्रसादध्डीएस डाए बी पी गुप्ता से कार्य प्रगति की जानकारी ली। इंस्टॉल किए गए मशीनों का जायजा लिया। कहा कि मशीन ऑपरेट करने का प्रशिक्षण संबंधित एजेंसी से लेनेए शेष कार्य को जल्द पूरा करने एवं ओटी के बाहर डिजिटल डिस्पले लगाने एवं अन्य कार्य को तय समय में पूरा करने का निर्देश दिया।

क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद का मना बलिदान दिवस

बोकारो। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस एवं नाना जी देशमुख की पुण्यतिथि स्थानीय सेक्टर नौ में नरेश कुमार की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवानंद व धन्यवाद ज्ञापन गणेश कुमार महतो ने किया। अपने संबोधन में योगेन्द्र कुमार चौधरी ने चंद्रशेखर आजाद के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान की चर्चा करते हुए राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरणा स्रोत बताया तथा नानाजी देशमुख को महान तपस्वी व कर्मयोगी बताया। मौके पर शिवानंद कुमार, अनमोल, गौरांग चंद्र पातर, कुलदीप कुमार, प्रिंस कुमार, चंदन आदि मौजूद थे।

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी
जिला - सिमडेगा

शुद्धि पत्र

आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों के चयन हेतु विभिन्न सामाचार पत्रों में PR- 291225 प्रकाशित है, जिसको निम्न प्रकार से पुनः संशोधित किया जाता है, तथा शेष शर्ते यथावत रहेंगे।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 697 दिनांक 15.03.2022 के अनुरूप उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति के आदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के निम्नांकित उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों जिन्हें राज्य सरकार की महत्वकांक्षी आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत गुणवत शिक्षा के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है में अल्पकालीन संविदा आधारित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन निम्न अंकित शर्तों के अधीन आमंत्रित किए जाते हैं :–

Sl. No.	Subject	PGT Total No. of Vacant Posts	PGT UR	PGT BC/ BC-II	PGT MBC/ BC-I	PGT ST	PGT SC	Subject	TGT Total No. of Vacant Posts	TGT UR	TGT BC/ BC-II	TGT MBC/ BC-I	TGT ST	TGT SC
		Category eise Vacancy							Category eise Vacancy					
1	Hindi	0	0	0	0	0	0	Hindi	2	1	0	0	1	0
2	English	4	2	0	0	2	0	English	0	0	0	0	0	0
3	Sanskrit	1	1	0	0	0	0	Urdu	2	1	0	0	1	0
4	History	1	1	0	0	0	0	Mathematics/ Physics	7	4	0	0	3	0
5	Geography	3	2	0	0	1	0	Biology/ Chemistry	2	1	0	0	1	0
6	Economics	0	0	0	0	0	0	Geography	0	0	0	0	0	0
7	Mathematics	5	3	0	0	2	0	History/ Civics	11	6	0	0	4	1
8	Physics	5	3	0	0	2	0	Sanskrit	1	1	0	0	0	0
9	Biology	3	2	0	0	1	0	Economics	0	0	0	0	0	0
10	Chemistry	4	2	0	0	2	0	Commerce	0	0	0	0	0	0
11	Commerce	1	1	0	0	0	0	Physical Education	2	1	0	0	1	0
12								Home Science	1	1	0	0	0	0
13								Mundari	0	0	0	0	0	0
14								Kharia	1	1	0	0	0	0
15								Nagpuri	0	0	0	0	0	0
	Total	27	17	0	0	10	0	0	29	17	0	0	11	1

1. अर्हता :–
2. आवेदन करने की प्रक्रिया :–
   i. योग्य अभ्यर्थियों द्वारा विहित प्रपत्र (आवेदन का प्रारूप परिशिष्ट 'ख' के रूप में संलग्न) में आवेदन संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा दिनांकः– 15.03.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
   ii. चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रपत्र का प्रारूप जिले के अधिकारिक वेबसाईट **simdega.nic.in** पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 291456 Primary Education (22-23)_D

समाहरणालय सिमडेगा
(जिला समाज कल्याण शाखा)

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवाएँ योजना अन्तर्गत सिमडेगा जिला के विभिन्न इकाइयों हेतु निम्नांकित सामग्री/उपकरण/उपस्कर कय एवं आपूर्ति हेतु इच्छुक स्थानीय प्रतिष्ठान/दुकानदारों/आपूर्तिकर्त्ताओं से निम्नांकित सामाग्रियों का क्रय एवं आपूर्ति हेतु दो लिफाफा पद्धति के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित किया जाता है, जो निम्नवत है:–

1. निविदा प्राप्तकर्ता करने की तिथि:–दिनांक 10.03.2023 को अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक सील्ड लिफाफा में निविदा पत्र डी0आर0डी0ए0,सिमडेगा कार्यालय के समागार में जमा किया जा सकता है।
2. निविदा खोलने की तिथि:– दिनांक 11.03.2023 को अपराह्न 2:00 बजे क्रय समिति मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवाएं योजना सिमडेगा के समक्ष प्राप्त सील्ड निविदा खोला जाएगा। जिसमें निविदादाता स्वयं अथवा उनका कोई लिखित प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। निविदा समिति के निर्णय के अनुसार निविदा खोलने की तिथि एवं समय में परिवर्त्तन किया जा सकता है।
3. सामग्री विवरणी:–

क्रo सं	सामग्री का नाम	संख्या/मात्रा
1	Steel Almirah	19 अदद
2	AC	01 अदद
3	Office Table	09 अदद
4	Plastic Chair (Cello/Neelkamal/National Brand)	200 अदद
5	Revolving Chair with low Back	09 अदद
	Simple Office Chair	35 अदद
6	Computer Table (Big Size) with low back chair	02 अदद
7	Kyocera Laser Printer with Scanner	06 अदद
8	Laptop (i5 Core Processor 10th Gen. 8 GB, 1TB)	01 अदद
9	Internet Connection-(Alliance Broadband)	02 अदद
10	Keyboard	04 अदद
11	Mouse	04 अदद
12	Wi-Fi Connector	04 अदद
13	Bluetooth Connector	04 अदद
14	Computer Set (i3 Core Processor 10th Gen. 8 GB, 1TB)	15 अदद
15	UPS	04 अदद
16	Steel Rack	07 अदद
17	Antivirus	03 अदद
18	Ludo	23 अदद
19	Carom Board	08 अदद
20	Water Filter (Good Company 8-10 Litre)	05 अदद
21	Cooler(Good Company)	02 अदद
22	Television 43 " (Smart LED TV)	02 अदद
23	Computer with web cam	02 अदद
24	Wooden Palna	10 अदद
25	Mattress	50 अदद
26	Gas Stove (ISI mark)	04 अदद
27	Wall Fan	04 अदद
28	Ceiling Fan with Regulator ("52" Inch Good Brand)	20 अदद
29	Steel Glass	150 अदद
30	Steel Plate	150 अदद
31	Kadhahi bada Thakan ke sath	03 अदद
32	Kalchul Bada	02 अदद
33	Choulni Bada	02 अदद
34	Bhatta Stove with regulator and Pipe (ISI mark)	01 अदद
35	Mixture Grinder (Good Brand)	01 अदद
36	RO(Good Brand)	01 अदद
37	CCTV Camera(Good Brand)	32 अदद
38	Swing Machine (Good Brand)	05 अदद
39	Plastic dining Table	02 अदद
40	Dacchi Big Size	01 अदद
41	Football	10 अदद
42	Badminton	10 अदद
43	Geyser (Good Brand)	10 अदद
44	Bed	50 अदद
45	Gadda	50 अदद
46	Long Table for Library	01 अदद
47	Deg big Size	01 अदद
48	Plastic Tub big Size	02 अदद
49	Cricket bat	02 अदद
50	Bed sheet	50 अदद
51	Pillow	50 अदद
52	Pillow cover	50 अदद
53	Baksha Medium Size	30 अदद
54	Double Dakar Bed	20 अदद
55	Mousquitenet	50 अदद
56	Medical Bed	01 अदद
57	Stationary	

4. निविदा की शर्ते एवं वांछित कागजात–
(i) निविदादाता को तकनीकी बीड के साथ अग्रधन के रूप में 10,000.00 (दस हजार) रूपये मात्र का किसी स्थानीय राष्ट्रीयकृत बैंक से, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सिमडेगा के पदनाम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(ii) निविदादाता को तकनीकी बीड के साथ–(क) GST निबंधन प्रमाण पत्र तथा GST Return की अद्यतन प्रति (ख) पैन कार्ड की प्रति (ग) विगत 3 वर्षों का (2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) का आयकर रिटर्न की प्रति (घ) उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक स्तर से वैध चरित्र प्रमाण–पत्र (ङ) उपरोक्त सामग्री/उपकरण/उपस्कर आदि आपूर्ति से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र (च) निविदादाता/फार्म का काली सूची में दर्ज नहीं होने से संबंधित नोटरी द्वारा निर्गत अद्यतन मूल शपथ पत्र (छ) आधार कार्ड एवं आवासीय प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. सिमडेगा जिला के स्थानीय अनुभवी आपूर्तिकर्त्ता फर्मों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. निविदा समिति द्वारा प्रथम तकनीकी बीड खोला जाएगा एवं जिन निविदा दाताओं का तकनीकी बीड स्वीकृत किया जाएगा उनका ही वित्तीय बीड खोला जाएगा।
7. वित्तीय बीड में उपरोक्त सूची के अनुसार ही क्रमशः सामग्री/उपकरण/उपस्कर के समक्ष ही सामग्री का दर सभी कर सहित अंकित करना अनिवार्य होगा।
8. निविदा दाताओं प्राप्त वित्तीय बीड के दर में से जिनका दर न्यूनतम पाया जाता है एवं क्रय समिति द्वारा स्वीकृत की जाती है उनकी आपूर्ति हेतु आदेश दिया जाएगा।
9. निविदादाता को सामग्री आपूर्ति हेतु किसी प्रकार का अग्रिम अथवा परिवहन व्यय देय नही होगा।
10. आपूर्ति किये जाने वाले सामग्री गुणवत्ता युक्त एवं मानक स्तर का होना चाहिए। गैर मानक अथवा गुणवत्तापूर्ण सामग्री नहीं आपूर्ति किये जाने पर भुगतान रोकने या समानुपातिक कटौती करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
11. निविदा को बिना कारण बतलाये पूर्णतः/आंशिक स्वीकृत या अस्वीकृत अथवा रदद करने का अधिकार अधोस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
12. जिन निविदादाताओं का निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा उनका अग्रधन के रूप में जमा बैंक ड्राफ्ट अविलम्ब वापस कर दिया जाएगा।

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in के website में देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 291474 Social Welfare,Women and Child Development(22-23)D

खबर मन्त्र

रांची. बुधवार .01 मार्च 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

किसानों की बात

किसान परिवारों की संख्या लगभग 12 करोड़ है। सामान्यतः एक परिवार में पांच सदस्य न्यूनतम भी हुए तो इनकी आबादी लगभग 60 करोड़ है। देश में केन्द्र और राज्य की सरकारें इन्हीं किसानों के बदौलत चलती है। कोरोना काल का विकास दर जब लगभग सभी उद्योग बंद कर दिये गये थे तब कृषि पर ही टिकी थी। ऐसे में किसान का ख्याल रखना, उनकी हितों की बात करना, उनकी आमदनी दोगुनी करनेकी बात , बिजली फ्री-पानी फ्री- फ्री की लंबी फेहरिस्त के साथ सरकारें सामने आ रही है। इसमें सबसे अधिक राजनीति चमकाने का अवसर भी है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश में किसान और कृषि राजनीति के मध्य में स्थित रहें हैं। 2024 के चुनाव के पहले नौ राज्यों के विधान सभाओं में चुनाव हो रहें हैं। ऐसे में किसान के मुद्दें और सवाल की जमकर चर्चा होगी। किसान नेता राजेश टिकैत का आंदोलन बिहार पहुंचा है क्योंकि उन्हें मालूम है कि केन्द्र पर दबाव के लिये यूपी और बिहार में राजनीतिक माहौल और विरोध के स्वर को तेज करना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा के चुनाव के कारण जिस प्रकार केन्द्र ने अपने कृषि कानून को वापस लिया उससे यह संकेत साफ गया कि चुनाव जीतना किसी भी दल के एजेंडें में सबसे उपर है। वैसे बिहार की राजनीति में जातिवाद प्रभावी रहा है विकास मुद्दा बने इसका इंतजार हो ही रहा है। ऐसे में महत्वपूर्ण सवाल है कि किसानों की आय को बढ़ाने के लिये जो कार्यक्रम चलाये जा रहें हैं उसके बीच बड़ी विकास योजनाओं चाहे वे सड़क की हो या रेल, अस्पताल हो या यूनिवर्सिटी जमीन अब किसानों की जा रही है। शहरों में जमीन की कीमत आसमान छू रही है और सरकार भी बाजार मूल्य से कम आय दे रही है। ऐसे में केन्द्र हो या राज्य सरकार की मंशा पर सवाल उठता है।

लीथियम से उम्मीद

दावा किया जा रहा है कि कश्मीर में खोज पहली मर्तबा है, परंतु इससे पहले, 1990 के दशक में भी, कश्मीर में लीथियम उपस्थिति के आरंभिक संकेत मिले थे और यह निष्कर्ष 800 से ज्यादा नमूनों के परीक्षण पर आधारित था, उस वक्त जीएसआई का कहना था कि इस सारी पट्टी में (जहां कहीं बॉक्साइट के उघड़े उर्ध्व-पार्श्व दिखाई देते हैं) वहां पर उच्च-मूल्य लीथियम भी है और बॉक्साइट वाला यह परिदृश्य रियासी जिले के सलाल-रनसूह क्षेत्र में सबसे अधिक है। इससे विभाग को लगा कि इस इलाके में लीथियम होने की ह्यकाफी संभावना है। यह रिपोर्ट 1999 में तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को सौंपी गई थी। यह वही क्षेत्र है जिसको लेकर जीएसआई ने इस साल, फिर से, लीथियम की उपस्थिति होने की सूचना दी है और दावा ह्यपहली बार खोज का किया जा रहा है। हाल तक, यानी जुलाई, 2022 में भी, सरकार को कश्मीर में लीथियम भंडार की संभावना का कुछ इल्म नहीं था। जब संसद में देश में लीथियम की उपस्थिति होने के बारे सवाल पूछा गया तो सरकारी जवाब में इसे अनुपस्थित बताया गया। भारतीय भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग यह भी कह रहा है कि उसने खोज सत्र 2022-23 में अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, नागालैंड और राजस्थान में 18 लीथियम खोजी अभियान चलाए हैं। ऊर्जा प्राप्ति में स्रोत परिवर्तन और परिवहन को इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए करने की ध्येयपूर्ति में भारत के लिए लीथियम की महत्ता के मद्देनजर सरकार को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि लीथियम की स्वदेशी उपलब्धता कितनी है। पहले कदम के तौर पर, 1948 में होमी जे. भाभा की अध्यक्षता में परमाणु ऊर्जा आयोग का गठन हुआ। फिर केरल से मोनाजाइट नामक खनिज का निर्यात रोक दिया गया ताकि इससे स्वदेशी थोरियम निकाला जा सके।

सुलोचना का विश्वास

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती

वानर सेना को रावण के आने से दुविधा हो गयी। उन्होंने राम से पूछा कि आपने विभीषण को लंकापति बनने का वचन दिया हैं हमलोग उन्हें लंकेश कहते हैं। राम बोले आप लोग धवराइये नहीं। आप लोग धबराइये नहीं अगर रावण वास्तव में हमारे पास शरणागत हो जाता है तो दुनिया में सबसे अधिक मेरे लिये प्रिये हो जाएगा मैं उसे अवधेश बना दूंगा। अयोध्या की गद्दी में रावण को दे दूंगा। जब पालकी निकट आई उसमें से सुलोचना निकली। वह राम के सम्मुख गयी। हाथ जोड़कर परिचय दी। मैं रावण की पुत्रवधू और मेघनाथ की पत्नी हूं। उसके आप्त भरे वचन एवं दुख को देखकर राम द्रवित हो गये। उन्होंने कहा सुलोचना मैं तुम्हारे दुख से दुखी हूं। तुम्हारे पति की मृत्यु अवश्य हुई हैलेकिन अगर मेरे सारे पुण्य लेने से तुम्हारे पति जीवित होते हैं तो तुम ले लो। मैं जीवन भर के पुण्य तुम्हें देने को तैयार हूं। इससे अगर तुम्हारे पति जिंदा होत हैं तो मैं तैयार हूं। सुलोचना बोली प्रभु जैसा सुनी थी वैसा पायी लेकिन मेरे पति स्वर्ग की शोभा बढ़ा रहें हैं मैं उन्हें धरती पर वापस नहीं लाना चाहती हूं। मैं उनके मृतक शरीर को लेकर सती बनना चाहती हूं इसलिये मेरे पति का सिर मुझे मिलजाए तो मैं वापस चला जाऊं। राम ने आदेश दिया सती नारी को उसके पति का सिर सम्मान के साथ वापस किया जाए। वह सिर लेने के बाद बोली मैं जाने की आज्ञा चाहती हूं। आपको आर्शिवाद देकर जाती हूं। संसार में सत्य की विजय होती है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

किसानों के बल पर रिकार्ड खाद्यान्न निर्यात

देश से अनाज का रिकार्ड निर्यात हो रहा है। यह देश के किसानों के बल पर संभव हुआ है। हाल ही में कृषि मंत्रालय द्वारा जारी खरीफ सत्र के प्रारंभिक अनुमानों के मुताबिक देश में इस बार खरीफ सत्र में करीब 15.05 करोड़ टन रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन होने की संभावना है। पिछले वर्ष खरीफ सत्र में करीब 14.95 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ था। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2020-21 में कुल खाद्यान्न उत्पादन करीब 30.86 करोड़ टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है।

देश में ऐसे प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन के तीन बड़े फायदे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। एक, इससे खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। दो, अत्यधिक खाद्यान्न उत्पादन से देश की खाद्यान्न मांग की पूर्ति सरलता से हो रही है तथा देश के पास खाद्यान्न का सुरक्षित भंडार उपलब्ध है। तीन, अमेरिका तथा ब्राजील सहित दुनिया के कई कृषि निर्यातक देशों में खराब मौसम के चलते फसल को नुकसान पहुंचा है और खाद्यान्न के वैश्विक बाजार में कृषि जिंसों की कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे में भारत से अधिक कृषि निर्यात बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने का मौका है।

इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि कोरोना महामारी की अकल्पनीय मानवीय और आर्थिक आपदाओं के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान देश से 41.25 अरब डॉलर मूल्य के कृषि एवं संबद्ध उत्पादों का निर्यात किया गया। यह निर्यात मूल्य वर्ष 2019-20 के 35.15 अरब डॉलर मूल्य की तुलना में 17.34 फीसदी ज्यादा है। चालू वित्त वर्ष 2021-22 में कृषि निर्यात और अधिक ऊंचाई पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकता है।

यदि हम वैश्विक कृषि निर्यात परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि दुनिया के कई खाद्य निर्यातक देश पिछले वर्ष 2020-21 में कोरोना महामारी के व्यवधान के कारण चावल, गेहूं, मक्का और अन्य कृषि पदार्थों का निर्यात करने में पिछड़ गए, ऐसे में भारत ने अनाज, गैर-बासमती चावल, गेहूं, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाजों के निर्यात में भारी वृद्धि का अध्याय लिखा है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं।



-सुधीर शर्मा

निःसंदेह कृषि निर्यात के लिए देश में कृषि संबंधी शोध और नवाचार की भी अहम भूमिका रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक पिछले पांच साल में सोलह सौ से ज्यादा फसल-किस्में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व उसके संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के योगदान से विकसित की गई हैं, इसमें धान की अति विकसित 35 नयी किस्म भी हैं, जो प्रधानमंत्री द्वारा 27 सितंबर को राष्ट्र को समर्पित की गई हैं।

देश से कृषि पदार्थों के निर्यात इसलिए बढ़ रहे हैं, क्योंकि देश में कृषि विकास के रणनीतिक प्रयासों से आंतरिक खाद्य जरूरतों की पर्याप्त पूर्ति के अलावा बड़े पैमाने पर अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है। विगत 28 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के समारोह में कहा कि बीते 6-7 सालों में साइंस और टेक्नॉलॉजी को खेती से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया जा रहा है। किसानों की जमीन को सुरक्षा देने के लिए, उन्हें अलग-अलग चरणों में 11 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी के साथ-साथ हमने खरीद प्रक्रिया में भी सुधार किया ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। किसानों को 2 करोड़ से ज्यादा किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं। एक लाख करोड़ रुपये का एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, सोलर पावर से जुड़ी योजनाएं खेत तक पहुंचाने, देश के 70 से ज्यादा रेल रूटों पर किसान रेल के माध्यम से छोटे किसानों के कृषि उत्पाद कम ट्रांसपोर्टेशन के खर्चे पर देश के दूरदराज इलाकों तक पहुंचने और कृषि उपज का अच्छा मूल्य मिलने से खाद्यान्न उत्पादन और निर्यात में वृद्धि हुई है।

प्रतिबंध लगाए जाने से खाद्य पदार्थों के वैश्विक खरीदारों के साथ जुड़ना मुश्किल काम था। ऐसे में कृषि निर्यात संबंधी विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने विशिष्ट वर्चुअल वैश्विक कृषि व्यापार मेलों और देश के कृषि पदार्थों के निर्यातकों के साथ वैश्विक खरीदारों की अलग-अलग इंटरैक्शन मीट आयोजित की। इतना ही नहीं, एपीडा ने कृषि निर्यात से विभिन्न विभागों के साथ निकट समन्वय स्थापित किया और निर्यात को बढ़ाने के लिए दिन-प्रतिदिन के आधार पर कृषि निर्यातकों के साथ सम्पर्क बनाए रखा। इसके साथ-साथ केला, अंगूर, प्याज, आम, अनार, पुष्प आदि के लिए निर्यात संवर्धन मंच (ईपीएफ) की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। यह भी उल्लेखनीय है कि कृषि पदार्थों के निर्यात बढ़ाने में भारत के कृषि मानकों की वैश्विक मान्यता ने भी अहम भूमिका निभाई है। भारत के पास खाद्यान्न, ताजे फल और सब्जियां, प्रसंस्कृत उत्पाद आदि से संबंधित करीब 130 भौगोलिक संकल्प (जीआई) हैं। ज्ञातव्य है कि भौगोलिक संकेत उत्पाद की विशेषताओं को दशार्ता है। इससे उत्पाद का बाजार मूल्य बढ़ता है और उपभोक्ता उत्पाद की गुणवत्ता और विशेषता से खरीदी के लिए आकर्षित होते हैं।

इनके अलावा देश से कृषि निर्यात बढ़ने के कई अन्य कारण भी दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने नयी कृषि निर्यात नीति के तहत ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा दिया है। निर्यात किए जाने वाले कृषि जिंसों के उत्पादन व घरेलू दाम में उतार-चढ़ाव पर लगाम लगाने के लिए रणनीतिक कदम उठाए गये हैं। कृषि निर्यात की प्रक्रिया के मध्य खराब होने वाले सामान और कृषि पदार्थों की साफ-सफाई के मसले पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

लेकिन हमें देश से कृषि निर्यात बढ़ाने के लिए और अधिक रणनीतिक कदम बढ़ाने होंगे। यद्यपि देश गेहूं, चावल और चीनी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है और इनका निर्यात भी हो रहा है। लेकिन अब देश में दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता के साथ इनके निर्यात का दूरगामी लक्ष्य भी सामने रखे जाने होंगे। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में सरकार ने जिस तरह 11,040 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय खाद्य तेल- पाम ऑयल मिशन (एनएमईओ-ओपी) लागू किया है, ऐसे और बड़े अभियानों की जरूरत है।

खास बात

जीएसटी कैसे?

अजय दीप वाधवा,

क) जब कोई व्यवसाय स्थायी रूप से अपनी संपत्ति का हस्तांतरण या निपटान करता है जिसके लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाया गया है।

ख) व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए दो संबंधित या अलग-अलग व्यक्तियों के बीच की गई आपूर्ति।

ग)आपूर्तिकर्ता की ओर से एजेंट द्वारा माल की आपूर्ति या ग्राहक की ओर से एजेंट द्वारा प्राप्त आपूर्ति।

घ) जब एक कर योग्य व्यक्ति किसी संबंधित व्यक्ति से सेवाओं का आयात करता है, या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए भारत के बाहर अपने स्वयं के व्यवसाय से।

७. आपूर्ति व्यवसाय के क्रम में या व्यवसाय को बढ़ाने के हित में की जानी चाहिए जीएसटी केवल व्यापारिक लेनदेन पर लागू है। इसलिए, जीएसटी के तहत एक लेनदेन को आपूर्ति के रूप में माने जाने के लिए, इसे व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए बनाया जाना चाहिए।

यदि आपूर्ति व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए की जाती है, तो इसे जीएसटी के तहत आपूर्ति नहीं माना जाएगा।

यहां हमें यह भी समझ लेना चाहिए कि जीएसटी के तहत एक आपूर्ति में प्रायः तीन विशेषताएँ होती हैं जिनका उपयोग उस लेनदेन के लिए देय कर की गणना करने के लिए किया जाता हैः स्थान, मूल्य और समय।

क)आपूर्ति का स्थान - यह घटक निर्धारित करता है कि लेनदेन एक अंतर-राज्य आपूर्ति, एक अंतर-राज्य आपूर्ति, या एक बाहरी व्यापार है, जो जीएसटी के प्रकार को निर्धारित करता है जो इससे जुड़ा होगा।

ख) आपूर्ति का मूल्य - यह घटक आपूर्ति के कर योग्य मूल्य का निर्धारण करता है, और इस प्रकार कर की राशि जो इसके लिए भुगतान करने की आवश्यकता होती है।

ग) आपूर्ति का समय - यह घटक निर्धारित करता है कि संबंधित कर और जीएसटी रिटर्न कब देय हैं। समाप्त **(लेखक वित, निवेश एवम कर सलाहकार, रांची हैं।)**

अंतःकरण-पावित्र, आत्म-विश्वास और आशावादिता जीवन की महत्तम विभूति हैं ! जीवन अंतहीन संभावनाओं और अवसरों का अखंड स्रोत है ! आध्यात्मिक व्यक्ति प्रत्येक प्रतिकूल परिस्थिति में अनुकूलता और उचित अवसर ढूंढ लेता है।

- स्वामी अवधेशानंद गिरी

रोचक ट्वीट

काफी अकेला हूं ! या अकेला काफी हूं...!

नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :

- अनुपम खेर अभिनेता

किसान भाइयों को बधाई !अन्नदाता किसानों का आर्थिक संबल बनी 'किसान सम्मान निधि' की 13वीं किस्त की 16,000 करोड़ से अधिक राशि आज 08 करोड़ से अधिक किसानों को हस्तांतरित हो गई। **-योगी आदित्यनाथ**

क्या हमारी नौकरी जाने वाली है?

सत्यनारायण गुप्ता

युवा

बहुत पहले से ही आशंका जताई जा रही थी कि मनुष्य धीरे-धीरे मशीन का गुलाम होता जा रहा है लेकिन आज यह आशंका भी उत्पन्न हो चली है कि मानव-मस्तिष्क भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का गुलाम ना हो जाए। हर सेकेण्ड एक लाख से ज्यादा वेब सर्च का अचूक जवाब देने वाले गूगल का वर्चस्व तो खतरे में है ही , कहा जा रहा है कि एक नए सर्च इंजन ने पत्रकारों, लेखकों ,कवियों, प्रोफेसर्स, प्रोग्रामस, ग्राफिक डिजाइनर्स आदि की नौकरियों को भी खतरे में डाल दिया है।

इंटरनेट और टेक्नोलॉजी की दुनिया में चैट जीपीटी की चर्चा है ।कहा जा रहा है कि यह गूगल को टक्कर दे सकता है। चैट जीपीटी से आप जो सवाल पूछते हैं ,उसका आपको सटीक जवाब मिलता है ।अंग्रेजी भाषा में चैट जीपीटी का फुल फॉर्म ₹ चैट जेनरेटेड प्री ट्रेंड ट्रांसफार्मर ₹होता है इसका निर्माण ओपन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ओपन आई)के द्वारा किया गया है ,जो कि एक प्रकार का चैट बॉट है ।आप इसके द्वारा शब्दों के प्रारूप में बात कर सकते हैं और यह आपके किसी भी प्रकार के सवाल के जवाब दे सकता है। अभी यह अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध है। लेकिन जल्दी ही अन्य भाषाओं में उपलब्ध होगा।

चैट जीपीटी गूगल से इस प्रकार अलग है कि गूगल पर किसी चीज को सर्च करते हैं तो गूगल के द्वारा उस से संबंधित कई वेबसाइट दिखाई जाती है परंतु चैट जीपीटी बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है यह सर्च करने पर उस सवाल का डायरेक्ट जवाब दिखाता है।

चैट जीपीटी की शुरूआत शैम अल्टमैन नाम के व्यक्ति के द्वारा एलन मस्क के साथ मिलकर 2015 में की गई थी ।शुरू में यह नन परफार्मिंग कंपनी थी एक-दो साल बाद एलन मस्क इस प्रोजेक्ट से अलग हो गए। इसके पश्चात बिल गेट्स की माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के द्वारा इसमें एक अच्छी रकम का निवेश किया गया और साल 2022 में 30 नवंबर को इसे प्रोटोटाइप के तौर पर लांच किया गया है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैट बॉट- चैट जीपीटी इतिहास का सबसे तेजी से बढ़ने वाला कंजूमर ऐप बन गया है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दो महीने में इसके 10 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर्स बने हैं।

चैट- जीपीटी को ट्रेन करने के लिए डेवलपर के द्वारा पब्लिक तौर पर उपलब्ध डाटा का यूज किया जाता है। उसी में यह चैट बॉट आपके द्वारा जो सवाल सर्च किए जाते हैं उसका जवाब ढूंढता है ,फिर जवाब को सही प्रकार से सही भाषा में क्रिएट करता है और इसके पश्चात परिणाम को आपके डिवाइस की स्क्रीन पर प्रस्तुत करता है। सर्च करने वाले यूजर्स को यह भी बताने का विकल्प मिलता है कि आप इसके द्वारा बताए गए जवाब से संतुष्ट हैं या नहीं ।आपके द्वारा दिए गए फिडबैक के हिसाब से डाटा को लगातार अपडेट किया जाता है।

चैट जीपीटी एक वाक्य में अगले शब्द की भविष्यवाणी करते हुए काम करता है ।वह इंटरनेट में उपलब्ध लाखों पुस्तकों का विश्लेषण कर सकता है ।वह लिंक देने की जगह हर शैली में डायरेक्ट उत्तर देता है ?। इससे निबंध, कविता ,कहानी या नाटक के रूप में भी उत्तर प्राप्त किया जा सकता है। अपने उन्नत ई -टूल से यह टेक्स्ट से संगीत की रचना कर सकता है ग्राफिक्स और पेंटिंग्स भी बनाकर यूजर्स को दे सकता है, 3डी इमेज भी रच सकता है, आपके पसंदीदा कवि की रचनाओं को सूरबद्ध और लिपिबद्ध भी कर सकता है।

बेहतरीन शिक्षा की दिशा में उठाने होंगे सही कदम

अंकिता बनर्जी

शिक्षा

ग्रामीण भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आकांक्षा वास्तव में कभी फलीभूत नहीं हुई। ऐसे में ऊंचे लक्ष्य तय करना जरूरी है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार ने 2014 में प्रति छात्र सालाना 12,500 रुपये खर्च किए, जो कि जीडीपी का करीब तीन-चार फीसदी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चाहती है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपना खर्च बढ़ाकर जीडीपी के करीब छह फीसद तक लाएं। 1960 के दशक से यह वांछित लक्ष्य रहा है, लेकिन अब जाकर सरकार ने इसे वास्तविक लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में कुल पंजीकरण का अनुपात 50 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

इधर, शिक्षा के क्षेत्र में दूसरी समस्याएं भी हैं। संगीता कश्यप मध्य प्रदेश की 46 वर्षीय स्कूल शिक्षिका हैं। पीटीआई की अगस्त, 2014 की खबर के अनुसार, अपने 24 साल लंबे करियर में पिछले 23 वर्षों से वह ड्यूटी से अनुपस्थित हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली की ऐसी दुसाध्य बीमारियों को भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दुरुस्त करना चाहती है। ग्रामीण भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए।

उनके काम की निगरानी के लिए एक मूल्यांकन प्रणाली बनानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं- इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। अंत में कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विज्ञान व कला और शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच कठोर बंटवारे को खत्म कर दिया है। विद्यार्थी अब दोनों तरह के पाठ्यक्रमों में से चुनाव कर सकते हैं- यह हमारे नागरिकों को हर तरह की जरूरत के लिए तैयार करने में मददगार होगा।

(इंट्रेनशिप, स्नातक कामर्स वोकेशनल , संत जेवियर कॉलेज, रांची)

कॉर्टून वर्ल्ड

लेटर टू एडिटर

कार सेवा का आग्रह

मुसलमानों ने श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए कार-सेवा करने का प्रस्ताव रखा है। यह निश्चित रूप से एक स्वागतयोग्य कदम है। देश में भाईचारे को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्यों को बढ़ावा देने का हरसंभव प्रयास होना चाहिए। वहां मस्जिद के साथ-साथ सर्व धर्म समभाव को बढ़ावा देने वाला एक केंद्र भी स्थापित किया जायेगा। धर्म सदैव जोड़ता है तोड़ता नहीं यह तय है। **- राजीव सिंह, कोडरमा**

मंदिर पर गतिरोध

आजाद भारत के इतिहास में इस मंदिर की वजह से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच गतिरोध भी हुआ था। एक लंबी कहानी है सोमनाथ मंदिर की। इन कहानियों को सुनने के बाद आपको लिए सोमनाथ मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रहेगा। जिजिविषा का, संघर्ष का और साथ ही इस संदेश का भी कि पुनर्निर्माण की ताकत हमेशा तबाही की ताकत से बड़ी होती। **- सुनीता उरांव, सिमडेगा**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

रामगढ़ विस उपचुनाव मतगणना का ले कर्मियों की दी गयी ट्रेनिंग

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के परिणाम को लेकर मंगलवार को जिला परिषद कार्यालय रामगढ़ के सभाकक्ष में मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों एवं मतगणना सूक्ष्म प्रेक्षकों के लिए द्वितीय चरण के प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा उपस्थित सभी मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों एवं मतगणना सूक्ष्म प्रेक्षकों को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना के दिन किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना के दिन किए जाने वाले कार्यों से संबंधित जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। मौके पर सभी को मतगणना के दिन भरे जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को भरने के संबंध में भी विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी गई।

एमएड प्रशिक्षुओं को दी गयी विदाई

रजरप्पा। डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा लारी के बहुउद्देशीय सभागार में मंगलवार को एमएड प्रशिक्षुओं को सादगीपूर्ण विदाई दी गई। सर्वप्रथम डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने एमएड प्रशिक्षुओं को उनके भविष्य की शुभकामनाएं दिये। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता ने एमएड प्रशिक्षुओं को उनके भावी शिक्षक बनने की शुभकामनाएं दी।

बिष्णुगढ़ में छोटी चेचक प्रकोप

बिष्णुगढ़। बिष्णुगढ़ प्रखंड के हेठली बोदरा इन दिनों चेचक (छोटी माता) के प्रकोप में है। लगभग 15 दिनों पूर्व गांव में आया था बीमारी जिसके बाद देखते ही देखते कई लोग ग्रसित है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के एएनएम पूनम मिश्रा द्वारा हेठली बोदरा गांव पहुंचकर ग्रसित लोगों का हाल जानाे पूनम मिश्रा द्वारा संबंधित लोगों के घर के परिजनों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। वहीं मामले पर हजारीबाग से डब्लूएचओ के विकास कुमार द्वारा बोदरा पहुंच कर स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारी ली। वहीं मामले पर प्रभारी डॉ अरुण कुमार द्वारा बताया गया की यह कोई गंभीर बीमारी नहीं है, इसी का बड़ा रूप को गंभीर विषय माना जाता है। लोगों को संयमित और साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कही। छोटी माता से ग्रसित होने वालों में अनुज कुमार,मुन्द्रिका देवी,निशु कुमारी,शिवम कुमार,सूरज कुमार,सुगनी देवी,के अलावे अन्य शामिल है इनमे कुछ लोगों के ठीक होने की बात कही गई।

बच्चों की दी गयी सड़क सुरक्षा की जानकारी

दारू। राजकीय मध्य विद्यालय महेसरा और सरस्वती उच्च विद्यालय दारू में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । राजकीय मध्य विधालय में कार्यक्रम का प्रारंभ दारू थाना प्रभारी अमित कुमार,प्रमुख कुमारी स्वेता , जिनगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी , विद्यालय प्रधानाध्यापक सैयद मंजर हसन , पत्रकार रौशन सिन्हा ने दीपप्रज्वलित कर किया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करने की जानकारी और निर्देश दिया । उन्होंने बताया कि आप सड़क पर दो पहिया वाहन चलाते है तो हेलमेट पहनना तथा ड्राविंग लाइसेंस रखना बहुत ही जरूरी है । 18 वर्ष से नीचे के लोग वाहनों को ना चलाये अगर चलाते हुए पकड़े गए तो 25 हजार का जुर्माना तथा सजा भी हो सकती है ।

सड़क हादसे में छह लोग घायल

बरकट्ठा । गोरहर थाना क्षेत्र के गोरहर मोड़ के समीप एक एंबुलेंस वाहन डिवाइडर से टकराने से उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। हादसा मंगलवार सुबह की है। घायलों में अजय रवानी पिता यमुना प्रसाद नियामतपुर, बंगाल, श्याम कुमार रामधनी कुमार, बंगाल, आकाश यादव पिता कैलाश नाथ उत्तरप्रदेश, गोबिल सिंह और उसके पिता कानी सिंह, बर्दवान, बंगाल निवासी शामिल है। सभी घायलों को सीएचसी बरकट्ठा लाया गया।जहां घायलों का इलाज किया गया। वहीं बाइक हादसे में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला सरिता देवी पति कारू ठाकुर केशवारी सरिया निवासी है।घायल को सीएचसी बरकट्ठा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

रसोइया धमना चकुराटांड़ में जल्द बनेगा न्यायालय

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ चार एकड़ जमीन आवंटित, बरही सीओ ने किया स्थल निरीक्षण अधिकारियों को सौंपी रिपोर्ट

बरही। व्यवहार न्यायालय के निर्माण को लेकर अंचलाधिकारी ने जमीन का सीमांकन करते हुए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट सौंप दिया है।इस बाबत अंचलाधिकारी देवाशीष टोप्पो के अनुसार व्यवहार न्यायलय के लिए जमीन उपलब्ध कराने को लेकर बरही अंतर्गत रसोइया धमना के चकुराटांड़ में चार एकड़ जमीन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया जायेगा।साथ ही अनुमंडल स्तरीय विधिक कार्यो का निष्पादन किया जायेगा। सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने स्थल निरीक्षण कर उच्च पदाधिकारियों को रिपोर्ट सौंपा है। उनके साथ कर्मचारी रीतलाल रजक व सरकारी अमीन चेतन यादव भी मौजूद रहे।अनुमंडलीय न्यायिक कार्यालय एवं आवास निर्माण हेतु चयनित चार एकड़ भूमि का हस्तांतरण प्रस्तावित अभिलेख भी तैयार कर लिया गया है। जानकारी देते हुए बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि उक्त कार्य के लिए चकुरा टांड में खाता संख्या 20, प्लॉट नंबर 46 में रकवा 4 एकड़ जमीन उपलब्ध करा दिया गया है और उच्च पदाधिकारियों को रिपोर्ट सौंप दिया गया है। बताते चलें कि विधायक उमाशंकर अकेला ने 2 मार्च को विधानसभा बरही सिविल कोर्ट का मामला उठाया था। विधायक श्री अकेला ने पूछा कि बरही में अनुमंडल की स्थापना वर्ष 1994 में हुई है लेकिन व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं होने के कारण अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को मीलों दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। इसके साथ ही पूछा था कि क्या सरकार व्यापक लोकहित में बरही अनुमंडल मुख्यालय में व्यवहार न्यायालय प्रारंभ करना चाहती है। इसके उत्तर में बताया गया था कि विधि विभागीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के अतिरिक्त शक्तियों के साथ सिविल जज जूनियर डिविजन स्तर के एक न्यायालय का गठन हो चुका है। बरही में आधारभूत संरचना के उपलब्ध होने तक वे हजारीबाग में बैठेंगे। इसके साथ ही जवाब दिया गया था कि बरही अनुमंडल में उपरोक्त न्यायालयों के गठनोपरांत न्यायालय भवन के निर्माण के लिए आगे की कार्रवाई भवन निर्माण विभाग झारखंड रांची को सौंपा गया था।

तीन मार्च को जी-20 देशों के कई डेलिगेट्स आयेंगे लेक रिसॉर्ट

सड़क से अतिक्रमण जल्द हटायें : उपायुक्त

रामगढ़ के डीसी ने पतरातू में तैयारियों की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 के तहत तीन मार्च को कई देशों से कई डेलीगेट्स के पतरातू लेक रिजॉर्ट आने लेकर मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे एवं अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के साथ पतरातू प्रखंड का दौरा किया।

उपायुक्त एवं एसपी ने तैयारियों का जायजा लेने के क्रम में अधिकारियों को डेलीगेट्स के आने के मद्देनजर ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं सड़क के अगल-बगल किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अविलंब रूप से हटाने का निर्देश दिया। पतरातू लेक रिसॉर्ट के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त एवं एसपी ने डेलीगेट्स के स्वागत के लिए बनाई गई योजना की विस्तार से संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली वहीं उन्होंने अधिकारियों को सजग रह कर हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था, दंडाधिकारियों/ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति एवं सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराने को लेकर कई निर्देश अधिकारियों को दिए। उपायुक्त ने 3 मार्च के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश का अनुपालन कराने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

बाउरी के परिजनों से मिले विधायक कहा- राज्य में कानून व्यवस्था चौपट

भुरकुंडा (रामगढ़)। राज्य में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। सरकार, पुलिस-प्रशासन व माफिया के साथ खनिज संपदाओं का दोहण कर अवैध वूसली में जुटी है। इसका विरोध करने पर मौत के घाट उतार दिया जा रहा है। सत्ता दल के विधायक अंबा प्रसाद व पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव द्वारा क्राइम कंट्रोल में सरकार को विफल बताना पूरी तरह से जायज है। आलम यह है कि राज्य में अपराध चरम सीमा पर है। प्रतिदिन पांच हत्याएं हो रही है। पुलिस-प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है।

उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा विधायक और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर बाउरी ने कही। अमर बाउरी शनिवार को बितका बाउरी की हत्या के बाद सोमवार की देर शाम को सौंदा बस्ती में परिजनो से मिलने उनके आवास पहुंचे थें। यहां उन्होंने परिजनो से पूरी घटना की जानकारी ली। परिजनो ने बताया कि सौंदा बस्ती में दलितो विशेषकर बाउरी समाज का शोषण किया जा रहा है। कोई साथ नहीं देता है। परिजनो का दर्द सुन अमर बाउरी ने कहा कि आपलोग हौसला रखें न्याय दिलाऊंगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में भाजपा के प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी सहित तमाम भाजपा के विधायक मामले पर सरकार से जवाब मांगेगे। बाउरी के परिजनो को न्याय दिलाने के लिए सरकार को बाध्य कर देंगे। उन्होंने कहा कि मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी व मुआवजा दिलाने के लिए मैं और मेरी पार्टी हर संभव कदम उठायेगी।

कुछ समाचार पत्रों में छपी खबरों को लेकर एनटीपीसी ने जतायी नाराज़गी

बड़कागांव। कुछ समाचार पत्रों में छापे गये एनटीपीसी पर 400 एकड़ में अवैध खनन का एवं 82 करोड़ रुपये का जुमार्ना से संबन्धित सामाचार प्रकाशित किया गया है । इस संदर्भ में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह इस न्यूज का खंडन करते हुए यह बताना उचित समझती है कि जिस भूमि पर अवैध खनन करने की बात की जा रही है वह वन भूमि भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 17.09.2010 को एनटीपीसी को हस्तांतरित कर दिया गया गया था। अतः अवैध खनन की रिपोर्ट, सरासर बेबुनियाद एवं तथ्यहीन है। अतः समाचार पत्रों में इससे संबंधित न्यूज का एनटीपीसी पूरजोर खंडन करता है। एनटीपीसी को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा वर्ष 2004 में पकरी बरवाडीह कोयला ब्लॉक आवंटित की गई थी तथा एनटीपीसी कोयला खनन से संबंधित सभी वैधानिक अनुमति प्राप्त करने के तत्पश्चात वर्ष 2016 के दिसंबर माह में अपनी पहली कोयला खनन पर योजना चालू की थी। इस परियोजना में लगभग 4695 हेक्टेयर वन भूमि सम्मिलित है तथा प्रथम चरण में कोयला खनन हेतु कुल 3319.92 हेक्टेयर भूमि में कोयला खनन होना है। इस 3319.92 हेक्टेयर भूमि में लगभग 1026.438 हेक्टेयर वन भूमि सन्निहित है, जिसका हस्तांतरण पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा 2010 में एनटीपीसी को किया जा चुका है। परियोजना से लगभग 19 गांव प्रभावित हो रहे हैं तथा सभी भूमि एनटीपीसी को हस्तांतरित किया जा चुका है।

अनुमंडल अस्पताल में हर्निया का ऑपरेशन जल्द शुरू होगा

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। प्रखंड में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक प्रखंड सभागार भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा व संचालन एमओ मुकेश कुमार ने किया। बैठक के दौरान 20 सूत्री कार्यक्रम से जुड़े सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से खाद्य सुरक्षा, श्रमिक कल्याण, शुद्ध पेयजल, सबके लिए शिक्षा, महिला कल्याण, सामाजिक सुरक्षा ,सर्वांगीण विकास समेत अन्य सभी बिंदुओं पर विभागवार पदाधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा की गई। इसके अलावा 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष इकबाल रजा ने 19 विभागों को पत्राचार करते हुए विभाग से सम्बंधित सूचनाएं मांगी है। 20 सूत्री अध्यक्ष ने सचिव सह बीडीओ, सीओ, सहायक अभियंता जल पथ अवर प्रमंडल, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अनुमंडलीय अस्पताल बरही, सहायक अभियंता विद्युत विभाग बरही, वन क्षेत्र पदाधिकारी बरही, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी 1 और 3, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल बरही, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बरही, बाल विकास योजना पदाधिकारी बरही, प्रखण्ड भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी बरही, प्रखंड कृषि पदाधिकारी बरही, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, प्रखण्ड प्रबंधक जेएसएलपीएस बरही, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी बरही, सहायक अभियंता बरही, सभी कनीय अभियंता बरही से विकास योजनाओं से सम्बंधित विभिन्न बिंदुओं पर मांग किया है। वहीं सांसद प्रतिनिधि सह जीप प्रतिनिधि गणेश यादव ने बताया कि बसरिया पंचमाधव में निर्माण किए जा रहे पेयजलापूर्ति योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है, जिसके बाद बीडीओ ने जेई को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया। साथ ही सांसद प्रतिनिधि ने सिंहपुर के बगल में सटे बुढ़ीडीह को भी जल नल योजना से जोड़ने का मांग किया। वहीं डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में हर्निया, हैड्रोशील का ऑपरेशन बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड की भी शुरूआत जल्द होगी, डीएमएफटी मद से मशीन उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं ऑटो एनालाइजर टेस्ट की शुरूआत हो चूंकि है। कहा कि अस्पताल में लैब और ओटी रूम बनकर तैयार है। जिससे मरीजों को किसी तरह की परेशानी नही हो रही है। बैठक में 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष इकबाल रजा, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, डोमन पांडेय, 20 सूत्री सदस्य मीणा देवी, रंजीत पांडेय, विवेक विश्वकर्मा, रघुवीर यादव, अब्दुल इम्तियाज, आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार, कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, पीएचईडी जेई विमल कुमार, मनरेगा जेई सुनील कुमार, रोजगार सेवक मुनाजिद अंसारी, शिबू कुमार, बीआरसी बीपीएम अरुण कुमार शर्मा, रवि चौरसिया सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

20 सूत्री की बैठक में कई विभागों की विकास योजनाओं की समीक्षा

छात्र से यौनाचार मामले में आरोपी गिरफ्तार

बरकट्ठा । कपका में एक छात्र के साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया गया। ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने छात्र के मां के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि एक नौ वर्षीय छात्र स्कूल से घर लौटने के क्रम में कपका स्थित पुराना तालाब शौच क्रिया के लिए गया। वहां पर मौजूद तालाब में मछली पालन के मजदूर राजकिशोर पिता नंद यादव, अरवल, जहानाबाद, बिहार निवासी ने छात्र को पकड़कर तालाब पर बने मकान में ले गया। वहां उसका हांथ पैर बांध और मुंह में कपड़ा ठूस कर उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया। खून से लथपथ छात्र घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया। छात्र का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया।

नशामुक्ति व बाल विवाह उन्मूलन रथ रवाना

हजारीबाग । नशा मुक्ति तथा बाल विवाह रोकथाम से संबंधित जागरूकता रथ को उपायुक्त नैन्सी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखण्डों के दूर दराज के इलाकों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन एवं स्कूली बच्चों को नशा से दूर रहने एवं कम उम्र में लड़कियों के विवाह न करने को लेकर जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि नशा करना समाज के लिए अभिशाप है, नशा करने वालों का अक्सर घर परिवार टूट जाता है, उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वयं तथा अपने बच्चें को भी नशापान से दूर रखें। स-

भाजपा किसान मोर्चा का प्रशिक्षण शिविर

इचाक। भाजपा किसान मोर्चा हजारीबाग के जिला कार्यसमिति की बैठक सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गोवरबंदा पंचायत भवन में भाजपा किसान मोर्चा हजारीबाग के जिला अध्यक्ष नवीन रंजन दुबे की अध्यक्षता में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कोषाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी सुरेन्द्र मोदी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री ममीत अकेला जिला प्रभारी भोला प्रसाद जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनूप भाई वर्मा ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश सिंह, अर्जुन साव,सुनील मेहता ,बिनोद साहू,अजय राणा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन बैजनाथ साव के द्वारा किया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (AMRUT) 2.0

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– NPSBN/SBD-01/2022-23

क्र०	वार्ड	कार्य का नाम	मद	प्रा० राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य पूर्णता अवधि
1	5	Rejuvenation of Babhni Khand Dam at Nagar Panchayat, Shri Banshidhar Nagar	Amrut 2.0	40185233.00	25000.00	401852.00	18 माह

1	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	23-02-2023 (11.00 बजे पूर्वा० से)
2	ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय (ऑनलाईन)	11-03-2023 (05.00 बजे अप० तक)
3	कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Tender Documents एवं Affidavit आदि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	23-02-23 To 13-03-23 (11.00 बजे पूर्वा० से 04.00 बजे अप० तक)
4	हार्ड कॉपी जमा करने एवं निविदा खोलने का स्थान	कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)
6	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	14-03-2023 11.00 बजे पूर्वा०
7	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता	कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)

नोट :– जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in,www.garhwa.nic.in, www.udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 291466 Urban Development(22-23)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–57/2022–23

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.03.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 14.03.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.03.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की तिथि
1	Renovation of Dental Room at RINPAS, Kanke, Ranchi	1448200.00	29000.00	2500.00	Two Months
2	Construction of Main Gate for RINPAS (Male Section), Kanke Ranchi	1168250.00	24000.00	2500.00	Two Months
3	Construction of Main Gate for RINPAS (female Section), Kanke Ranchi	1196300.00	24000.00	2500.00	Two Months
4	Renovation of Canteen Building in RINPAS at Kanke, Ranchi	1818050.00	36400.00	5000.00	Two Months
5	Renovation of Main Building Barrack, Garage, Parking Shed in P.S. Flat No.-02 (Occupied by Mr. Naushad Alam IPS) at Dindayal Nagar, Booty Road, Ranchi	2347400.00	47000.00	5000.00	Two Months

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 291448 (Building) 22-23 (D)

कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक.....खूँटी, **E-Tender Notice** दिनांक.....

(Through E-Procurement mode only http://jharkhandtenders.gov.in)
E-Tender Reference No. KNP/13/2022-23 2nd Call

Sr.No.	Particulars	Details
1.	Name of Work	Rejuvenation of Kamanata Jalashay Under Nagar Panchayat, Khunti.
2.	Estimated Cost (INR)	Rs. 3,48,89,087/- (Rupees Three Crore Forty Eight Lakhs Eighty Nine Thousand Eighty Seven Only)
3.	Bid Security (INR)	3,48,891/-. (Rupees Three Lakhs Forty Eight Thousand Eight Hundred Ninety One Only)
4.	Cost of Bid Document (INR)	10,000/- (Rupees Ten Thousand Only) non-refundable
5.	Time of Completion	18 Months
6.	Date of e-publication of tender	10.03.2023 at 5.00 pm
7.	Document downloading start Date	10.03.2023 at 5.00 pm
8.	Pre bid meeting date, Time & Venue	17.03.2023 at 3.00 pm, Office Nagar Panchayat, Khunti
9.	Bid submission end date	23.03.2023 at 3.00 pm
10.	Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document	24.03.2023 up to 2.00 pm
11.	Bid opening date (online)	24.03.2023 at 3.00 pm
12.	Mode of Submission of Bids	e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in)
13.	Name &Address of office Inviting Tender	Executive Officer, Nagar Panchayat, Khunti
14.	Helpline Number	7461059733

Note: Only e-Tender will be accepted
Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)

PR291412 (Urban Development)22-23*D

ह0/– कार्यपालक पदाधिकारी,नगर पंचायत, खूँटी

झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड
JSFC भवन, कडरू मेन रोड, राँची–834002

NIT

Short Tender Notice for Empanelment of Publishing agency, Audio video production, Broadcast Telecast in different media, Paper advertisement/ Tender notice/ Display notice/ Booklet/ etc. through e-tender followed by Reverse e-auction

Tender Ref no.	
Description	Empanelment of Publishing agency, Audio video production, Broadcast Telecast in different media, Paper advertisement/ Tender notice/ Display notice/ Booklet/ etc
Tender start date	01.03.2023
Last date and time for submission of Tender	11.03.2023
Date and time for opening of tender	13.03.2023, 3.00 P.M.
Website for downloading RFP Document, Corrigendum/addendums etc.	https://jhtenders.eproc.in
Tender Fees	Rs.1000 in the Account of
EMD	Rs.10000 in the Account of
Bank Details	Account Holder- **Jharkhand State Food and Civil Supplies Corporation Limited.** Bank Name- **IndusInd Bank,** Account No.- **100172871641** IFSC- INDB0000030

Managing Director
(JSF & CSCL)

पत्रांक–864 दिनांक–28.02.2023

स्पीड न्यूज

किसान मेला 3 मार्च को

गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा अंतरराष्ट्रीय पौष्टिक अनाज वर्ष 2022 के अवसर पर टिकाऊ कृषि एवं आय विषय पर एक दिवसीय किसान मेला का आयोजन बिशुनपुर मुख्यालय में 3 मार्च 2023 को किया गया है। इस किसान मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों उधमी महिलाओं, महिला मंडलों, किसान उत्पादक समूह एवं कृषि प्रसार कार्यकताओं के बीच प्राकृतिक खेती एवं पौष्टिक अनाज उत्पादन व मूल संवर्धन के बारे में जागरूक करना है। इस जिला स्तरीय किसान मेला के उदघाटन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भारत सरकार नरेंद्र सिंह तोमर करेंगे। इस किसान मेला कार्यक्रम में गुमला जिले के 8063 किसान भाग लेंगे।

भतीजे की हत्या में शामिल मुख्य अभियुक्त ने किया आत्म सपर्मण

गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र के नवागढ़ पतराटोली में निवासी 15 वर्षीय छात्र ज्ञानदीप साहू के हत्या के मुख्य अभियुक्त चाचा विरेंद्र साहू उर्फ वीरूने बुधवार को न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। ज्ञात हो कि हत्याकांड में शामिल तीन अभियुक्तों को रायडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि मुख्य अभियुक्त चाचा विरेंद्र साहू घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस दबाव के कारण अभियुक्त ने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। मालूम हो कि आपसी रंजीश में चाचा विरेंद्र साहु ने तीन लोगों के साथ मिलकर भतीजे ज्ञानदीप साहू की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। मामले को लेकर मृतक के पिता के द्वारा रायडीह थाना में नामजद एफ आई आर दर्ज कराया गया था। वहीं आज फिल्मी अंदाज पर हत्या में शामिल मास्टरमाइंड विरेंद्र साहू उर्फ.वीरू ने पुलिस से बचते हुए वकील के भेष में कोर्ट में सरेंडर किया।

शिविर में जांच कर नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के अरु ग्राम में बेयर फाउंडेशन इंडिया के तहत नि:शुल्क दवा वितरण और जाँच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में पिरामिल स्वास्थ्य संस्था के द्वारा लगभग 67 महिला पुरुषों का डॉक्टर तपन कुमार मंडल द्वारा शुगर,हिमोग्लोबिन, मलेरिया,रतौंधी सहित अन्य बीमारियों का जाँच कर नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। संस्था की सिस्टर इन्दू तिग्गा ने जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सा शिविर के माध्यम से विशेष रोग का निदान के लिए बेयर टेलीमेडिसिन सेंटर के अलावे सरकारी अस्पताल में रेफर करने का प्रावधान है। मौके पर अनिल प्रजापति के अलावे सुकरी उराइन,अर्जुन यादव,तरामुनी मिंज,लाली देवी,सरिता उराँव,सीता देवी,पार्वती देवी,सरस्वती उराइन,सुशीला देवी,रीता देवी,मुनी देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

विज्ञान मेला का हुआ आयोजन

घाघरा। घाघरा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंधराडीह में मंगलवार को विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। इस क्रम में विद्यालय के बच्चों के बीच स्वयं सेवी संस्थान प्रथम के द्वारा बच्चों के बीच कई तरह के विज्ञान प्रयोग करके दिखाया गया। जिसमें बोतल में फव्वारा ,पेंसिल संतुलन व गुब्बारा से संबंधित कई चीज का प्रयोग शामिल है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद तलत ने बताया कि विज्ञान मेला लगने से बच्चे काफी उत्साहित हुए और बच्चों में एक नया संचार उत्पन्न होता है लोग देखकर बेहतर करने की सोचते हैं और इस क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाते हैं। मौके पर गोविंद नारायण चौधरी, विनोद मिंज, विजय नायक, सीता देवी, किरण देवी, हेमापति देवी, बासु उराव सहित विद्यालय के कई छात्र छात्रा उपस्थित थे।

नेपाल में आयोजित पारा थ्रो गेम में गुमला के दो दिव्यांगों ने जीता गोल्ड

उपायुक्त ने दोनों खिलाड़ियों को किया सम्मानित, कांट्रैक्ट पर नौकरी का दिया अश्वासन

सीमित संसाधानों के बाद भी दोनों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया

खबर मन्त्र संवाददाता

दिव्यांग गोल्ड मेडल विजेताओं को सम्मानित करते उपायुक्त

गुमला। नेपाल के काठमांडु में 19 से 21 फरवरी तक आयोजित पारा थ्रो प्रतियोगिता में गुमला के दो दिव्यांगों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। जिले के कामडारा प्रखंड निवासी पवन लकड़ा और असुंता टोप्पो ने पारा थ्रो में गोल्ड मेडल हासिल किया है। मंगलवार को दोनों खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उपायुक्त सुशांत गौरव ने उन्हें सम्मानित किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सीमित संसाधानों के बाद भी दोनों दिव्यांग खिलाड़ी ने अपनी प्रतिभा के बल पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनके द्वारा प्राप्त गोल्ड मेडल कितने दिव्यांगों को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। जिला प्रशासन इन खिलाड़ियों के साथ है। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन कान्ट्रेक्ट पर इन खिलाड़ियों को नौकरी भी देगी। वहीं पवन लकड़ा ने कहा कि वे जूनियर समय से इस गेम में शामिल है लेकिन आर्थिक तंगी के कारण बीच में खेल बंद कर दिया था। 2018 से फिर से गेम में वापस आया और नेपाल के काठमांडु में आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। पवन लकड़ा जेएसएलपीएस कामडारा में प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। वहीं असुंता टोप्पो ने बताया कि वह जब रांची गयी थी तब वह खेल से जुड़ी और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। नेपाल के काठमांडु में आयोजित पारा थ्रो में उसने गोल्ड मेडल जीता।

होली व शब ए बारात पर्व को लेकर घाघरा में शांति समिति की बैठक संपन्न

शांति समिति की बैठक में शामिल सदस्य।

घाघरा। होली व शब ए बारात पर्व को लेकर घाघरा थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड प्रमुख सविता देवी व थानेदार अमित कुमार चौधरी के अलावा प्रखंड क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और किसी भी तरह से आस्था को ठेस ना पहुंचाते हुए त्यौहार मनाना का निर्णय लिया गया। होली के समय अनावश्यक सड़कों पर वाहन लेकर नहीं निकलने की हिदायत दी गई। साथ ही बढ़ते दुर्घटना व युवतियों के साथ छेड़छाड़ को देखते हुए यह चर्चा किया गया कि शादी समारोह में अभिभावक अकेले बच्चों को ना भेजें। किसी भी कीमत पर बच्चों को अकेले शादी समारोह या कहीं भी ना जाने दे। साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर पर बने लाइब्रेरी के संचालन व विद्यार्थियों तक लाइब्रेरी की महत्ता को बताने का चर्चा की गई। सभी वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की हिदायत थानेदार ने दी। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, प्रमुख सविता देवी, विपिन बिहारी सिंह,मनोज सिन्हा,अनिरुद्ध चौबे, कृष्णा लोहरा, प्रदीप प्रसाद, आदित्य भगत, सुशित गोस्वामी, संजय सिंह, चांदनी देवी, सहित कई लोग मौजूद थे।

क्षेत्र में हाथी के आगमन से ग्रामीणों में भय का माहौल

अंचल व पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंच लिया जायजा

खबर मंत्र संवाददाता

हाथी की सूचना पर मौजूद लोग।

सेन्हा-लोहरदगा। झखरा जितिया टोली क्षेत्र में देर रात हाथी के आगमन से ग्रामीणों में भय का माहौल है। सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत झखरा जितिया टोली क्षेत्र में तीन जंगली हाथीयों का आगवन से ग्रामीणों में भय का महौल बना हुआ है। वही बताया जाता है। कि बुटी व जितिया टोली के बीच रास्ते से हाथी को घाघरा थाना क्षेत्र में जाते हुए किसान के द्वारा देखा गया। वहीं हाथी के क्षेत्र में आगमन की सूचना पर अंचलाधिकारी विजय कुमार और पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र का दौरा कर जायजा क्लिय गया। साथ ही क्षेत्र वासियों से सावधानी कायम रखने को लेकर अपील किया गया। साथ ही निर्देश देते हुए कहा गया कि हाथी के नजदीक न जायें और वीडियो या फोटो ग्राफी नही करने के क्लिय कहा गया। सुत्रों से जानकारी के अनुसार बता दें कि देर रात किसान द्वारा गेहूं खेत की सिंचाई के दौरान तीन हाथीयों नजर पड़ा था। जो घाघरा क्षेत्र के ईचा ग्राम की ओर जाते हुए देखा गया है। और रास्ते मे कहीं कहीं पर पेड़ पौधे को क्षतिग्रस्त करने की बात भी बताई जा रही है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी विजय कुमार ने ग्रामीणों को सतर्क करते हुए कहा कि हांथी के आगमन से लोगो मे भय होना स्वभाविक है। परंतु ऐसे पतिस्थिति में ग्रामीणों को आपसी सावधानी बनाए रखना भी आवश्यक है। वही सीओ द्वारा चेतावनी देते हुए हाथी के साथ छेड़छाड़ न करने के लिए कहा गया। साथ ही उन्होंने कहा अगर ऐसा हुआ तो क्षेत्र में बड़ी हादसा होने की संभावना बढ़ सकती है। साथ ही ग्रामीणों से कहा गया कि अगर क्षेत्र में हाथी पर नजर पड़ता है। तो इसकी सूचना प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन या वन विभाग को यथाशीघ्र दें जिससे विभाग की ओर से समय रहते हाथी से निजात दिलाने के दिशा में कदम उठाया जा सके।

कुडू में स्ट्रीट व हाई मास्ट लाइट लगेंगे : डीसी

खबर मंत्र संवाददाता

बैठक करते डीसी व एसपी।

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए योजनांतर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में किस्को प्रखण्ड में दोना-पत्तल उत्पादन केंद्र में विद्युत कनेक्शन हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी और कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल लोहरदगा को आवश्यक निर्देश दिये गये। जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों में कम्प्यूटर सिस्टम और प्रोजेक्टर के अधिष्ठापन हेतु प्रस्ताव समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया।

कुडू में स्ट्रीट लाईट व हाई मास्ट लाईट लगाये जाने के लिए आवश्यक निदेश कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद, लोहरदगा को दिये गये। साथ ही, हाईमास्ट लाईट का परिचालन के लिए ऑटोमेटिक सेंसर व्यवस्था की लाइट लगाने का निदेश दिया गया। साथ ही, इस शर्त को जोड़ते हुए निविदादाताओ को अवगत कराये जाने का निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, अभियंता विद्युत प्रमण्डल, जिला अभियंता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

नाबालिग के साथ दो युवकों ने किया दुष्कर्म, एक अभियुक्त गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने दिखायी तत्परता, शादी समारोह से लौट रही थी नाबालिक बच्ची

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के एक नाबालिक बच्ची के साथ दो नाबालिक युवकों ने मंगलवार की अहले सुबह दुष्कर्म किया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक अभियुक्त फरार है। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक शादी समारोह में भाग लेने गई थी और सोमवार की रात लगभग 3:30 बजे तीनों युवकों के साथ घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान दो युवक वहां से चले गये और घर के बगल वाले युवक के साथ नाबालिक लौट रही थी। इसी बीच कुछ युवकों ने उन्हें घेर लिया और साथ चले रहे युवक को मारपीट कर भगा दिया। जिसके बाद नाबालिक बच्ची का मुंह बंद कर उसे दो युवक बांकी नदी की ओर ले गये। जहां नाबालिक बच्ची के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इधर घटना के बाद पीड़िता ने घर जाकर परिवार के सदस्यों को मामले की जानकारी दी। परिवार वालों ने घटना की जानकारी गुमला थाना को दी। पुलिस ने सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

बीडीओ ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखा किया रवाना

सिसई। हंस फाउंडेशन द्वारा प्रदत मोबाइल मेडिकल यूनिट चलंत वाहन को रेफरल अस्पताल सिसई परिसर से प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवियों ने हरी झंडी दिखाकर मंगलवार को रवाना किया। हंस फाउंडेशन के जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गुलशन कुमार और राहुल पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गुमला जिला के 11 प्रखंड में मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रदान किया जाना है। जिसमें अब तक 5 प्रखंड में मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन कार्य कर रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि सिसई प्रखंड में 20 गांव को चिन्हित किया गया है। जहां मोबाइल मेडिकल यूनिट चलंत वाहन की टीम गांव पहुंचकर ग्रामीणों का बीपी, शुगर, एच बी , थायराइड, मलेरिया, टाइफाइड, सहित अन्य बीमारियों से ग्रक्षित लोगो का निशुल्क जांच करेंगे। वही जांच के उपरांत सभी को निशुल्क दवाई भी दिया जाएगा। वही ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच कराने के लिए अपने साथ आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर आना होगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनीला खलखो, अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का, प्रमुख मीना देवी, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अनिल साहु, प्रकाश उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि उरांव, प्रभारी चिकित्सा ललिता मिंज,राहुल पाल, तानिया अरोरा, फार्मासिस्ट बलराम बारगाह, जनसेवक , सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

घर दिलाने के नाम पर बिचौलियों ने तुड़वा दिया कच्चा मकान, दर-दर की ठोकरें खाने को विवश

महिला ने उपायुक्त से न्याय दिलाने की लगायी गुहार, इंदिरा आवास के नाम पर मिली राशि को बिचौलिये खा गये

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। बिचौलियों ने कच्चे मकान में रह रही बसिया प्रखंड के कलिगा पंचायत के लोंगा गांव निवासी निर्मला बाड़ा के घर को इंदिरा आवास दिलाने के नाम पर तोड़कर बेघर कर दिया। अब महिला अपने परिवार के सदस्यों के साथ तहसील कचहरी लोंगा में रहने को विवश है। मंगलवार को महिला निर्मला बाड़ा ने अपने हालात से उपायुक्त को अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगायी है। महिला ने कहा कि उसका इंदिरा आवास पास हुआ था। जिसे पीटर मिंज द्वारा बनाने की बात कहकर योजना की राशि निकाली ली और आज तक मकान का निर्माण नहीं कराया। महिला ने अपना दर्द बयां करते हुए उपायुक्त को बताया कि घर टूटने के बाद वे पेड़ के नीचे रहकर जीवन बसर करने को मजबूर हो गये थे। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से वह तहसील कचहरी में रह रही है। महिला ने कहा कि वह शोषण की शिकार हो रही है। उसका दर्द कोई देख नहीं पा रहा है। वहीं आवास बनाने की बात पीटर मिंज से करने पर उसके द्वारा डराया धमकाया जा रहा है। उसे न्याय चाहिए। आखिर कब तक वह तहसील कचहरी में परिवार के साथ रह पाएगी।

ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता की गिरफ्तारी का असर विभाग के कार्यों पर पड़ा

- विभागीय टेंडर रद्द होने से जिलों में ऐसे आवंटित कार्य हो रहे हैं, जिसमें आवंटन ही नहीं है
- इडी का खौफ कार्यपालक अभियंताओं में भी दिख रहा है, क्योंकि इडी मुख्य अभियंता के करीबियों को भी दबोच रहा है

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता विरेंद्र राम को ईडी के द्वारा पूछताछ के बाद गिरफ्तार किये जाने का असर कई जिलों के ग्रामीण कार्य विभाग विशेष प्रमंडल में भी देखा जा रहा है। ईडी के मुख्य अभियंता के गिरफ्तार के बाद विभागीय कार्य का टंडर बंद कर दिया गया है। केवल जिला स्तर के कार्यों में ही टेंडर निकाला जा रहा है। ईडी के दबाव के बाद विभाग के प्रधान सचिव के द्वारा योजनाओं के अद्यतन स्थिति व कार्यों को लेकर प्रतिदिन जिलों को चिट्ठी भेजी जा रही है। विभाग के मुख्य अभियंता के गिरफ्तार के बाद गुमला जिला में उसका खासा असर पड़ा है। विभागीय टेंडर बंद होने के कारण जिले के ही कार्यों में टेंडर किया जा रहा है। जिसमें आवंटन ही नहीं है। ठेकेदार ऐसे टेंडरों में भाग लेने से बच रहे हैं। क्योंकि बिना आवंटन के जिले के ठेकेदार योजनाओं में काम करके पैसे का इंतजार कर रहे हैं। ठेकेदारों का करोडों रूपया बकाया है और उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है। गुमला जिला में भी योजनाओं को माइनेज कर काम लेने का कार्य लंबे समय से चल रहा है। रांची में जाकर विभागीय इंजिनियर को चढ़ावा चढ़ाने के बाद करोडों की योजना का ठेका संवेदक ले लेते हैं। जिसमें कई लोग की सहभागिता रहती है। ईडी के गिरफ्त में मुख्य अभियंता के आने के बाद से राज्य के कई जिलों के कार्यपालक अभियंता भी सक्ते में हैं। क्योंकि मुख्य अभियंता के बाद ईडी उनके करीबियों को भी दबोचने में जुटी हुई है। उनके करीबी कई कार्यपालक अभियंता भी है। फिलहाल जिलों में कार्यपालक अभियंता ईडी के दबाव में मिले विभागीय चिट्ठ पर कार्य करते नजर आ रहे हैं।

एक नजर में

इमर्जिंग फ्यूचर की छात्रा ने पीओ की परीक्षा में पायी सफलता

लोहरदगा। जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली संस्थान इमर्जिंग फ्यूचर की छात्रा ' क्षमा गुप्ता ' ने बैंक (पी. ओ. 2022) तथा मेघा कुमारी ने रेलवे की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उनकी इस सफलता पर संस्थान के डायरेक्टर ए१. विकास सर्राफ ने उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उनके उनके इस उपलब्धि पर उन्हे संस्थान मे बुलाकर सम्मानित किया गया। 'क्षमा गुप्ता' ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी लगन, अच्छे भेंटोर और उचित मार्गदर्शन से कोई की परीक्षा पास की ज सकती है, थोड़ा समय जरूर लगेगा लेकिन पेशेन्स नही खोना है अंत मे सफलता जरूर मिलेगी। उनकी इन बातो ने अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों में एक नई जोश और उमंग भर दी। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर ए१. विकास सराफ ने सभी विधार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी।

शांति समिति की बैठक संपन्न

गुमला। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को सूचना भवन सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। होली तथा शब-ए-बारात पर्व को लेकर उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में आयोजित उक्त जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में जिले के प्रमुख पदाधिकारियों तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। उपायुक्त ने कहा कि गुमला जिला में सदैव शांति और समरसता के माहौल में पर्व त्योहारों का आयोजन होता आया है। इस वर्ष भी सभी लोग उसी सद्भावना को बरकरार रखेंगे। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से प्राप्त प्रस्तावों व सुझाव पर अमल करने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को यथोचित निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब ने भी शांति समिति के माध्यम से जिले भर के लोगों तक अपनी भावनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि लोग अच्छे माहौल में मिलजुल कर पर्व मनाएं, पुलिस और प्रशासन सदैव नागरिकों की सेवा में तत्पर है। उन्होंने सोशल मीडिया का पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ प्रयोग करने की अपील की। बैठक के दौरान साफ सफाई, जलापूर्ति, बिजली व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि को लेकर सुझाव मिले। जिस पर नगर परिषद, पेयजल व स्वच्छता विभाग तथा विभाग विद्युत विभाग को आवश्यक निर्देश मिले। उपायुक्त ने सभी होलिका दहन स्थलों पर फर्स्ट एड बॉक्स रखने, एंबुलेंस तैनात रखने, सड़कों व गलियों को साफ स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार, सीओ केके मुंडू, सिविल सर्जन राजू कच्छप, रमेश कुमार, निर्मल गोयल, आशिक अंसारी, मुरली मनोहर प्रसाद, डोमन राम मोची समेत कई अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : अनिल उरांव

लोहरदगा। गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय में जिला परिवहन कार्यालय के तत्वावधान में सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी दी गई।मौके पर थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा जूता जरूर पहनना चाहिए।साथ ही चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। बच्चे अपने घर के बड़ो को रोड़ सेफ्टी के प्रति जागरूक करें। उन्हें बताये की उनके ऊपर पूरे परिवार की जिम्मेवारी है इसलिए सड़क सुरक्षा नियमों का अवश्य पालन करें।अगर किसी व्यक्ति की सड़क पर दुर्घटना हो जाती है तो संबंधित थाने में इसकी सूचना अवश्य दें तथा घायल व्यक्ति को अस्पताल जरूर पहुंचाये। महिला थाना प्रभारी किरण पंडित ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें, सड़क के बाई ओर चलना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय सचिव चन्दन भारती, प्राचार्य जयमंती कुमारी, सरस्वती सिंह, अनामिका भारती, आभा कुजूर, काजल साहू,सिद्दीका परवीन, अर्पणा सिन्हा, कंचन मेहता,आशा दास, संगीता वर्मा,सबिता कुमारी, डोरोथी खलखो,उमा मिश्रा, सुमन लकड़ा, कविता शर्मा तथा उच्च विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

विज्ञान का क्षेत्र बहुत विस्तृत : चंदन भारती

लोहरदगा। गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय में भाष्कर ऐस्ट्रो एसोसिएशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सह विज्ञान उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय सचिव चन्दन भारती की अध्यक्षता में की गई। भास्कर ऐस्ट्रो एसोसिएशन के सचिव बैद्यनाथ मिश्रा ने रमन इफेक्ट के बारे में बताया कि इसका प्रयोग बीमारियों के साथ साथ अनेकों शोधों में भी किया जा रहा है,रमन इफेक्ट के प्रयोग से चांद पर जल की खोज की जा रही है।भास्कर ऐस्ट्रो के सदस्य प्रो युगल किशोर प्रसाद ने बताया कि संस्कृत में एक श्लोक है बलं मुले विज्ञानं। मतलब विज्ञान ही शक्ति का आधार है। उन्होंने स्पेक्ट्रम के विषय में बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनामिका भारती के द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या जयमंती कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चन्दन भारती, जयमंती कुमारी, सरस्वती सिंह, अनामिका भारती, काजल साहू,आभा कुजूर, सिद्दीका परवीन, अर्पणा सिन्हा, कंचन मेहता, आशा दास, संगीता वर्मा, सबिता कुमारी,डोरोथी खलखो, उमा मिश्रा, सुमन लकड़ा, कविता शर्मा आदि उपस्थित थे।

11 हजार वोल्ट का करंट लगने से युवक की मौत

भंडरा। प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव निवासी सामाजिक चेतना से परिपूर्ण विजय कुमार यादव उम्र23वर्ष पिता गंदूर महतो का 11 हजार वोल्टेज तार के चपेट में आने से बीती अर्धरात्रि में मौत हो गई। घटना मसमानो पंचायत सचिवालय के निकट से गुजरी 11 हजार हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आने से घटी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में विवाह कार्यक्रम चल रहा था, इसमें ग्रामीण सम्मिलित हुए थे। रात्रि में विजय यादव पोल से गुजरे 11 हजार हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया। इस दौरान वह गंभीर रूप से झुलस गया। गांव वालों ने आनन-फानन में 108 एंबुलेंस के माध्यम से रात्रि में ही भंडरा सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परस्पर सहयोग और सदभाव त्योहार के लिए जरूरी : डीसी

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को होली और शब-ए-बारात 2023, को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में शांति समिति के विभिन्न समुदायों के लोग शामिल हुए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बीते दिनों ईद, महाशिवरात्रि, उर्स आदि त्योहार जिला में शांतिपूर्ण रहे हैं। इसमें सभी प्रशासनिक/पुलिस पदाधिकारियों व युवाओं सहित आप लोगों की महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूर्ण विश्वास है कि आनेवाले दिनों में भी त्यौहारों में शांति बनी रहेगी। एक दूसरे के परस्पर सहयोग ,सदभाव व सौहार्द्र माहौल के लिए जरूरी है कि हम एक दूसरे के पर्व-त्यौहारों में शामिल हों। होली जहां नव वर्ष के आगमन पर उत्सव का त्यौहार है वहीं, शब-ए-बारात फॉरगिवनेस का है। यह संदेश युवाओं के बीच फैलाने की जरूरत है। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी मुख्यालय, एसडीपीओ, सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, विभिन्न समाजिक संगठनों के लोग व जिला/प्रखण्ड स्तरीय शांति समिति के गणमान्य सदस्यगण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

आग से झुलस कर विवाहिता गंभीर, रिम्स रेफर

जयनगर (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरोन में मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे 19 वर्षीय विवाहिता आग से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। विवाहिता की पहचान तेतरोन निवासी 19 वर्षीय सलोनी देवी पति रंजीत दास के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों के द्वारा विवाहिता को सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। हालांकि इस मामले को लेकर परिजनों के द्वारा किसी प्रकार की शिकायत खबर लिखे जाने तक थाने में नहीं की है। वहीं उक्त घटना के संबंध में सदर अस्पताल से पुलिस को सूचना दी गई, तत्पश्चात कोडरमा थाना से पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर फर्द बयान दर्ज किया। आपको बता दें कि उक्त विवाहिता सलोनी देवी पिता भुनेश्वर दास गैड़ा निवासी का विवाह हिंदू रीति रिवाज से करीब एक वर्ष पूर्व तेतरोन निवासी रंजीत दास पिता किशुन दास के साथ हुई थी।

जन समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त

कोडरमा। उपायुक्त आदित्य रंजन कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। वहीं उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जनता दरबार में धान बेचने की राशि का भुगतान नहीं होने, प्रधानमंत्री आवास बनाने में बाधा पहुंचाने, बाजार समिति में फल सब्जी बेचने की अनुमति देने, दुकान में जबरन कब्जा करने, भवन निर्माण में बाधा डालने व अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये।

0.54 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

चतरा। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध नशा के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कार्रवाई के तहत मंगलवार को सदर थाना पुलिस ने शहर के लाइन मोहल्ला महुआ चौक से मोहम्मद साजिद नामक एक युवक को 0.54 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने अपने प्रेस वार्ता में बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को लगातार सूचना मिल रही थी कि शहर के लाइन मोहल्ला महुआ सूचना को सत्यापित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महुआ चौक से मोहम्मद साजिद पिता मोहम्मद खालिद को गिरफ्तार किया। जिसके पास से तीन कागज की पुड़िया में 0.54 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, 5 रूपय का नोट जिसमें एलमुनियम का पेपर फोल्ड किया हुआ।

देशी महुआ शराब के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बलिया बथान, कबराबूट व बेलभरनी जंगल में चल रहे अवैध देशी महुआ शराब के चुलाई के विरुद्ध डोमचांच थाना पुलिस एवं उत्पाद विभाग के द्वारा संयुक्त छापामारी किया गया। छापेमारी के क्रम में लगभग 25 क्विंटल जावा महुआ एवं शराब बनाने वाले उपकरण को नष्ट किया गया। वहीं मौके से एक व्यक्ति लालू मेहता मसनोडीह डोमचांच थाना निवासी को गिरफ्तार किया गया एवं मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत ध्वाजाधारी आश्रम के समीप मंगलवार दोपहर करीब 11:30 बजे मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से हो गया। मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय मुन्ना साव पाण्डेयडीह निवासी अपने मोटरसाइकिल से फुलवरिया दोस्त के घर जा रहा था, इसी क्रम में मोटरसाइकिल के चकमा से वन विभाग के द्वारा काटे गए ट्रेंच में जा गिरा, जिसमें उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रशासन का प्रयास विफल, चिकित्सकों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

केमिस्ट एसोसिएशन भी उतरा हड़ताल में, आज बंद रहेंगी जिले की सभी दवा दुकानें

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अवधेश कुमार सिंह के साथ कथित मारपीट की घटना के बाद गढ़वा में चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों का आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों के हड़ताल को समाप्त कराने का जिला प्रषासन का हर प्रयास विफल रहा। यह हड़ताल मंगलवार को पांचवे दिन भी जारी रहा। चिकित्सकों के हड़ताल से गढ़वा में चिकित्सा व्यवस्था पर काफी असर पड़ा है। अब चिकित्सकों के इस आंदोलन में गढ़वा जिला

हड़ताल पर बैठे चिकित्सक व चिकित्सा कर्मी।

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएषन भी कुद पड़ा है। एसोसिएषन ने चिकित्सकों के हड़ताल के समर्थन में बुधवार को जिले भर की सभी दवा दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएषन के अध्यक्ष आद्या शंकर पांडेय ने बताया कि चिकित्सकों के हड़ताल के समर्थन में बुधवार को जिले भर के दवा दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। हालांकि श्री पांडेय ने आवष्यकतानुसार इमरजेंसी सेवा उपलब्ध कराने की बात कही है।

मंगलवार को डीडीसी राजेश कुमार राय ने सदर अस्पताल पहुंचकर आंदोलनरत सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार एवं आंदोलनरत सभी चिकित्सकों व चिकित्सा कर्मियों से बातचीत कर हड़ताल समाप्त करने की अपील किया। डीडीसी ने बातचीत कर सीएस सह झासा के गढ़वा जिला अध्यक्ष डा. अनिल कुमार एवं आईएमए के सचिव डा. कुमार निशांत सिंह से हड़ताल समाप्त करने की घोषणा करने को कहा। परंतु इन पदाधिकारियों ने संगठन के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों से बातचीत के बाद ही हड़ताल समाप्त करने की घोषणा करने की बात कही। इसके डीडीसी वापस चले गए। हड़ताल पर बैठे चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों ने कहा कि जब तक घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। सीएस व आईएमए सचिव ने बताया कि यहां की परिस्थितियों से झासा व आइएमए के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है। वहां से निर्देश मिलने के बाद ही हड़ताल समाप्त किया जा सकता है। बुधवार को आईएमए के राज्यस्तरीय आंदोलन के तहत भी जिले भर के सभी चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे।

पुलिस ने साइबर ठग को किया गिरफ्तार

चतरा। सदर थाना पुलिस ने देवघर से एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि दिनांक 23 फरवरी को सदर थाना निवासी मोहम्मद इफ्तेखार आलम ने सदर थाना में लिखित आवेदन दिया था कि उसके खाते से 50 हजार 110 रुपए की ठगी की गई है। जिसमें सदर थाना द्वारा कांड संख्या 40/2023 धारा 420 एवं 66(सी) 66(डी) आईटी एक्ट अंतर्गत कांड दर्ज किया गया था। जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम के द्वारा देवघर जिला ग्राम डूमरतर थाना कर्रो से उदय कुमार दास उर्फ सोनू पिता हृदय महरा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम युवक ने साइबर क्राइम करने की बात स्वीकार कर ली है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से आईटेल कंपनी के एक कीपैड मोबाइल, आधार कार्ड क्रेडिट कार्ड जप्त किया गया। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली एसआई कौशल कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल है।

डीआरडीए निदेशक ने जनता दरबार में सुनी फरियादियों की समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन ने मंगलवार को जनता दरबार कर जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। जिसके बाद उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। इस दौरान राशन कार्ड, जमीन, नियुक्ति, सुखाड़ राहत समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी एवं समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

सर्वप्रथम मेराल प्रखंड के अवरैया ग्राम निवासी कारमपति देवी ने अपने राशनकार्ड में नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया।

समस्या सुनते डीआरडीए निदेषक

जिसे डीआरडीए निदेषक ने जांच कर राशनकार्ड में नाम जोड़ने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया। मेराल प्रखंड के गोंदा पंचायत निवासी गायत्री देवी ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया, लेकिन किसी कारणवश अब तक लाभ नहीं मिल पाया। उनके आवेदन की जांच एवं कार्रवाई के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया। इस प्रकार बारी बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारियों के समक्ष रखा। प्राप्त शिकायतों को डीआरडीए निदेषक ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। आवेदकों ने राशन कार्ड निर्माण एवं राशन कार्ड में नाम जोड़ने, राशन वितरण आदि से संबंधित भी शिकायत के आवेदन समर्पित किये।

विज्ञान के बगैर दिव्य ज्ञान की प्राप्ति नहीं : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर प्रसिद्ध वैज्ञानिक सीवी रमण के स्मरण में 22 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित सात दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी सह स्मरणोत्सव के छठे दिन संस्थान परिसर में प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के प्रतिभागियों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी किया जाना चाहिए, ताकि छात्र छात्राओं में विज्ञान के प्रति जागरूकता आ सके और वे आगे चलकर विज्ञान के समझ को अपनाकर समाज में फैली अंधकार को दूर करने में सक्षम हो सके।

इन स्कूलों के प्रतिभागियों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

राजकीय पॉलीटेक्निक में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में संस्थान के छात्र छात्राओं के अलावे डीएवी पब्लिक स्कूल, मेरिडियन एकेडमी, जवाहर नवोदय विधालय, कैलाश राय विधालय, सेंट्रल स्कूल, सरस्वती विधा मंदिर, आरपीआई पॉलिटेक्निक, आरआईटी अभियंत्रण महाविद्यालय, एसआईटी गिरिडीह, गुमला पॉलिटेक्निक आदि के छात्र छात्राएं शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि बिना विज्ञान के दिव्य ज्ञान की प्राप्ति नही हो सकती है, दिव्यता समाज की प्रगति की पहचान हो सकती है। वहीं प्राचार्य राजेश कुमार ने कहा कि देश और देश की जनता के प्रगति और विकास के पीछे विज्ञान का बहुत बड़ा योगदान है। मौके पर व्याख्याता एसबी मिश्र, विक्रम मांझी, सन्तोष कुमार, संजय कुमार, मनोज यादव, भूपेंद्र कुमार, मनोरंजन कुमार, अखिलेश कुमार, कुमार प्रिंस, रामानुज प्रसाद, हीरालाल कुम्हार, शाहीन आथर, अनु कुमारी, आकृति राज, वीरेश्वर सिंह, महेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

जनता दरबार में प्राप्त मामलों पर जल्द कार्रवाई करें पदाधिकारी: डीसी

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों का संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन विवाद, कोरोना महामारी के दौरान कार्यरत कर्मी के भुगतान से संबंधित मामले, आवास, उग्रवादी हिंसा संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। जनता दरबार के माध्यम से आमजनो की समस्याएं सूनने के पश्चात उपायुक्त अबु इमरान ने ऑनलाइन माध्यम से जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों व सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल

अधिकारियों के साथ अभी तक जनता दरबार के माध्यम से प्राप्त मामले के निष्पादन एवं लम्बित अवेदनों का क्रमवार समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने लंबित अवेदनों की जानकारी लेते हुए साफ शब्दों में सभी संबंधित को कहा कि जनता दरबार में प्राप्त मामले का निष्पादन नियमानुसार शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जनता दरबार के सभी मामलों का निष्पादन अपने अपने स्तर से भी तत्वरित रूप से करें।

प्रोजेक्ट रेल 2.0 के तहत प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित

कोडरमा। उपायुक्त आदित्य रंजन की पहल से प्रोजेक्ट रेल 2.0 के माध्यम से जिले के सभी विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा मंगलवार को भी आयोजित गई है। बताते चलें कि प्री-बोर्ड परीक्षा के तहत 10वीं के छात्र-छात्राओं का विज्ञान एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं का विज्ञान, वाणिज्य, कला से अर्थशास्त्र विषय का परीक्षा लिया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्री बोर्ड परीक्षा दो पालियों में आयोजित किया गया। सभी विद्यालयों में प्रथम पाली में 10वीं की प्री बोर्ड परीक्षा ली गयी, वहीं दूसरी पाली में 12वीं की छात्र-छात्राओं का प्री बोर्ड परीक्षा संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैंटर्न मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया था।

ज्ञान निकेतन में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने महान भारतीय भौतिक वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ सीबी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर किया। मौके पर निदेशक केषरी ने कहा कि यह दिवस 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में भारतीय वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन की ओर से विज्ञान जगत को दिए गए अनुपम

उपहार रमन प्रभाव के सम्मान में मनाया जाता है। लोगों के दैनिक जीवन में उपयोग किए जाने वाले विज्ञान के महत्व के बारे में सुखद सन्देश फैलाने, मानव कल्याण के लिए विज्ञान के क्षेत्र में सभी गतिविधियों, प्रयासों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने, विज्ञान के क्षेत्र में विकास के लिए सभी मुद्दों पर चर्चा करने और नई नई तकनीकों को लागू करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। प्राचार्य ने कहा कि बच्चे विज्ञान के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाएं इसके लिए स्कूल निरंतर सहयोग करेगा। मौके पर शिक्षक उदय प्रकाश, मुकेश भारती, खुर्शीद आलम आदि लोग उपस्थित थे।

108 कुंडीय नवचेतना गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूरी, कलश यात्रा आज

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। नगर पंचायत के चन्द्री में नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में माता की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में एक मार्च से पांच मार्च तक आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए बुधवार को 1100 कलशों के साथ विशाल व भव्य कलशयात्रा निकली जायेगी। इधर महायज्ञ की अन्य

तैयारियों में भोजनालय, प्रवचन पंडाल एवं कार्यालय कक्ष बनाने के लिए विकास टेन्ट हाउस के गायत्री परिजन बिरेन्द्र सौंडिक एवं उनके सहयोगियों द्वारा चैबीसों घंटे अपना समय दान किया जा रहा है। जबकि गायत्री महायज्ञ के मुख्य संरक्षक राधाकृष्ण मंदिर के पुजारी बाल ब्रह्मचारी श्री श्री 108 श्री बाबा केशवनारायण दास, मंदिर के लिए भूमि दान दाता मुखलाल विश्वकर्मा एवं जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी, प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह आदि वरिष्ठ परिजनों के निर्देशन में यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष शिव प्रसाद, कोषाध्यक्ष अशोक चैरसिया, उप कोषाध्यक्ष बेचन राम,युवा मंडल के जिलाध्यक्ष बिरेन्द्र सोनी, पवन कुमार जायसवाल, चंदन कमलापुरी, अरुण सोनी, देवमुनि विश्वकर्मा, अशोक साह दिनेश पाल, टुकु कमलापुरी सहित दर्जनों गायत्री परिजन महायज्ञ की सफलता के लिए पूर्ण समय दान कर रहे हैं। साथ ही यज्ञशाला के रख रखाव,कलश वितरण एवं भोजनालय के भंडारगृह में दान में आये अन्न का रख रखाव महिला मंडल की संयोजक सुनीता चैरसिया, सीमा दुबे, धर्मशीला देवी, सरस्वती देवी, सीमा देवी, फुलझरी देवी, संतोषी देवी, सरिता देवी, राखी देवी, सारो देवी, अंजना देवी सहित अन्य परिजन अपनी अपनी जिम्मेवारी निभा रही हैं।

एक नजर में

ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरू पहाड़ी के समीप बारह चक्का ट्रक के चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दस चक्का ट्रक जेएच09एवाई/1066 डोमचांच से कोडरमा की ओर जा रही थी। इसी दौरान ट्रक ने मोटरसाइकिल संख्या जेएच12सी/0705 पर सवार दोनों युवकों को अपनी चपेट में ले ली, जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान दल-बल के साथ घटनास्थल पर पंहुचकर दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक युवकों की पहचान नही हो पाई थी।

राजद का होली मिलन समारोह कल

कोडरमा। प्रदेश राजद द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत दो मार्च को पुराना प्रखंड भवन के सामने स्थित मैदान में राजद का विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव भाग लेंगे। उक्त जानकारी देते हुए राजद के युवा नेता राजकुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व सांसद घुरन राम, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, राधाकृष्ण किशोर, चतरा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, महिला प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी, मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार, प्रवक्ता स्मिता लकडा, युवा राजद के प्रधान महासचिव मो. फिरोज अंसारी, राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव भाग लेंगे। वहीं उन्होने विधानसभा के पार्टी नेताओं के साथ साथ विभिन्न प्रकोष्ठ व मोर्चा के नेताओं व कार्यकताओं से सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद ने किया होटल का उद्घाटन

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। शहर के पुराना बस स्टैंड रांची-पटना रोड के समीप रामसन प्लाजा में होटल द रामसन का केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने उद्घाटन किया। बताते चलें कि होटल द रामसन में सभी कमरे वातानुकूलित एवं सभी सुविधाओं से सुसज्जित है। वहीं मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस होटल के बनने से यहां की जनता को काफी लाभ और सुविधा प्रदान होगी। लजीज रेस्टोरेंट में कुशल कारीगरों के द्वारा खाने का उत्तम प्रबंध ग्राहकों के लिए किया गया है जो सभी गुणवत्ता से परिपूर्ण होगा। होटल द रामसन एवं लजीज रेस्टोरेंट के मालिक सह सांसद प्रतिनिधि पंकज बरनवाल ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधा उचित दरों में प्रदान करने का है। मौके पर भाजपा के वरीय नेता रमेश सिंह, अनूप जोशी, लक्ष्मण जी यादव, राजकुमार यादव, संजू शर्मा, स्वर मोदी, रवि मोदी, डॉ. अशोक कुमार बर्णवाल, पूर्व जिला जज अर्जुन मोदी, शशिकांत सिन्हा, कमलेश कुमार कमल, संजय बर्णवाल, संजीव कुमार बर्णवाल आदि लोग मौजूद थे।

कांग्रेस कार्यालय में देश के प्रथम राष्ट्रपति की पुण्यतिथि मनी

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनाया गया। सर्व प्रथम कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा की सादगी मिसाल और देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व हर किसी को हमेशा से प्रभावित करता रहा। महात्मा गांधी के अनुयायी रहे डॉ. प्रसाद ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के साथ चंपारण सत्याग्रह में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। कार्यक्रम में लक्ष्मण यादव, नारायण बर्णवाल, तुलसी मोदी, राम लखन पासवान, सईद नसीम, अनिल यादव, उमेश साव, उपेंद्र सिंह, संजय सेठ, अरविंद सिंह, भोला दास, अशरफ अली, शंभू शर्मा, मो. रफाकत हुसैन, नंद लाल साहू, दिलीप पासवान, कृष्णा यादव, दीपक सिंह, विवेक कुमार, विनोद यादव, रोहित कुमार गिरी, संतोष यादव, आकाश सिंह आदि कांग्रेस जनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान निर्णय लिया कि जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला कार्यालय में 4 मार्च को 11:30 बजे होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के समस्त कांग्रेसजन सादर आमंत्रित हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र में किसान मेला का आयोजन

चतरा। कृषि विज्ञान केंद्र, चतरा के प्रागण में किसान मेला-सह-फल-फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद् अध्यक्ष ममता कुमारी एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। किसान मेला में किसानों ने अपने उत्पाद की प्रदर्शनी मेला का स्टाल में लगाया। इस अवसर पर जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि जब हम शब्द ह्लकिसानह्व सुनते हैं, तो पहली बात यह है कि आम तौर पर हमारे दिमाग में आती है कड़ी मेहनत और समर्पण। वे शायद एक सैनिक के बराबर सबसे मेहनती लोग हैं जो देश की सुरक्षा के लिए लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। भारतीय किसानों ने राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में उनके विशाल योगदान के बावजूद दशकों से उपेक्षित समुदाय पर कब्जा कर रखा है। भारतीय किसान इसकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि आधारित अर्थव्यवस्था है। भारत गेहूं, चावल, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है।मौके पर जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, प्रतिम कुमार, हंटरगंज प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी,डीएओ अशोक सम्राट, उप निदेशक जीवी,गिद्धौर प्रमुख अनीता यादव,पत्थलगड़ा प्रमुख मनीषा कुमारी,चतरा प्रमुख धनवा देवी,सिमरिया प्रमुख रोहन साव,देवरिया मुखिया गुड्डू दुबे समेत अनेकों किसान भाई मौजूद थे।

सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

टंडवा(चतरा)। टंडवा में रौनियार वैश्य विशुन दयाल नगर समाज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दशरथ प्रसाद गुप्ता तथा सफल संचालन रंजीत कुमार गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास शामिल हुवे। इस दौरान समाज के समस्त सम्मानित सदस्यों को विधायक किशुन कुमार दास के द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। ततपश्चात सभी सदस्यों ने विधायक को माला व शॉल देकर भव्य स्वागत किया। वही विधायक ने रौनियार वैश्य विशुन दयाल नगर समाज के समस्त सम्मानित सदस्यों को हर संभव मदद करने की बात कही। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैं आपातकालीन स्थिति में 12 बजे रात को भी आपकी मदद करने को तैयार हुं। इस बैठक में मुख्य रूप से मिथिलेश कुमार गुप्ता नत्थू कुमार गुप्ता विकास कुमार छोटू गुप्ता रंजीत प्रसाद विनोद विनोद कुमार दीपक गुप्ता राकेश गुप्ता गणेश प्रसाद अभिषेक कुमार धीरज कुमार संतोष गुप्ता हरी साव संजय साव रविन्द्र गुप्ता जगदीश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

हाथियों के आतंक से परेशान होकर डीएफओ को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपते जनप्रतिनिधि।

लातेहार। हाथियों के बढ़ते आतंक को देखते हुए बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद् सदस्य प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में लातेहार वन विभाग के डीएफओ रोशन कुमार को एक आवेदन सौंपते हुए बालूमाथ के विभिन्न पंचायतों ग्रामों में हाथियों के द्वारा मचाए जा रहे आतंक एवं पीड़ित ग्रामीणों की समस्या मुआवजा का निष्पादन को जल्द से जल्द वितरण करने के बारे में चर्चा की गई। साथ ही साथ हाथियों को भागने को लेकर रेड जोन एरिया में वन कर्मियों को लगातार निगरानी करने का आदेश दिया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मंडल महामंत्री विजय यादव, रामकुमार गुप्ता, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष बसंत कुशवाहा विशेष रूप से मौजूद रहे।

लातेहार में भाजपा का बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला संपन्न

कार्यशाला में मौजूद भाजपाई।

लातेहार। लातेहार स्थित होटल ब्लिस्स परिसर में मंगलवार को भाजपा का बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्याशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, झारखंड प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह एवं युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी सह पलामू जिला संगठन प्रभारी विनय जयसवाल, लातेहार जिला संगठन प्रभारी मुकेश कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री कर्मवीर ने अपने संबोधन में कहा की मेरा बूथ सबसे मजबूत के तहत भूत सशक्तिकरण अभियान को 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक संपन्न करना है साथ ही साथ बूथ स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप एवं सरल ऐप पर डाटा एंट्री करना है। इसके लिए सभी कार्याकर्ताओं को पुरी निष्टा के साथ जुट जाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह व धन्यवाद ज्ञापन बंसी यादव ने किया। इस मौके पर मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, सभी मंडल के अध्यक्ष, सभी मंडल के मंडल विस्तारक मौजूद थे।

अक्षरदेव महाराजा के जन्मदिन पर पठन-पाठन सामग्री का वितरण

विद्यार्थियों के बीच पठन सामग्री का वितरण करते अतिथि।

लातेहार। सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के तत्वावधान में संत समाज लातेहार द्वारा वर्तमान सदगुरू स्वतंत्रदेवजी महाराज प्रपौत अक्षरदेव महाराज के जन्मदिन पर लातेहार के उमवि नरेशगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्याथियों के साथ जन्मदिन मनाया गया व बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर विहंगम योग के जिला संयोजक नवाहीर उरांव, उपदेष्टा आदित्य प्रसाद, बद्री प्रसाद, मंटू भुईयां, रामधनी यादव समेत विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, विद्यार्थी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन

लातेहार। शहर के राजहार स्थित शिव पार्वती सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के 7वें वार्षिकोत्सव के मौके पर मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया। मंगलवार को पूजन हवन पूणार्हुति एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। पंचमुखी हनुमान जी के महाप्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडे ने किया। जबकि मौके पर बतौर मुख्य यजमान नारायण साव व उनकी पत्नी उपिस्थत थीं। भंडारे में लातेहार एवं आसपास के हजारो श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओ से भरा हुआ था। मौके पर चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक, काशी साव, मुरारी प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, प्रकाश तिवारी, गजेंद्र प्रसाद आदि उपिस्थत थे।

होली को लेकर बैठक संपन्न

बैठक में उपस्थित लोग।

छिपादोहर। लातेहार उपायुक्त और एसपी के निर्देश पर आगामी होली पर्व को लेकर छिपादोहर थाना परिसर में बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में सभी पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों की एक बैठक की गई। जिसमें दोनों समुदाय के लोग भी उपस्थित थे। बीडीओ राकेश सहाय ने सभी लोगों से आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था बनाते हुए होली पर्व मनाने का निर्देश दिया और होली की सुभकामनायें दी। इस दौरान थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने अपील किया कि होली खुशियों का पर्व है इसलिए धूमधाम से होली पर्व का जश्न मनाइए। शराब पीकर लड़ाई झगड़े से दूर रहे। किसी प्रकार का भ्रामक सूचना थाना में दे, आपस मे लड़ाई नही करें। बैठक में राजू प्रसाद, निजाम अंसारी, श्रवण सिंह, कृष्णा प्रसाद, उपमुखिया दीपा देवी, सतरोहन सिंह, सहित दोनों समुदाय के बिशेष लोग मौजूद थे।

डीसी की अध्यक्षता में होली के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु शांति समिति की बैठक

उपायुक्त ने सभी थानों को दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आगामी होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु समाहरणालय सभागार में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा करते हुए एक-एक कर सभी बिंदु पर जानकारी प्राप्त करते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, सभी बीडीओ एवं सभी अंचलाधिकारी व थानाध्यक्षों का कर्तव्य होगा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को संपन्न कराएं। उन्होंने पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया,ताकि कोई भी विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो पाए। इसके अलावा उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों पर दण्डाधिकारी व पुलिस बल के जवानों की तैनाती का निदेश दिया। साथ हीं सभी थाना के थाना प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी करने का निदेश दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने अश्लील गानों तथा डीजे पर भी प्रतिबंध लगाने

सामाजिक सद्भाव में विघ्न उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरूद्ध विधिसम्मत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी: अंजनी अंजन

को लेकर निर्देशित किया। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर विद्वेष फैलाने वाले पोस्ट को रोकने एवं ऐसा करने वालों पर कड़ी कारवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध रूप से उपलब्ध कराई जाने वाली शराब खानों पर भी छापेमारी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत कारवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि होली पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को शांति समिति की बैठक करने को लेकर निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि जिला स्तर पर गठित साइबर सेल के माध्यम से सोशल मीडिया की सतत निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सद्भाव में विघ्न उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरूद्ध विधिसम्मत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा है कि होली पर्व के अवसर पर अशांति फैलाने वाले लोगों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

होली पर्व के मद्देनजर क्षेत्र अंतर्गत शरारती एवं उपद्रवी तत्वों पर तथा उनके मूवमेंट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में परियोजना निदेशक विदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

अवैध लोहा लदा पिकअप जब्त

फाईल फोटो।

बालूमाथ। बालूमाथ पुलिस ने अवैध लोहा चोरी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध लोहा लदा पिकअप वैन जब्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार देर रात मकईयाटांड पिकेट के पास वाहन जांच अभियान लगाया गया ।जहां चंदवा के अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट चोरी किए हुए लोहा लेकर बालूमाथ की ओर आ रहा एक पिकअप वैन जेएच01डब्लू9947 को रुकने का इशारा किया। लेकिन पुलिस को देखकर वाहन चालक गाड़ी छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। जिसके बाद पुलिस ने अवैध लोहा लदे पिकअप वैन को जब्त कर लिया ।वही बालूमाथ थाना में कांड संख्या 38/23 धारा 379,414 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है। ज्ञात हो कि बालूमाथ में कबाड़ी दुकानों द्वारा मोटरसाइकिल से प्लांट का लोहा चुराकर लाया जाता है।

सड़कों को दुरुस्त करने की मांग जोरों पर

पंचायत समिति सदस्य ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, कहा सड़क के दुरुस्त नहीं होने के कारण लोगों को हो रही है परेशानी

खबर मंत्र संवाददाता

लातेहार। लातेहार जिले के बनहरदी पंचायत समिति सदस्य मनोहर भगत ने ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त करने की मांग को लेकर लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि सुरली चार मुहान चौक से राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डडेया, आंगनवाड़ी केन्द्र 1 डड़ेया होते हुए रजवार तक पथ निर्माण, सुरली चार मुहान चौक से कोरकोटया होते हुए सेरक तक पथ निर्माण, ग्राम-चनहरदी से पंचायत भवन होते हुए सुरली चार मुहान चौक तक पथ निर्माण (दूरी लगभग 2.5 किमी) बुध बाजार

जानकारी देते पंसस मनोहर भगत।

खुरली से बारी चट्टी बगीचा तक पथ निर्माण (दूरी लगभग 3 किमी), बनहरदी पंचायत भवन से आंगन बाडी केन्द्र रेंची घुटाम, एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय रेंची होते हुए रेंची रोड तक पथ निर्माण। (दूरी लगभग 2.5 किमी) पथलकुडवा टोली से राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डडेया तक पथ निर्माण करने की मांग उपायुक्त से की है वही इस पर उपायुक्त ने समस्या का निदान जल्द से जल्द करने की बात कही है। दूसरी ओर श्री भगत ने बताया कि इस क्षेत्र में पहले ग्रेड वन पथ का निर्माण किया गया था लेकिन अभी तक उसका मरमत भी नहीं कराया गया पथ का अस्तित्व मिट चुका है ऐसे में एंबुलेंस भी जाने से मना कर देते हैं एवं शादी विवाह मे भी इन क्षेत्रों के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है श्री भगत ने इन सभी सड़कों के निर्माण की मांग की है इसको लेकर जिला परिषद सरोज देवी तथा मुखिया रामेश्वर उरांव ने भी अनुमोदन किया है।

एक नजर में

अखिल भारतीय वैश्य महासभा ने बारियातू व हेरहंज में मनाया होली मिलन समारोह

समारोह में उपस्थित वैश्य समाज के लोग।

बारियातू। प्रखंड स्थित रामजानकी मंदिर परिसर मे वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद सौंडिक की नेतृत्व मे होली मिलन समारोह मनाया गया। मौके पर उपस्थित लातेहार के समाजसेवी अभिनन्दन प्रसाद, रमेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार (बूटा) ने राम मंदिर परिसर मे विश्व हिन्दू परिषद के बारियातू प्रखंड अध्यक्ष झूलन प्रसाद भगत सहित चंदन प्रसाद, राजेश प्रसाद, मदन कुमार, अरविन्द प्रसाद गुड्डुल, अभिषेक कुमार, राजन कुमार सहित अन्य समाज के लोगों के साथ एक दूसरे को अबीर लगाकर होली मिलन समारोह मनाया। मौके पर उपस्थित वैश्य समाज के लोगों को जिलाध्यक्ष श्री शौंण्डिक ने कहा की तीन मार्च को लातेहार मे होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित के लिए तिथि निर्धारित की गई है। उक्त कार्यक्रम मे हेरहंज, बालूमाथ, बारियातू सहित अन्य प्रखंड के समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने की अपील की है। साथ ही बताया की तीन मार्च के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला के अन्य क्षेत्र मे भी डोर टू डोर संपर्क किया जा रहा है।

विधायक ने सदन में उठायी एनएच- 75 के सुदृढ़ीकरण की मांग

रामचन्द्र सिंह।

- लातेहार-चंदवा से कुडू होते पलामू प्रमंडल को राजधानी से जोड़ती है यह नेशनल हाईवे
- कई स्थानों पर जर्जर हो गया है एनएच-75 मार्ग, आये दिन लोग हो रहे हैं दुर्घटना के शिकार

बरवाडीह। मंगलवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने सदन में शून्यकाल के माध्यम से पलामू प्रमंडल को राजधानी रांची से जोड़ने वाली एनएच 75 को सुदृढ़ीकरण कराने की मांग रखी है। उन्होंने सदन को बताया कि एनएच 75 मार्ग में कुडू से लेकर लातेहार और दुबियाखाड़ के बीच कई जगहों पर गड्ढे बन गए है। जिसके कारण मनिका और लातेहार विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे पलामू प्रमंडल की जनता को आवागमन में अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। इस मार्ग की बदहाल स्थिति के कारण आवागमन और परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ज्ञात हो कि विधायक रामचंद्र सिंह विधानसभा क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण को लेकर पहले से ही गंभीर हैं, और लगातार इस दिशा में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कारवाई की मांग कर रहें हैं।

एसीजेएम की अदालत ने गवाह आईएएस राजेश पाठक के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट किया जारी

मनिका प्रखंड में हुए जेट्रोफा पौधरोपण घोटाला कांड की सुनवाई में बार-बार सम्मन करने के बावजूद निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होने का मामला

लातेहार। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने विचाराधीन जीआर वाद सं 615/ 10 एवं 616 /10 के गवाह भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी राजेश पाठक समेत पांच गवाहों पर गैर जमानती अधिपत्र जारी किया है। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के मनिका प्रखंड में हुए जेट्रोफा पौधारोपण घोटाला कांड की सुनवाई में बार-बार सम्मन करने के बावजूद निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होने पर अदालत ने नाराजगी जताया है। अभियोजन कार्यालय को कई बार इन्हें बुलाने हेतु निर्देश दिया गया। उनके नहीं आने से वर्ष 2010 से विचाराधीन इस मामले का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। मालूम हो करोड़ों रुपये का जेट्रोफा घोटाला प्रकरण में मनिका थाना में दो अलग अलग मुकदमा मनिका थाना कांड संख्या 75/ 10 एवं 76/10 दर्ज किया गया था। जिसमें श्री पाठक जांच अधिकारी थे और तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी थे। श्री पाठक के अलावे तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका कैलाश प्रसाद साहू , पुअनि चंदन सिंह व मिथिलेश कुमार एवं राजेश्वर सिंह के विरुद्ध गिरफ्तारी अधिपत्र जारी किया गया है। मुकदमे की अगली सुनवाई दो मार्च निर्धारित की गई है।

सहायक शिक्षक तिंतीयुस टोप्पो हुए सेवानिवृत्त

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय गारू के सहायक शिक्षक तिंतीयुस टोप्पो मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। इनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, प्रखंड संसाधन केंद्र के सभी शिक्षाकर्मी सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गान एवं विदाई गीत से सभी का मन मोह लिया और उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक देवनाथ महतो द्वारा किया गया। प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय द्वारा संबोधन के दौरान विदाई के क्षण को अत्यंत भावुक बताते हुए आज के दिन को अत्यंत ही महत्वपूर्ण और यादगार पल बताते हुए कहा गया कि तिंतीयुस टोप्पो का जीवन सादा जीवन उच्च विचार पर आधारित था और उन्होंने अपने सेवा के दौरान शिक्षा के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान दिए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान पत्र एवं भेंट प्रदान करते हुए इनके उज्जवल भविष्य, दीघार्यु एवं यशस्वी होने की प्रार्थना की गई। अंत में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विदाई गीत गाकर उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड साधन सेवी विकास प्रसाद संकुल साधन सेवी संजीव कुमार तकनीशियन विजेंद्र कुमार पाल के साथ विद्यालय के शिक्षक संतोष तिर्की, शिव कुमार, अर्णव चौधरी, अमल कुजूर, दिलीप कुमार, समीर निशांत एवं फुल कुमारी एक्का समेत कई लोग मौजूद रहे।

विदाई देते लोग।

20 दिनों से अंधेरे में डूबा है कुसुमटोली

खराब ट्रांसफार्मर को दिखाते ग्रामीण।

चंदवा। प्रखंड मुख्यालय से सटे चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत कुसुमटोली गांव में ट्रांसफार्मर के जल जाने के कारण 20 दिनों से अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली नही रहने के कारण गांव के लगभग 120 परिवार के लोगो का जीवन अंधेरे में गुजर रहा है। बच्चों की पढ़ाई व कृषि जैसी महत्वपूर्ण कार्य भी नही हो पा रहा है। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया रंजीत उरांव के साथ बैठक कर समस्या को लेकर गंभीरता से चर्चा किया व आगामी होली त्योहार से पहले 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। जिसके बाद मुखिया रंजीत उरांव ने समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया व तत्काल निदान करने की बात कही। मुखिया रंजीत उरांव ने कहा कि 15 दिनों में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा है, साथ ही होली का त्योहार भी है। बिजली नही रहने से बच्चों की पढ़ाई के साथ जनजीवन काफी प्रभावित हो रही है। होली त्योहार से पूर्व अगर ट्रांसफार्मर को नहीं बदला गया तो जनता को साथ लेकर बिजली विभाग के कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा। इस संबंध में विभाग के लोगों ने बताया कि समस्या को लेकर विभाग गम्भीर है। विभागीय प्रयास किया जा रहा है जल्द ही इंदिरा गांधी चौक के समीप 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा कर बिजली बहाल कर दिया जाएगा।

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने कार्यकर्ताओं संग की बैठक

संगठन महामंत्री के साथ भाजपा कार्यकर्ता।

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित पूर्व विधायक सह भाजपा जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के आवास पर भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकताओं के साथ बैठक कर बूथ को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता प्लान के तहत कार्यकताओं को अपने अपने क्षेत्र में बूथ मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार में कोई सुरक्षित नही है। भाजपा ने पूरे प्रदेश में हेमंत हटाओ,झारखंड बचाओ का नारा देकर आम आवाम को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में जनता हेमंत सोरेन को माकूल जबाव देगी। मौके पर संगठन महामंत्री ने उपस्थित कार्यकताओं से परिचय प्राप्त किया। मौके पर प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, मनोज सिंह प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख, मुकेश निरंजन सिन्हा लातेहार जिला प्रभारी जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह, राजधानी यादव, मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, राजधानी यादव, लव दुबे, शंकर दुबे, सत्यनारायण प्रसाद, विश्वनाथ राय, मंदीप कुमार, अमरेंद्र कुमार, अंकित राज, अजय प्रसाद, संदीप उरांव, रवि प्रसाद, छोटू राजा, बबन पासवान समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

बालूमाथ का सौहार्द किसी भी कीमत पर बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा: राजेन्द्र प्रसाद साहू

सद्भावना कमेटी का गठन: दोनों समुदाय के 200 लोगों ने लिया भाग

खबर मन्त्र संवाददाता

बालूमाथ। बालूमाथ होटल प्रतिक्षा में सोमवार की संध्या एक सामाजिक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बालूमाथ के बुद्धिजीवी मोतिउर रहमान ने किया। जबकि संचालन समाजसेवी संजीव कुमार सिन्हा ने की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मोतिउर रहमान ने कहा कि बालूमाथ में छोटी-छोटी घटना कभी घटती है तो इसे बड़ी घटना का रूप कुछ शरारती तत्वों द्वारा दिया जाता है। बालूमाथ के लोग आपसी भाईचारा के साथ मिलकर रहते आ रहे हैं।इसी विषय पर चर्चा को लेकर आज की बैठक निर्धारित की गई है। समाजसेवी शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि बालूमाथ के सभी समुदाय के लोग मिलकर यह बैठक किये, ताकि दोनों समुदाय के लोग सभी पर्व त्योहार मिलजुलकर मनायें एवं आपसी भाईचारा बरकरार रहे। राजेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि बालूमाथ का सौहार्द किसी भी कीमत पर बिगाड़ने किसी को नहीं दिया

बैठक में उपस्थित लोग।

जाएगा। यहां के लोग काफी समझदार हैं बालूमाथ के भविष्य को और निखारने के लिए यह सामाजिक बैठक की गई है। आए हुए कई लोगों ने एक स्वर में कहा कि बालूमाथ के लोग मिलकर रहेंगे एवं छोटी-मोटी समस्याओं को आपस में मिल बैठकर निपटारा करने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से एक सद्भावना कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा, मोतिउर रहमान मोहम्मद मुजम्मिल, शैलेश सिंह, महासचिव हाजी मोहम्मद शब्बीर, सचिव उपेंद्र यादव, मो. जियउल्ला, राम कुमार गुप्ता, जैनुल अंसारी, कोषाध्यक्ष कृष्णा यादव, मीडिया प्रभारी अमन सिन्हा, वही 21 सदस्य कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। जिसमें सुनील पांडे, मनान कुरैशी, मनोहर गुप्ता, महेश्वर साव धर्मजीत भुइयां, मो. आजम अंसारी, मो. जुबेर, रवि सिंह, अर्जुन प्रसाद, रहमान अंसारी, नामेश्वर गुप्ता मो. सईद, मो. तौफीक अहमद, मो. आमिर हयात, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मो. शमीम, प्रमोद कुमार गुड्डू, मो. इसराइल, मो. आबिद हसन और रवि रजक बनाए गए। इस बैठक में बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा, कमलेश सिंह, राजेंद्र चावल रमेश पांडे, पंकज सिन्हा, कौसर अली अभय सिन्हा, पंचानंद पांडे, निखिल अग्रवाल, अमित कुमार, अखिलेश गुप्ता, जितेंद्र कुमार समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

तीसरे टेस्ट में भी गरजने को तैयार भारत के रणबांकुरे

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट आज सुबह 9:30 से : स्टीव स्मिथ करेंगे कंगारू टीम की कप्तानी

इंदौर। भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे मैच के लिए पूरी तरह से तैयार है। सीरीज में अब तक दो मैच खेले जा चुके हैं। इन दोनों ही मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह से हराया है। सीरीज का पहला मैच नागपुर में खेला गया था जिसमें टीम इंडिया ने पारी और 132 रनों से जीत हासिल की थी। वहीं दूसरा टेस्ट मैच दिल्ली में खेला गया था इस मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट पटखनी दी थी। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की टीम सीरीज में 2-0 से पिछड़ने की बाद अब तीसरे टेस्ट में वापसी की कोशिश जरूर करेगी। हालांकि पिछले दो मैचों को देखें तो मेहमान टीम हर विभाग में भारत से पीछे रही है। वहीं तीसरे मुकाबले में भी भारतीय टीम अपने उसी दबदबे को कायम रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। हालांकि उससे पहले आइए जानते हैं तीसरे टेस्ट से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां।

कैसा रहेगा इंदौर टेस्ट के दौरान मौसम का मिजाज, क्या अपने ही जाल में फंसेगा भारत?

एजेंसी

इंदौर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया सीरीज में 2-0 की बढ़त बना चुकी है और खिताब को अपने अपने पास ही बरकरार रखा है। ऐसे में तीसरे टेस्ट मैच भी टीम इंडिया की कोशिश होगा कि वह अपने विजय अभियान को जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलिया को हराए। सीरीज में लगातार दो मैच में हारने के बाद भी मेहमान टीम के लिए मुश्किलें कम नहीं हुआ है। कप्तान पैट कमिंस के बाद ओपनर बल्लेबाज डेविड वॉर्नर सीरीज से बाहर हो चुका है। वहीं होल्कर स्टेडियम में भारतीय टीम के रिकॉर्ड को देखें तो वह भी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इस मैदान पर भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाजों का प्रदर्शन धमाकेदार रहा है। ऐसे में आइए जानते हैं तीसरे टेस्ट मैच के दौरान कैसा रहेगा मौसम का मिजाज और कैसी है यहां पिच।

कैसा रहेगा मौसम का मिजाज?

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में 1 मार्च से खेला जाएगा। वहीं मौसम बड़ी तेजी से अपना करवट बदल रहा है। गर्मी की तपिश बढ़नी शुरू हो चुकी है। वहीं दिन के अधिक तापमान 33 से 34 डिग्री रहने की उम्मीद है जबकि न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहेगा। वहीं खेल के पहले दिन आसमान में बादल छाए रहने की उम्मीद है लेकिन बारिश की संभावना ना बराबर है। इसके अलावा हर दिन तापमान में वृद्धि होने के ही आसार बताए जा रहे हैं। ऐसे में मेहमान टीम के सामने स्पिन आक्रमण के अलावा यहां के मौसम की मार को झेलनी पड़ेगी। इंदौर के बीच को लेकर यह कहा जा रहा है कि स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार होगा। इसके अलावा बल्लेबाजों के लिए रन बनाने में भी काफी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ेगा लेकिन स्पिनरों के सामने चुनौती जरूर होगी। वहीं पिच पर घास रहने की उम्मीद है लेकिन लगातार पानी डाल कर दोनों छोड़ के गढ़े को सपाट कर दिया गया है। नागपुर और दिल्ली टेस्ट मैच सिर्फ तीन दिन में खत्म हो गया था। ऐसे में इंदौर में काली मिट्टी की पिच पर मैच कराए जाने की उम्मीद है। इंदौर स्टेडियम में दोनों तरह की पिच है लेकिन टेस्ट को रोमांचक बनाने के लिए ऐसा बनाया जा रहा है कि कम से कम तीन दिन में मुकाबला खत्म ना हो।

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 में क्वालीफाई करने वाली टीमें

दुबई। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के समापन के बाद, 2024 में खेले जाने वाले टूनार्मेंट के अगले संस्करण के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमों का निर्धारण हो गया है। योग्यता प्रक्रिया के अनुसार, प्रत्येक समूह की शीर्ष तीन टीमों ने सीधे योग्यता अर्जित कर ली है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका लीग चरण में ग्रुप 1 की शीर्ष तीन टीमों के रूप में सीधे योग्यता अर्जित करने वाली टीमें हैं, जबकि इंग्लैंड, भारत और वेस्टइंडीज ने समान रूप से ग्रुप 2 से क्वालीफाई किया है। बांग्लादेश टूनार्मेंट के नौवें संस्करण का मेजबान है, जिसके कारण उसने टूनार्मेंट के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है।

इंदौर में घंटी बजाकर होगी भारत और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट मैच की शुरूआत

इंदौर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच की शुरूआत घंटी बजाकर की जाएगी। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी आरआर पटेल ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि इस टेस्ट मैच के अवसर पर विशेष रूप से होलकर स्टेडियम स्थित खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम के सामने एक बड़ी पीतल की घंटी लगाई गई है। हर दिन खेल शुरू होने से पांच मिनट पहले खेल से जुड़ी हस्तियां घंटी बजाकर खेल शुरू होने का संकेत देंगी। ज्ञातव्य है कि घंटी बजाकर मैच शुरू करने की परम्परा लार्ड्स लंदन और ईडन गार्डन कोलकाता सहित कई मैदानों द्वारा निभाई जाती है। इस टेस्ट मैच के पूर्व दोनों कप्तानों, एमपीसीए के पदाधिकारी, संजय जगदाले और रिचर्ड होलकर की उपस्थिति में भारत के पहले टेस्ट कप्तान स्व. सीके नायडू की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा।

फीफा पुरस्कार: वर्ष 2022 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए लियोनेल मेसी और एलेक्सिया पुटेलस

एजेंसी

पेरिस। विश्व कप विजेता कप्तान लियोनेल मेसी को 27 फरवरी को पेरिस में आयोजित द बेस्ट फीफा फुटबॉल अवार्ड्स 2022 में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया है। मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने ऐतिहासिक विश्व कप 2022 का खिताब जीता था। मेसी ने फ्रांस के काइलियन एम्बाप्पे और करीम बेंजेमा को हराकर यह पुरस्कार जीता। मेसी ने फीफा विश्व कप में अर्जेंटीना के लिए सात गोल किए थे और केवल एक गोल से गोल्डन बूट से चूक गए है। मेसी ने दूसरी बार यह खिताब जीता है, इससे पहले उन्होंने 2019 में पहली बार यह खिताब अपने नाम किया था। मेसी ने रिकॉर्ड सात बैलन डी'ओर पुरस्कार भी जीते हैं। पुरस्कार जीतने के बाद मेसी ने कहा, यह आश्चर्यजनक है। यह एक जबरदस्त वर्ष था और यह पुरस्कार जीतना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं स्कालोनी और मेरे साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं; उनके बिना, मैं यहां नहीं होता। मैंने वह सपना हासिल किया जिसकी मैं इतने लंबे समय से उम्मीद कर रहा था और आखिरकार, मैंने इसे हासिल कर लिया। एफसी बार्सिलोना फेमेनी की स्पेनिश मिडफील्डर एलेक्सिया पुटेलस को एक सफल वर्ष के बाद लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी चुना गया है। मैरी एर्प्स को एक साल के बाद सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर चुना गया है। अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को फीफा विश्व कप 2022 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर का पुरस्कार मिला। अंग्रेजी राष्ट्रीय टीम की प्रबंधक सरीना विगमैन को इंग्लैंड को यूरोपीय गौरव और उसके बाद लगातार दूसरे यूईएफए यूरो खिताब दिलाने के लिए सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच चुना गया, जबकि अर्जेंटीना के बॉस लियोनेल स्कालोनी को सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच की ट्रॉफी दी गई।

एक्सीडेंट के बाद पंत का पहला इंटरव्यू

नयी दिल्ली। एक्सिडेंट के बाद ऋषभ पंत ने मीडिया से पहली बार बातचीत की। ऋषभ पंत ने कहा कि वह तेजी से ठीक हो रहे हैं। इस मुश्किल घड़ी में साथ देने वालों का शुक्रिया अदा किया। साथ ही कहा कि वह इस यात्रा में आगे की चुनौतियों के लिए तैयार हैं। भगवान का शुक्रिया अदा करना नहीं भूले। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे अब जिंदगी को देखने का नया नजरिया मिल गया है।

छोटी-छोटी चीजों में आनंद लेता हूं

पंत, 'आज मैं जीवन का पूरी तरह से आनंद लेने पर विश्वास करने लगा हूं, इसमें वो छोटी-छोटी चीजें शामिल हैं, जिन्हें हम अपनी दिनचर्या में नजरअंदाज कर देते हैं। आज हर कोई कुछ खास हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, लेकिन हम उन छोटी-छोटी चीजों का आनंद लेना भूल गए हैं जो हमें हर दिन खुशी देती हैं। हादसे के बाद, मुझे हर दिन अपने दांतों को ब्रश करने के साथ-साथ धूप में बैठने में भी खुशी मिलती है। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करते समय, ऐसा लगता है जैसे हमने जीवन में नियमित चीजों को महत्व नहीं दिया है। यह मेरे लिए एक सीख है।'

क्रिकेट को कितना मिस कर रहे?

पंत कहते हैं कि, 'बता पाना मुश्किल है, क्योंकि मेरा जीवन क्रिकेट के लिए है, लेकिन मैं अब दोबारा अपने पैरों पर खड़ा होने पर फोकस कर रहा हूं। मैं सुबह उठता हूं और फिर मैं अपने फिजियोथेरेपिस्ट के साथ दिन का पहला फिजियोथेरेपी सत्र लेता हूं। इसके बाद, मैं दूसरे सत्र के लिए खुद को तरोताजा करने के लिए थोड़ा आराम और समय लेता हूं। मैं अपना दूसरा सत्र जल्द ही शुरू करता हूं। मैं कितना दर्द सह सकता हूं, इसके अनुसार ट्रेनिंग लेता हूं। शाम को फिजियोथेरेपी का तीसरा सत्र लेता हूं। मैं धूप में भी बैठने की कोशिश करता हूं।

मारकंडे के स्थान पर मुलानी टीम में शामिल

मुंबई। अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने 2021-22 रणजी ट्रॉफी चैंपियंस मध्य प्रदेश के खिलाफ ईरानी कप के लिए शेष भारत (आरओआई) की टीम में चोटिल मयंक मारकंडे के स्थान पर ऑलराउंडर शम्स मुलानी को शामिल किया है। मयंक मारकंडे को ट्रेनिंग के दौरान दाहिनी तर्जनी में चोट लग गई और वह टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। शेष भारत (आरओआई) की टीम ग्वालियर के कप्तान रूप सिंह स्टेडियम, में 1-5 मार्च, 2023 तक 2021-22 रणजी ट्रॉफी चैंपियंस मध्य प्रदेश से भिड़ेगी।

न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड पर एक रन से दर्ज की रोमांचक जीत

एजेंसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने फॉलो ऑन खेलने के बावजूद इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में रोमांचक अंदाज में पांचवें और अंतिम दिन वेलिंगटन में एक रन से पराजित कर दिया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में ऐसा करने वाली चौथी टीम बन गई जिसने फॉलो ऑन खेलने के बाद जीत हासिल की। बता दें कि यह सीरीज 1-1 से ड्रॉ हो गई। कीवी टीम के कप्तान टिम साउदी और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के बीच ट्रॉफी शेयर की गई है। जिसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। इसी के साथ मैच की बात करें तो तेज गेंदबाज नील वेगनर (4/62) न्यूजीलैंड की जीत के हीरो रहे। उन्होंने जेम्स एंडरसन को लेग साइड में विकेटकीपर के हाथों कैच करा कर न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक जीत दिलाई। मेजबान टीम की उम्मीदें उस समय पस्त हो गई थीं जब इंग्लैंड ने 08 विकेट पर 435 रन बनाकर पारी घोषित के

टेस्ट इतिहास में दूसरी बार हुआ यह कारनामा

जवाब में उनको (न्यूजीलैंड) 209 रन पर सिमटा दिया था और कीवी टीम को फॉलो ऑन खेलने के लिए मजबूर किया था।हालांकि केन विलियम्सन के चौथे दिन 26वें टेस्ट शतक ने न्यूजीलैंड को खेल में बरकरार रखा। ऐसे में इंग्लैंड को जीत के लिए 258 रन का लक्ष्य मिला और वे उस समय पूरी तरह से नियंत्रण में नजर आ रहे थे जब जो रूट (95) और बेन स्टोक्स (33) क्रीज पर थे और इंग्लैंड को 60 रनों से कम की जरूरत थी। लेकिन वेगनर और टिम साउदी (3/45) ने शानदार गेंदबाजी की और न्यूजीलैंड को दो मैच की सीरीज 1-1 से बराबर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड इस तरह चौथी टीम बन गई जिसने फॉलोआन खेलने के बाद जीत हासिल की। इससे पहले 2001 में भारत ने कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अविश्वसनीय जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड की एक रन की जीत का अंतर टेस्ट क्रिकेट इतिहास में दूसरा मौका है जब मैच का फैसला इतने कम अंतर से हुआ है। इससे पहले वेस्ट इंडीज ने 1983 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में एक रन से जीत हासिल की थी। यह मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं था क्योंकि न्यूजीलैंड और इंग्लैंड दोनों ही जून के फाइनल की होड़ से बाहर हो चुके हैं।

नवविवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में 22 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। उसका शव कमरे के भीतर पंखे से लटका मिला। मामला सदर थाना क्षेत्र के सुस्ता की है। घटना के बाद इलाके के सनसनी फैल गई। मौके पर स्थानीय लोगो की भिड़ जुट गई। लोगो ने मामले की जानकारी सदर थाने की पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची सदर पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। शव को फंदे से उतारा। फिर, कमरे की जांच की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका 22 वर्षीय प्रियंका कुमारी थी। मामले में सदर थाने के दारोगा राम विनोद राय ने बताया की घटना की जानकारी पर जांच की गई हैं। महिला के पति और सास ससुर से पूछताछ की जा रही है।

नवादा में मरीज की मौत पर हॉस्पिटल में बवाल

नवादा। नवादा के सदर अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजन ने जमकर हंगामा किया है। वहीं ड्यूटी में तैनात रहे डॉ मनोज कुमार के साथ भी हाथापाई करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। मारपीट की घटना को देखते हुए ड्यूटी में मौजूद सभी लोगों ने अस्पताल छोड़कर भाग गए। वही मौके पर स्थानीय लोगों ने तुरंत आपातकालीन सेवा 112 पुलिस पर फोन करके बुलाया। इसके बाद पूरे मामले को शांत कराया गया। वहीं डॉ मनोज कुमार ने कहा कि वीआईपी कॉलोनी मोहल्ला के रहने वाले धर्म शीला देवी नामक एक मरीज अस्पताल में भर्ती हुई और उसी दौरान इलाज के क्रम में मौत हो गया मरीज को उल्टा सास चल रहा था। और मरीज की स्टेटमेंट की जा रही थी लेकिन ट्रीटमेंट के पहले ही मरीज की तुरंत मौत हो गई।

रिटायर्ड दारोगा के बेटे की हत्या

शिवहर। शिवहर में एक रिटायर्ड दरोगा के बेटे की लाश नदी के पास खेत में मिली है। दोनों हाथ काटने के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को बागमती नदी के पास फेंक दिया गया। परिजन ने बताया कि बीती रात आदित्य एक रिश्तेदार के यहां बारात में गया था। देर रात बारात से लौटने के दौरान उसकी बेरहमी से हत्या की गई। जब गांव के कुछ लोग मंगलवार दोपहर खेत की तरफ गए। खून से लथपथ एक युवक का शव पड़ा हुआ था। उसके दोनों हाथ कटे हुए थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पूरनहिया थाने की पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची।

शहीद बेटा का स्मारक बनाने पर पिता को जेल

हाजीपुर (वैशाली)। बिहार पुलिस ने गलवान घाटी में शहीद के पिता के साथ कुख्यात अपराधियों जैसा व्यवहार किया। पिता की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसने सरकारी जमीन पर शहीद बेटे की याद में स्मारक बना दिया था। पुलिस रात के अंधेरे में शहीद के घर पहुंची। पिता को जबरन गाड़ी में बिठाकर थाने लेकर आई। मारपीट के बाद जेल भेज दिया। इसके बाद से हिंदू संगठनों ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूरा मामला वैशाली जिले के जंदाहा थाने की मुकुंदपुर भात पंचायत के चकफतह गांव का है।

बिहार बजट :10 लाख नौकरियों की बात

एजेंसी

पटना। बिहार सरकार ने बजट में 10 लाख नौकरियों देने की बात दोहराई। वित्त मंत्री विजय चौधरी ने बीपीएससी से लेकर पुलिस में बंपर भर्तियों का ऐलान किया। वित्त मंत्री ने कहा कि बीपीएससी से 49 हजार, बीटीएससी में 12 हजार और बीएसएससी में 29 सौ भर्तियां होंगी। पुलिस में विभिन्न पदों पर 75 हजार नियुक्ति की जाएगी। शिक्षा विभाग में नई भर्तियों की भी बात कही। बजट में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं पर फोकस रहा। वित्त मंत्री इस बार लाल रंग की जगह मैरून कलर का सूटकेस लेकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। पिछले साल से 24 हजार करोड़ ज्यादा का बजट पेश किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2 लाख 61 हजार 885 करोड़ का बजट पेश किया। साल 2022-23 में बजट 2,37,691 करोड़ का था।

10 साल में 3 गुना बजट बढ़ा

वित्त मंत्री ने कहा कि 10 सालों में बजट का आकार 3 गुना बढ़ा है। बिहार की आर्थिक वृद्धि दर 10.98 फीसदी रही। जब कि देश की आर्थिक वृद्धि दर 6 फीसदी रही। देश दुनिया में बिहार की स्थिति बहुत अच्छी है। बहुत जल्द हम 1 नंबर पर होंगे। हमारी विकास दर हमेशा 10 से ऊपर ही रहने वाली। ये राज्य की योजनाओं की वजह से है। सरकार की नीतियों की वजह से ये संभव हो पाया है। 10 सालों में बिहार की उपलब्धियां लगातार बढ़ रही हैं। बीजेपी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि ये नहीं है कि ये साथ थे तो बढ़ रहा था। अब ये नहीं है तो नहीं बढ़ रहा है। विजय चौधरी ने कहा कि युवा और रोजगार को बजट में प्रमुखता दी गई है। युवाओं को सरकारी नौकरी के अलावा रोजगार सृजन करने के लिए सरकार प्रयासरत है। पुलिस के अलग-अलग 75,343 पदों के लिए स्वीकृति दी गई है। एक साल में 522 शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। सरकार ने स्टार्टअप नीति लागू की है। बिहार की योजनाएं देश के बाकी राज्यों में चल रही हैं। हमने 2016 में नल-जल योजना लागू की। केंद्र ने इसे 2019 में लागू किया। इसी तरह आजीविका योजना, हर घर बिजली योजना, जल-जीवन हरियाली योजना भी नाम बदल-बदलकर लागू की गई। हमें देखकर वो काम करते हैं।

जीएसटी से नुकसान

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि हम लोगों पर कर का बोझ बिना बढ़ाए काम कर रहे हैं, लेकिन जीएसटी लागू होने के बाद हमें नुकसान हो रहा है। पहले राज्य सरकार को उसका मुआवजा भी मिलता था। लेकिन, अब हमारे कर संसाधन को सीमित कर दिया है। राजस्व घाटा 11 हजार 325 से कम होकर 4 हजार 422 हो गया है।

बीजेपी ने हंगामा किया

मंत्री सुरेंद्र यादव के अग्निवीरों को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर बीजेपी ने कार्य स्थगन की मांग की। कार्य स्थगन प्रस्ताव के ना मंजूर होने पर भाजपा के विधायक हंगामा करने लगे। बीजेपी के विधायकों ने वेल में जमकर हंगामा किया। इसके बाद सदन से वॉकआउट कर गए। अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने कहा कि आसान पर दबाव डालकर आप काम कराना चाहते हैं तो आसान दबाव में नहीं आने वाला है।

मंत्री मंसूरी के इस्तीफे की भी मांग

भाजपा विधायकों ने मंत्री इजराइल मंसूरी के इस्तीफे के मांग को लेकर भी विधानसभा में जमकर हंगामा किया। बीजेपी ने नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि वह कहते थे कि अपराधी को संरक्षण नहीं देते, लेकिन दागी मंत्री मंसूरी को बचा रहे हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विरोधी दल विजय सिन्हा ने मंत्री इसराइल मंसूरी पर हत्या की दर्ज होने और मंत्री सुरेन्द्र यादव के बयान का मसला सदन में उठाया। विपक्ष के विरोध पर सीएम ने कहा कि आप लोगों ने जो कागज भेजा हैं, उसे हमने अधिकारियों को भेज दिया है। पूरे मामले को देखने का निर्देश भी दे दिया है। कहीं कोई बात होगी तो उसे भी बताया जाएगा। नीतीश कुमार के आश्वासन के बाद नेता विरोधी दल ने कहा कि मंत्री के रहते न्याय नहीं मिल सकता। इसलिए जब तक जांच हो रही है, तब तक उन्हें मंत्री पद से हटा दिया जाए।

सीएम ने मंत्री को किया तलब

सदन में विपक्ष के आरोपों के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्री इसराइल मंसूरी को अपने चेंबर में बुलाया है। इस दौरान इसराइल मंसूरी के साथ मंत्री जमा खान और अशोक चौधरी भी मौजूद हैं। सीएम पूरे मामले की पूछताछ कर रहे हैं। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि मंत्री इसराइल मंसूरी के ऊपर हत्या में शामिल होने का केस दर्ज है, लेकिन पुलिस पूरे मामले पर मंत्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। ना ही जांच हो रही। नेता विरोधी दल ने सदन में कई कागजात भी दिए थे, जिसे सीएम ने अपने अधिकारियों को देकर मामले की जांच की बात कही थी। कांग्रेस विधायक असरफ सिद्दकी विधानसभा में गिर गए हैं। मार्शल ने सहारा देकर बाहर निकाला।

पेज 1 का शेष...

ट्विटर प्रमुख एलन मस्क...

दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति रहे भारतीय कारोबारी गौतम अडाणी कुछ ही दिनों में खिसक कर 32वें नंबर पर आ गये हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार दो महीनों में उनकी संपत्ति में 82.8 अरब डॉलर की गिरावट आयी है। इससे उनकी संपत्ति घटकर 37.7 अरब डॉलर रह गयी है। दरअसल, 24 जनवरी को अमेरिकी वित्तीय रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके बाद से ही अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर औंधे मुंह गिर रहे हैं।

राज्य के 13 हजार डॉक्टर...

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन रिम्स ने दिया समर्थन : जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (रिम्स) के अध्यक्ष डॉ जयदीप चौधरी ने कहा कि आइएमए और झासा के आह्वान पर जेडीए के सभी सदस्य 1 मार्च को कार्य बहिष्कार करेंगे। हाल के दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों में चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसे में जेडीए पूरी मजबूती के साथ कार्य बहिष्कार को अपना समर्थन करता है। **बीते 15 दिनों में चिकित्सकों के साथ हुई घटनाएं :** रांची के वरिष्ठ ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ अंचल कुमार पर जानलेवा हमला। गढ़वा में जनप्रतिनिधियों द्वारा सिविल सर्जन, उपाधीक्षक एवं डीपीएम को गाली-गलौज और मारपीट। हजारीबाग डीडीसी द्वारा पीडियाट्रिक हेड के साथ बदसलूकी और कॉलर पकड़कर बाहर निकालने की घटना। जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी द्वारा सिविल सर्जन को धमकी और कार्य में हस्तक्षेप। पेटरवार में डॉ अजय चौधरी के साथ मारपीट की घटना। लोहरदगा सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार को जान से मारने की धमकी और रिम्स के डॉ सौरव की मृत्यु के बाद सरकार द्वारा परिवार के साथ सौतेला व्यवहार।

धालभूमगढ़ में नहीं बनेगा...

इसके लिए राज्य सरकार को हवाई अड्डे के विकास के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सभी भार मुक्त भूमि उपलब्ध कराने थी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को राज्य सरकार द्वारा आवश्यक भूमि सौंपने के बाद हवाई अड्डे का विकास करना था तथा अन्य क्षेत्र को राज्य सरकार द्वारा विकसित किया जाना था। सिंधिया ने श्री हरिवंश को जानकारी दी है कि पर्यावरण मूल्यांकन समिति ने देखा कि प्रस्तावित स्थल जंगलों में पड़ता है जो बड़ी संख्या में हाथियों का निवास स्थान है और हाथी गलियारे के रूप में जाना जाता है। इसलिए 25 सितंबर 2020 की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित स्थल हवाई अड्डे के विकास के लिए उपयुक्त नहीं है। समिति वर्तमान स्थल चयन से सहमत नहीं थी और परियोजना के प्रस्ताव को एक वैकल्पिक स्थल का पता लगाने के लिए कहा गया। राज्य सरकार द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को अभी तक कोई वैकलिपक जमीन नहीं सौंपी गई है और राज्य सरकार द्वारा वन अनापत्ति मंजूरी अभी प्राप्त की जानी बाकी है इसलिए साइट पर कोई विकास कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

सिंधिया ने यह भी बताया है कि उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने धालभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड को बंद करने का निर्णय लिया है और प्रक्रिया के अनुसार सहमति के लिए राज्य सरकार को गत 23 दिसंबर 2022 को पत्र भेजा गया है।

स्पीड न्यूज

कर्नाटक में ब्रेन डेड महिला के अंगदान दिये

मंगलुरु। कर्नाटक के उडुपी जिले के मणिपाल स्थित कस्तूरबा अस्पताल (केएमसी) में ब्रेन डेड घोषित की जा चुकी 44 वर्षीय एक महिला के परिवार द्वारा उसके अंग दान की इच्छा जाहिर किए जाने के बाद, महिला के पांच अंग प्रतिरोपण के लिए निकाले गए हैं। महिला का जिगर (लीवर) बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में और एक गुर्दा (किडनी) मंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती जरूरतमंद मरीजों के लिए भेजे गए हैं।

अमेठी में ग्राम प्रधान के पति समेत दो की हत्या

अमेठी। उत्तर प्रदेश के भद्दौर गांव में मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर चुनावी रंजिश को लेकर एक ग्राम प्रधान के पति और उनके भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ग्राम प्रधान के पति बृजेश यादव और उनके भतीजे सुरेश यादव को सोमवार रात को घर लौटते समय दादरा गांव के पास गोली मारी गई। दोनों बोलेरो से जा रहे थे।

राजौरी में सीआरपीएफ जवान ने खुदकुशी की

राजौरी। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। जवान का शव एक शिविर के अंदर मिला है और शव पर गोली लगने का घाव था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौशेरा इलाके में टाइन ब्रिज शिविर के अंदर जवान संतरी की ड्यूटी पर था, जब उसने देर रात करीब पौने तीन बजे अपनी सर्विस राइफल से कथित रूप से खुद को गोली मार ली।

टीएमसी नेता मुकुल रॉय अस्पताल में भर्ती

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय को बेचैनी की शिकायत के बाद शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व रेल मंत्री रॉय तंत्रिका संबंधी रोग से पीड़ित हैं। उन्हें रविवार रात तबीयत बिगड़ने के बाद एक निजी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि रॉय की हालत अब ह्यस्थिरह्व है और अभी वह चिकित्सकों की निगरानी में हैं। रॉय ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में कृष्णानगर उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर 2021 का विधानसभा चुनाव जीता था और उसी साल जून में वह टीएमसी में शामिल हुए थे।

गुजरात के सभी स्कूलों में गुजराती विषय पढ़ना अनिवार्य

गांधीनगर। गुजरात सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में गुजराती विषय पढ़ाना अनिवार्य कर दिया है। प्रदेश के सभी स्कूलों में कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक के छात्रों को अब गुजराती भी पढ़ाई जाएगी। इस संबंध में विधानसभा में विधेयक पेश किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। विधेयक में जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है।

कोविड-19 रोधी नैनो टीका चूहों पर सफल

नयी दिल्ली। शोधकर्ताओं ने कोविड के खिलाफ नैनो वैक्सीन विकसित करने के लिए शरीर की अपनी प्रतिरक्षा कोशिकाओं का उपयोग किया है। यह जानकारी चूहों पर किए गए एक अध्ययन से सामने आयी। वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले टीकों के विपरीत, जो विपरीत करने के लिए सिंथेटिक सामग्री या एडिनोवायरस की उपयोग करते हैं। आईआईटी, दिल्ली के शोधकर्ताओं ने अगली पीढ़ी के टीके की दिशा में एक महत्पूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। नैनो वैक्सीन (टीका) वर्तमान में स्वीकृत टीकों की तुलना में लाभकारी हो सकता है। यह रक्त के थक्के जमीने को कम करेगा, जो टीके ले चुके व्यक्तियों में देखा गया था। यह अध्ययन एसीएस बायोमेटेरियल्स साइंस एंड इंजीनियरिंग जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

चंद्रयान-3 मिशन के लिए महत्वपूर्ण इंजन का परीक्षण सफल

एजेंसी

चांद चूमने की ओर इसरो का एक और कदम बढ़ा

▸▸ सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान स्वीकृति ताप टेस्ट सफल

बेंगलुरु। चंद्रयान-3 मिशन के प्रक्षेपण वाहन के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण को गति प्रदान करने वाले सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण सफल रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी।

इसरो ने बताया कि 24 फरवरी को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में स्थित इसरो प्रणोदन परिसर के हाई एल्टीट्यूड प्रक्षेपण केंद्र में 25 सेकंड की निर्धारित अवधि के लिए उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण किया गया था।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि परीक्षण के दौरान इंजन सभी प्रणोदन मानकों पर खरा उतरा और उसका प्रदर्शन अनुमान के मुताबिक मिला।

इसरो ने कहा कि क्रायोजेनिक इंजन के पूरी तरह से एकीकृत उड़ान क्रायोजेनिक चरण को साकार करने के लिए उसे प्रोपेलेंट टैंक, स्टेज स्ट्रक्चर और संबंधित द्रव लाइनों के साथ जोड़ा जाएगा। इससे पहले, साल की शुरूआत में चंद्रयान-3 के लैंडर का तिरुपति स्थित यू आर राव उपग्रह केंद्र में सफल ईएमआई/ईएमसी परीक्षण किया गया था। उस समय इसरो ने कहा था कि उपग्रह मिशनों के लिए ईएमआई/ईएमसी (विद्युत चुंबकीय हस्तक्षेप/विद्युत चुंबकीय संगतता) परीक्षण अंतरिक्ष के वातावरण में उपग्रह प्रणाली की कार्यक्षमता और अपेक्षित विद्युत चुंबकीय स्तरों के साथ उसकी संगतता सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा था कि यह परीक्षण उपग्रह के निर्माण की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। चंद्रयान-3 भारत का तीसरा चंद्र अभियान है, जिसके तीन प्रमुख मॉड्यूल में प्रणोदन मॉड्यूल, लैंडर मॉड्यूल और रोवर शामिल है। मिशन की जटिलता को देखते हुए तीनों मॉड्यूल के बीच रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) संचार लिंक स्थापित करना अहम है।

चंद्रयान-3 अभियान का मकसद चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और रोवर के घूम-घूमकर नमूने जुटाने की क्षमता प्रदर्शित करना है। इसरो इसे जून में प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। चंद्रयान-3 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (एलवीएम-3) के जरिये चंद्रमा की ओर रवाना किया जाएगा।

सिसोदिया की जमानत खारिज

आबकारी नीति घोटाले में सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली के डिप्टी सीएम को नहीं मिली राहत

एजेंसी



नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति में अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की रिट याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सिसोदिया की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही गलत मिसाल कायम करेगा। सिर्फ इसलिए कि दिल्ली में एक घटना हुई थी, हमसे संपर्क किया गया था।

पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ कहा कि याचिकाकर्ता दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष प्रभावी उपाय का लाभ उठा सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने पीठ के समक्ष दलील देते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले पत्रकार अर्नब गोस्वामी और विनोद दुआ के मामले में हस्तक्षेप किया था।

इस पर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अर्नब गोस्वामी का मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले के बाद शीर्ष अदालत में आया था। विनोद दुआ के मामले में तथ्य और परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं। कोविड-19 दौरान दुआ के मामले में अदालत ने हस्तक्षेप किया था। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने सोमवार को श्री सिसोदिया को सीबीआई की हिरासत में चार मार्च तक भेज दिया था। श्री सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी और सीबीआई अदालत के इस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। दिल्ली की 2021-2022 की आबकारी नीति की कथित अनियमितता के आरोपों से घिरे श्री सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी और पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेजने के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। सीबीआई ने दिल्ली की आबकारी नीति 202-2022 (विवाद के बाद दिल्ली सरकार ने इस नीति को रद्द कर दिया था) में कथित अनियमितता के मामले में श्री सिसोदिया को रविवार को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन ने मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

सीबीआई का आरोप है कि श्री सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। सीबीआई ने 17 अक्टूबर 2022 श्री सिसोदिया पूछताछ की थी। सीबीआई ने 17 अगस्त को श्री सिसोदिया समेत 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोनों मंत्रियों के इस्तीफे स्वीकार कर लिये हैं। श्री सिसोदिया आबकारी घोटाला मामले में पांच दिन की सीबीआई की रिमांड पर हैं। जैन पहले से ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद हैं। श्री सिसोदिया के पास शिक्षा, लोक निर्माण, वित्त, आबकारी, ऊर्जा, जल, स्वास्थ्य जैसे सबसे अहम विभाग थे। श्री सिसोदिया अपने विभागों के साथ ही जैन के विभागों का काम भी देख रहे थे।

कश्मीरी पंडित को मारने वाला आतंकी समेत दो मुठभेड़ में ढेर, एक जवान शहीद

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में अवंतीपोरा उपजिले के पदगामपोरा में सोमवार की रात आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद हो गया और दो आतंकी मारे गये। आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने पदगामपोरा में घेराबंदी व तलाशी अभियान छेड़ा था। सुरक्षा बल के जवान संदिग्ध स्थान पर पहुंचे तभी वहां छुपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायी। दोनों पक्षों के बीच रात भर चली मुठभेड में दो आतंकवादी मारे गये। एक मृत आतंकवादी की पहचान पुलवामा निवासी अकीब मुस्ताक भट के रूप में की गयी है , जो ह्यद रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)ह्व से जुड़ा था और ह्यए ह्व श्रेणी का आतंकवादी था। अन्य मृत आतंकवादी की अभी पहचान नहीं की जा सकी है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में दो सैनिक भी घायल हो गये जिनमें से एक की बाद में मौत हो गयी। शहीद जवान की तात्कालिक रूप से पहचान नहीं की जा सकी है। एडीजीपी (कश्मीर रेंज) विजय कुमार ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी दो दिन पहले एक कश्मीरी पंडित संजय कुमार की हत्या में शामिल था।

काबुल में आइएसकेपी के खुफिया और सैन्य प्रमुख फतेह मारा गया

एजेंसी

काबुल। इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) के खुफिया और सैन्य प्रमुख काबुल में एक अभियान के दौरान मारे गए, मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया- एक अलग ऑपरेशन में, अफगान तालिबान प्रशासन ने उच्च पदस्थ आईएसकेपी अधिकारी को गिरफ्तार किया, जिसे आतंकवादी संगठन के उपमहाद्वीप प्रमुख के रूप में काम करने के लिए जाना जाता है। ऑपरेशन के विवरण के अनुसार, काबुल के खैर खाना, शहरक-ए-जाकिरीन की पहली गली में सेल के खिलाफ रात भर के ऑपरेशन में दाएश के दो सदस्य मारे गए।

मारे गए लोगों में आईएसकेपी का प्रमुख सदस्य कारी फतेह था, जो पहले खुरासान के लिए अमीर-अल-हर्ब (सैन्य नेता) के रूप में कार्य करता था, कुनार प्रांत का प्रमुख, पूर्वी क्षेत्र का प्रमुख और वर्तमान में खुफिया और संचालन प्रमुख के रूप में, जो सीधे तौर पर काबुल में राजनयिक मिशनों, मस्जिदों और अन्य लक्ष्यों के

काबुल में राजनयिक मिशनों मस्जिदों के खिलाफ हाल के अभियानों का मास्टरमाइंड था

खिलाफ हाल के अभियानों का मास्टरमाइंड था। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने मीडिया को बताया कि 13 फरवरी को आईईए के विशेष बलों के विशेष अभियान के परिणामस्वरूप भारतीय उपमहाद्वीप के नेता एजाज अमीन अहिंगर सहित दाएश के तीन सदस्य मारे गए थे। उन्होंने कहा, हाल के दिनों में घातक हमलों की योजना बना रहे विदेशी नागरिकों समेत दाएश के कई अन्य सदस्यों को भी हिरासत में लिया गया है। यह ध्यान दिया जा सकता है कि ऑपरेशन उन बैठकों की पृष्ठभूमि के तहत हैं जहां देश के रक्षा मंत्री के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के पिछले हफ्ते काबुल का दौरा करने के बाद प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा उत्पन्न नए खतरे से निपटने के लिए पाकिस्तान अफगान तालिबान से नई प्रतिबद्धता हासिल करने में कामयाब रहा।

प्रचंड अब करेंगे अपने मंत्रिमंडल का विस्तार

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड उनकी सरकार से तीन राजनीतिक दलों के बाहर निकलने पर रिक्त हुए करीब 16 मंत्री पदों को भरने करने के लिए अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करने की तैयारी कर रहे हैं। मीडिया में मंगलवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। नेपाल की संसद में देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी सीपीएन-यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार के समर्थन को लेकर मतभेद पैदा होने के बाद सोमवार को प्रचंड नीत सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। इसके साथ ही, देश में राजनीतिक अस्थिरता का एक नया दौर शुरू हो गया है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) भी सरकार से बाहर निकल गई है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने भी सरकार से अपने मंत्रियों को हटा लिया है। हालांकि, यह बाहर से सरकार का समर्थन करना जारी रखेगी। सरकार से तीन बड़े राजनीतिक दलों के बाहर निकलने के साथ सात दलों का सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है। प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस व छह अन्य दलों से हाथ मिलाया है तथा यथाशीघ्र एक नया सत्ता साझेदारी समझौता चाहते हैं।

प्रौद्योगिकी की मदद से 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत बड़े स्तर पर एक आधुनिक डिजिटल ढांचा तैयार कर रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि डिजिटल क्रांति का लाभ सभी तक पहुंचे। मोदी ने आम बजट के बाद आयोजित हो रहे वेबिनार की श्रृंखला में क्षमताओं का दोहन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से जीवन सुगमता विषय पर कहा कि सरकार छोटे व्यवसायों के लिए अनुपाल लागत कम करना चाहती है। उन्होंने उद्योग से ऐसे अनुपालनों की एक सूची तैयार करना चाहती है। उन्होंने उद्योग से ऐसे अनुपालनों की एक सूची तैयार करने को कहा कि जिन्हें खत्म किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम छोटे व्यवसायों की अनुपाल लागत को कम करना चाहते हैं। क्या आप (उद्योग) अनावश्यक अनुपालनों की एक सूची तैयार कर सकते हैं, जिन्हें खत्म किया जा सकता है। हमने 40000 अनुपालों को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहाकि करदाताओं के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्राद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए कर प्रणाली को फेसलेस बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब

टैक्स प्रणाली को बनाया जा रहा है फेसलेस : प्रधानमंत्री

आपकी शिकायतों और उनके समाधान के बीच कोई इंसान नहीं, सिर्फ तकनीक है। मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी की वजह से ही एक राष्ट्र, एक राशन योजना साकार हो सकी। उन्होंने कहा कि जैम त्रयी (जनधन योजना, आधार और मोबाइल) ने गरीबों तक लाभ पहुंचाने में मदद की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5 जी और एआई (कृत्रिम मेधा) जैसी तकनीकों पर चर्चा की जा रही है और ये चिकित्सा, शिक्षा, कृषि और कई अन्य क्षेत्रों को बदलने के लिए तैयार है। उन्होंने हितधारकों को आम आदमी के सामने वाली 10 ऐसी समस्याओं की पहचान करने को कहा, जिनका समाधान एआई का इस्तेमाल करके किया जा सकता है। उन्होंने हितधारकों से आम आदमी के सामने आने वाली 10 ऐसी समस्याओं की पहचान करने को कहा, जिनका समाधान एआई का इस्तेमाल करके किया जा सकता है।

10 साल फील्ड में रहेंगे युवा अधिकारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने अपनी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए कहा है किअब तक, नवनियुक्त अधिकारियों को भी मुख्यालय में तैनात किया जा सकता था। यह फैसला इसलिए लिया गया कि अधिकारियों को मुख्यालय में सुविधाजनक पदों पर आने से पहले क्षेत्र में काम करने का भी पर्याप्त अनुभव मिले। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सीधी भर्ती ग्रुप ए रेलवे अधिकारियों को क्षेत्र में काम करने का पर्याप्त अनुभव प्रदान करने के लिए यह तय किया गया है कि वे अपने सेवाकाल के शुरूआती 10 साल क्षेत्र में तैनात किए जाएंगे और उक्त अवधि के दौरान उन्हें मुख्यालय में पदस्थ नहीं किया जाएगा। हाल में आंध्र प्रदेश में एक ट्रेन के पटरी से उतर जाने के बाद रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ए. के. लाहोटी ने महाप्रबंधकों और मंडलीय रेलवे प्रबंधकों से देशभर में दुर्घटनास्थलों पर खुद जाने तथा स्थिति का समाधान करने के लिए कहा था।

रेलवे ने अपनी नीति में किया बड़ा बदलाव मुख्यालय में तैनाती से पहले क्षेत्र में जमीनी हकीकत से रूबरू होंगे

इस फैसले के पीछे की वजह बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में तैनाती रेलवे के लिए श्रमसाध्य तथा अधिक रचनात्मक है। यह युवा अधिकारियों को ऐसी चुनौतियों के लिए भी तैयार करती है, जिसका वे सामना कर सकते हैं और इससे उनमें निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलती है। एक अधिकारी ने कहा कि यह महसूस किया गया कि जमीनी स्तर की वास्तविकताओं से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शुरूआती तैनाती से वे जमीनी हकीकत से रूबरू हो सकेंगे। वे यह भी सीख सकेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे रहना है, जहां अक्सर मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव होता है। बोर्ड द्वारा 21 फरवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि किसी अधिकारी को अपवाद वाले कारणों को लेकर संबंधित महाप्रबंधक की मंजूरी से ही मुख्यालय में तैनात किया जा सकता है।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 4.4 प्रतिशत पर

नई दिल्ली। देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में घटकर 4.4 प्रतिशत रही है। मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से जीडीपी में गिरावट आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 11.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वहीं, चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही थी। एनएसओ ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इसके अलावा एनएसओ ने बीते वित्त वर्ष 2021-22 की वृद्धि दर को 8.7 प्रतिशत से संशोधित कर 9.1 प्रतिशत कर दिया है।

प्रियंका चोपड़ा ने शेयर की वेब सीरीज सिटाडेल की झलक

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आने वाली वेबसीरीज सिटाडेल की पहली झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। वेबसीरीज सिटाडेल का निर्माण रूसो ब्रदर्स कर रहे हैं।प्रियंका इस वेबसीरीज में

अहम भूमिका निभाती नजर आयेंगी। प्रियंका चोपड़ा सिटाडेल में अपने किरदार की कई तस्वीरें साझा कीं। प्रियंका ने तस्वीरें इंस्टाग्राम एकाउंट से शेयर की हैं। प्रियंका के अलावा सीरीज से और भी प्रमुख किरदारों की झलक दिखायी गई है। प्रियंका ने नौ तस्वीरें साझा की हैं। पहली फोटो में वह पिस्तौल ताने हुए बैठी हैं। बाकी तस्वीरों में भी उनके तेवर नजर आ रहे हैं। सिटाडेल साइंस फिक्शन ड्रामा सीरीज है। प्रियंका स्पाइ के किरदार में नजर आएंगी। उनके किरदार का नाम एजेंट नादिया का है। पहले सीजन में 6 एपिसोड्स होंगे, जिनमें से दो अप्रैल में रिलीज किये जा रहे हैं।

वाणिज्य की खबरें

शेयर बाजार में आठवें दिन गिरावट सेंसेक्स 59,000 अंक से नीचे फिसला

मुंबई। तेल एवं गैस, दवा और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक मंगलवार को लगातार आठवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। मिले-जुले वैश्विक संकेतों, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और घरेलू निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई और बाजारों में गिरावट जारी रही।बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 326.23 अंक यानी 0.55 प्रतिशत गिरकर चार माह के निचले स्तर 58,962.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 492.38 अंक गिरकर 58,795.97 अंक पर आ गया था।इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 88.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी कारोबार के अंत में 17,303.95 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार आठवां कारोबारी दिन है जब दोनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

भारती एयरटेल इस साल सभी प्लान में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ाएगी

बार्सिलोना। भारती एयरटेल इस साल अपने सभी प्लान में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ाने पर विचार कर रही है। दूरसंचार कंपनी के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने यहां यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले महीने अपने न्यूनतम रिचार्ज या 28 दिन की मोबाइल फोन सेवा योजना के शुरूआती स्तर के प्लान की कीमत लगभग 57 प्रतिशत बढ़कर 155 रुपये कर दी थी। यह बढ़ोतरी आठ सर्किलों में की गई। उन्होंने कहा कि दूरसंचार व्यवसाय में पूंजी पर प्रतिफल बहुत कम है और इस साल एक दर वृद्धि की उम्मीद है। उनसे पूछा गया था कि जब कंपनी के बही-खाते बेहतर स्थिति में हैं, तो ऐसे में दरों में बढोतरी की जरूरत कितनी है। मित्तल ने सोमवार को यहां मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) में कहा कि यह (दर वृद्धि) सभी जगह होगी।उन्होंने कहा कि कंपनी ने बहुत अधिक पूंजी निवेश किया है। इससे बही-खाते मजबूत हो रहे हैं, लेकिन उद्योग में पूंजी पर प्रतिफल बहुत कम है।

सोना 110 रुपये टूटा, चांदी भी फिसली

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 110 रुपये की गिरावट के साथ 55,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 55,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 63,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ह्यह्यदिल्ली में सोने की हाजिर कीमत 110 रुपये के नुकसान के साथ 55,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,808 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी भी गिरावट के साथ 20.47 डॉलर प्रति औंस रह गयी।

आरबीआई गवर्नर से मिले बिल गेट्स

मुंबई। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास से मुलाकात की और वित्तीय समावेशन, भुगतान प्रणाली, सूक्ष्म वित्त और डिजिटल कर्ज समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा की। रिजर्व बैंक ने ट्वीट किया कि श्री गेट्स आज आरबीआई, मुंबई आए और उन्होंने गवर्नर के साथ विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। गेट्स की अगुवाई वाला गेट्स फाउंडेशन भारत में कई तरह की गतिविधियां चला रहा है। इनमें वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य क्षेत्र और जलवायु परिवर्तन से संबंधित गतिविधियां भी शामिल हैं। अरबपति उद्योगपति गेट्स बड़े पैमाने पर परमार्थ कार्य भी करते हैं। दास ने एक ट्वीट में कहा कि बिल गेट्स के साथ वित्तीय समावेशन, भुगतान प्रणाली, सूक्ष्म वित्त और डिजिटल कर्ज पर काफी अच्छी बैठक हुई।

एचडीएफसी, पीएनबी ने कर्ज पर ब्याज की दरें बढ़ाईं, आज से प्रभावी

नयी दिल्ली। आवासीय ऋणदाता एचडीएफसी लिमिटेड और सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपनी कर्ज की दरों में 0.25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की मंगलवार को घोषणा की। संशोधित दरें एक मार्च से लागू होंगी। इसके साथ ही नए एवं पुराने ग्राहकों दोनों के लिए कर्ज महंगा हो जाएगा। एचडीएफसी ने एक बयान में कहा कि वह अपनी प्रमुख ऋण दर में 0.25 प्रतिशत तक की वृद्धि कर रहा है। इसके साथ ही उसकी प्रमुख खुदरा ऋण दर बढ़कर 9.20 प्रतिशत हो गई है। पीएनबी ने भी एमसीएलआर पर आधारित दर में 0.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया। यह वृद्धि सभी अवधि वाले कर्जों पर लागू होगी। पीएनबी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि एक साल की अवधि के वाहन, आवास एवं व्यक्तिगत ऋणों पर ऋण दर को 8.4 प्रतिशत से संशोधित कर 8.5 प्रतिशत कर दिया गया है।

एसकेएमयू में विज्ञान दिवस पर वैश्विक विज्ञान विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन, बोले कुलपति

सामाजिक और वैज्ञानिक तकनीकी में समन्वय बना कर रोक सकते है ग्लोबल वार्मिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज एवं अतिथि व मुख्य वक्ता एनआईटी दुगार्पुर के एसोसिएट प्रोफेसर अनिमेष दत्ता समेत विश्वविद्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज ने समेत साईंस की महत्ता बताते हुए कहा कि विज्ञान के गुण हरके प्राकृतिक संपदा में विद्यमान बतायी। जो वैज्ञानिक कार्य जैसे अविष्कार हो या सामाजिक कार्य हो सभी में विज्ञान की सूक्ष्म से सूक्ष्म उर्जा समाहित होती है। वह चाहे कृषि आधारित सिंचाई की बात हो या अन्य पहलू। सभी में विज्ञान समाहित होता है और किसी न किसी प्रकार के उर्जा के प्रवाह, प्रभाव और तकनीकी से कार्यो का निष्पादन संभव बतायी। विज्ञान दिवस पर खोज करने वाले वैज्ञानिक की तरह विभिन्न विषयों और थियोरी के अविष्कारण की जयंती भी विभिन्न विभागों में मनाने का अपील की। उन्होंने पूरे एक माह विश्वविद्यालय के विभिन्न विज्ञान संकाय के छात्रों को आपस में सामंजस्य बना विज्ञान के दिशा में नए-नए खोज को प्रोत्साहित की। उन्होंने कहा कि एसकेएमयू अन्य विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से एमओयू कर चुकी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय डिजिटल प्लेटफार्म विज्ञान प्रसार का पोर्टल ऐप के जरीए डाउनलोड़ कर विज्ञान से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कर सकते है। पीजी और यूजी के छात्रों से स्कूल और कॉलेजों में जाकर मैट्रिक स्तर के छात्रों के बीच अपनी जानकारियां शेयर करने को कही। जिसका लाभ उनके साथ-साथ स्कूल और इंटरमीडिएट छात्रों को मिल सकेगा। कुलपति ने रसायन, भौतिक और जंतु विज्ञान के छात्रों को इस प्रकार के सामाजिक, प्रर्यावण और तकनीकी अध्ययन करने करीब एक माह तक करने को कहा। जिसका रिपोर्ट विश्वविद्यालय और विभाग को सौंपेंगे। ऐसा प्रयोग विज्ञान के छात्र के साथ अन्य विषयों के छात्रों के साथ करने की बात कही। ऐसा करने से उन्होंने भविष्य आने वाले 3 से 5 साल में ग्लोबल साईंस इन ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निजात दिलाने और प्लास्टिम मुक्त अभियान को सफल बनाने एक नया अविष्कार की असीम संभावनाएं बतायी। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने विज्ञान की आधुनिकता और नए-नए खोज आपसी समन्वय और सहयोग से ही संभव बताया। मुख्य वक्ता डॉ दत्ता ने बेहतरी और विकास के लिए विभाग के बीच अंतःविषय सहयोग के महत्व को बताया। जो भारत की राष्ट्रीय नीति के सतत विकास लक्ष्य का एक हिस्सा बताया। जिसे बड़े पैमाने पर विशेष रूप से समाज का हित सुनिश्चित होना महत्वपूर्ण बताया। अतिथि वक्ता विश्वविद्यालय के गणितज्ञ डॉ. डी. एन. गोराई ने आकाशीय यांत्रिकी के विकासात्मक इतिहास को बताया। वक्ता भौतिक शिक्षक मॉडल कॉलेज मॉडल, दुमका के प्रो राजेश कुमार ने विज्ञान के दार्शनिक पहलुओं को बताया। उन्होंने वस्तुनिष्ठ सोच की पद्धति पर जोर दिया। वक्ता पीजी रसायन विज्ञान की छात्रा अपराजिता कुमारी ने धातु विज्ञान पर रसायनशास्त्र की भूमिका बतायी। यहां बता दें कि विज्ञान दिवस वैज्ञानिक के सम्मान में मनाया जाता है। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान के स्नातकोत्तर विभाग के छात्रों और विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्त्ता शिक्षकों ने विश्वविद्यालय के चल रहे विभिन्न प्रयोगात्मक सेटअप का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ संजय सिन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ सदस्य, डॉ. ए. सत्तार, डॉ. एसएल बोंड्यि, डॉ. शर्मिला सोरेन, डॉ. सुजीत सोरेन, प्रो. बास्की नीरज, प्रवक्ता डॉ. संभू सिंह आदि उपस्थित थे।

संबोधित करती कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज

एक नजर में

एसपी कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

दुमका। एसपी कॉलेज में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के आधुनिक व स्वदेशी तकनीक पर तैयार मॉडल और प्रोजेक्ट पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार को किया। छात्र रचनात्मक प्रतिभा और तीव्र बुद्धिमता से जटिल संरचना पर आधारित संयंत्र के बेहतर तकनीक के जरिए आसान तरीके से मॉडल प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन एसकेएमयू के डीएसडब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह ने फीता काट किया। डीएसडब्लू एवं कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा ने छात्रों के प्रतिभा और हुनर को सराहा। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक मॉडल तैयार किया। जिसमें रसायनशास्त्र, जंतु विज्ञान, वनस्पति शास्त्र विभाग एवं भौतिकी विभाग के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएसडब्लू ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी आमतौर पर छात्रों द्वारा तैयार और प्रस्तुत की जाने वाली विज्ञान परियोजनाओं की एक प्रदर्शनी है। छात्रों को रुचि पूर्ण अधिगम और व्यवहारिक गतिविधियों में संलग्न करने के लिए इन प्रदर्शनों को समय के नियमित अंतराल पर आयोजित किया जाना चाहिए। कुलसचिव ने विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना बताया। जिससे उनकी रचनात्मकता को अच्छी तरह से पोषित किया जा सके। साथ ही उनके साथी अपने सहपाठियों द्वारा किए गए नवाचार की सराहना करने में सक्षम होंगे। जो उन्हें भी किसी प्रकार से ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने प्रदर्शनी के उद्देश्य से बच्चों को अवगत कराया।

छात्राओं को बताई गई विज्ञान की महत्ता

दुमका। एसपी महिला कॉलेज में विज्ञान दिवस मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रीना लकड़ा ने की। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी एक व्यक्ति में वैज्ञानिक छुपा है। आवश्यकता है उसे निखारने और सामने लाने की। उन्होंने नए-नए खोज को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ अविनाश सोरेन, डॉ उमा भारती, डॉ हनीफ, डॉ महाश्वेता, प्रो ज्योत्सना बा ने विज्ञान की महता बताया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता छात्राओं के बीच आयोजित हुई। छात्राओं ने कई 3 डी मॉडल प्रस्तुत की। रंगाली बना पानी और धरती को बचाने का संदेश दी। विज्ञान वरदान या अभिशाप पर अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जंतु विज्ञान शिक्षिका डॉ खुशबु तिग्गा ने की।

इंजीनियरिंग कॉलेज पर विज्ञान पखवारा का आयोजन

दुमका। टेक्नों इंडिया इंजीनियरिंग कॉलेज में विज्ञान दिवस पर भावी इंजीनियरिंग छात्रों ने एक-एक नए अविष्कार प्रदर्शनी लगाया। कॉलेज के विभिन्न ट्रेड के छात्रों ने प्रर्यावरण संरक्षण, 3 डी मॉडल समेत विभिन्न तकनीकी अविष्कार पर मॉडल प्रस्तुत किया। छात्रों के बीच विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्रशासन ने सम्मानित किया। यहां बता दें कि कॉलेज में विज्ञान पखवारा 22 फरवरी से आयोजित है। जिसका समापन मंगलवार को विज्ञान दिवस पर हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ गणेश, रतन कुमार बोस, पंकज सरकार, राजू गोस्वामी, अर्नव घोष, देवव्रत कुमार दास, सप्तऋषि सरकार, प्रशासनिक पदाधिकारी अभिषेक मुखर्जी एवं जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान चला कर लोगों को किया गया जागरूक

हंसडीहा। सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान के तहत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को हँसडीहा पुलिस के द्वारा हंसडीहा गांधी चौक पर जागरुकता रैली निकाला गया। रैली के दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने बताया यातायात नियमों का पालन करके दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। आप सुरक्षित रहेंगे तो आपका परिवार भी सुरक्षित रहेंगे।किसी भी तरह का नशा करके वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें। हमेशा वाहन की रफ्तार कम रखें। यात्रा करते समय ड्राइविंग लाइसेंस व वाहन से संबंधित वैध कागजात अपने साथ रखें।इस दौरान एसआई सचिन मिश्रा, मनोज सिंह, मशीलाल सोरेन सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

विज्ञान दिवसः एसकेएमयू में वैश्विक विज्ञान विषय पर सेमिनार का आयोजन

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज एवं अतिथि व मुख्य वक्ता एनआईटी दुगार्पुर के एसोसिएट प्रोफेसर अनिमेष दत्ता समेत विश्वविद्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज ने समेत साईंस की महत्ता बताते हुए कहा कि विज्ञान के गुण हरके प्राकृतिक संपदा में विद्यमान बतायी। जो वैज्ञानिक कार्य जैसे अविष्कार हो या सामाजिक कार्य हो सभी में विज्ञान की सूक्ष्म से सूक्ष्म उर्जा समाहित होती है। वह चाहे कृषि आधारित सिंचाई की बात हो या अन्य पहलू। सभी में विज्ञान समाहित होता है और किसी न किसी प्रकार के उर्जा के प्रवाह, प्रभाव और तकनीकी से कार्यो का निष्पादन संभव बतायी। विज्ञान दिवस पर खोज करने वाले वैज्ञानिक की तरह विभिन्न विषयों और थियोरी के अविष्कारण की जयंती भी विभिन्न विभागों में मनाने का अपील की। उन्होंने पूरे एक माह विश्वविद्यालय के विभिन्न विज्ञान संकाय के छात्रों को आपस में सामंजस्य बना विज्ञान के दिशा में नए-नए खोज को प्रोत्साहित की। उन्होंने कहा कि एसकेएमयू अन्य विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से एमओयू कर चुकी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय डिजिटल प्लेटफार्म विज्ञान प्रसार का पोर्टल ऐप के जरीए डाउनलोड़ कर विज्ञान से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कर सकते है। पीजी और यूजी के छात्रों से स्कूल और कॉलेजों में जाकर मैट्रिक स्तर के छात्रों के बीच अपनी जानकारियां शेयर करने को कही। जिसका लाभ उनके साथ-साथ स्कूल और इंटरमीडिएट छात्रों को मिल सकेगा।

बरगद पेड़ से लटका मिला युवक का शव

जामा। थाना क्षेत्र के नवाडीह पंचायत अंतर्गत धवाडीह गांव के पास मैदान में स्थित बरगद पेड़ से लटकता शव को पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया। शव की पहचान शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बेनागड़िया गांव 32 वर्षीय सुनील हांसदा के रूप हुई। जो अपनी बड़ी बहन शर्मिला हांसदा के घर धवाडीह गांव आया था। बहन ने बताया कि वह सोमवार की शाम गुहियाजोरी बाजार घूमने निकला था। लेकिन देर रात तक घर लौट कर नहीं आया तो बहन ने सोचा कि शायद अपने घर चला गया। लेकिन सुबह किसी ने बताया कि उसका भाई फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जाकर देखने पर सूचना सही पाया। सूचना पर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की बहन के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

अतिशबाजी की चिंगारी से बासुकीनाथ धाम में आधा दर्जन दुकानें जलकर खाक

रोक के बाद बारातियों के डीजे व आतिशबाजी से लोग परेशान, स्थानीय प्रशासन बेखबर

खबर मन्त्र संवाददाता

बासुकीनाथ। अगलगी में बीते सोमवार को बासुकीनाथ धाम में कई दुकानें जलकर खाक हो गई। अगलगी का कारण बारातियों के पटाखे से निकली चिंगारी बताया जा रहा है। सुरेश कुटीर के पास बारातियों ने पटाखे जलाये। जिससे एक के बाद एक कई दुकानों में चिंगारी से आग लग गई। आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठने लगी। देखते देखते चूड़ी लहठी मनिहारी पीतल एवं चाय पान के आधे दर्जन दुकान जलकर खाक हो गए। आग के लपेटे में बासुकीनाथ का एसबीआई ब्रांच भी आ गया। गनीमत रही कि आग पर काबू पा लिया गया। फिर भी एसबीआई शाखा की दो एसी सोलर पैनल एवं जिओ टावर जल गया। अगलगी से चारों तरफ अफरा तफरी मच गई। वैवाहिक स्थल सुरेश कुटीर में ठहरे बाराती के शरात पर आक्रोशित लोगों का भीड़ टूट पड़ा। गुस्साए लोग धर्मशाला में रखे कुर्सी टेबल पर अपना भड़ास निकाला और तोड़फोड़ की। जिससे दर्जनों टेबल कुर्सी को क्षति पहुंची। उधर इस घटना के बाद आग बुझाने पहुंची दमकल की गाड़ी को आक्रोशित भीड़ ने रोक दिया। स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। इसी बीच कृषि मंत्री बादल भी घटनास्थल पर पहुंच पीड़ितों को सांत्वना दिया। कृषि मंत्री ने पीड़ित दुकानदारों को सरकारी प्रावधानों के मुताबिक संपूर्ण सुविधा का भरोसा दिलाया। इस तरह की घटना की पुनरावृति से बचने के लिए बासुकीनाथ में डीजे एवं आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। वहीं आगजनी को लेकर ब्रांच मैनेजर मनीष प्रिय बैंकिंग कार्य प्रभावित होने के साथ तीन से चार लाख तक नुकसान की बात कही हैं। दरअसल बासुकीनाथ धाम बीते कुछ वर्षों से झारखंड-बिहार एवं पड़ोसी बंगाल का मैरिज हब बना हुआ है। लोगों के पसंदीदा वैवाहिक स्थल बन जाने से यहां लगन के सीजन में रोज दर्जनों जोड़ी विवाह के बंधन में बंधते हैं। इसी क्रम में लोग डीजे और पटाखे जलाते है। जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का समाना करना पड़ता है। मालूम हो कि बासुकीनाथ में रात 10 बजे के बाद डीजे एवं आतिशबाजी पर प्रशासनिक प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बावजूद ऐसी घटना स्थानीय पुलिसिंग की पोल खोल रही है। बासुकीनाथ में अग्निकांड की घटना के पीड़ित दुकानदारों को कृषि मंत्री ने सहायता राशि भिजवाया। कृषि मंत्री ने पीड़ित दुकानदारों के सहायता के लिए कुल 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद भेजा है।

धू-धूकर जलती दुकानें।

चक्रधरपुर के पारा शिक्षकों के सेवा सत्यापन को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर प्रखंड के पारा शिक्षकों(सहायक अध्यापक) के मानदेय में चार फीसद वृद्धि को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बैठक हुई। बैठक में पारा शिक्षकों के संतोषजनक सेवा सत्यापन पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान कई पारा शिक्षकों के के मानदेय में चार फीसद के वृद्धि पर मुहर लगाई गई। मालूम हो कि चक्रधरपुर प्रखंड में इंटर पास पारा शिक्षकों की संख्या 117 एवं स्नातक पास के 51 है। इंटर पास पारा शिक्षकों की सेवा सत्यापन पंचायत स्तरीय समिति एवं स्नातक पास शिक्षकों का प्रखंड स्तरीय समिति ने चर्चा के बाद मानदेय वृद्धि पर मुहर लगाई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मनोज कुमार सिन्हा, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी अविनाश राम, मुखिया सेलाय मुंडा, अरविंद तिग्गा, सोमनाथ कोया, मेलानी बोदरा, आंति सामाड, रूकमणि मोदिन, शांति देवी, समीना गागराई, जंगल सिंह गागराई, पंचायत सचिव श्याम सुंदर महतो, सोहन महतो, दिलीप महतो के अलावा विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजली चोरी के आरोपी ने विभाग के कर्मियों के साथ किया दुर्व्यवहार

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर अनुमंडल के मनोहरपुर में संवेदक नंदलाल गुप्ता व उनके पुत्र सौरभ गुप्ता ने बिजली विभाग के कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी है। इसे लेकर मनोहरपुर के सहायक अभियंता सुभाष प्रसाद ने थाने में पिता-पुत्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मनोहरपुर थाना को दिए लिखित शिकायत में सहायक अभियंता ने बताया है कि 27 फरवरी दिन सोमवार को मैं एवं मेरी टीम जिसमें सुमित कुमार आलोक (कार्यालय सहायक) दिनेश कुमार लोहरा (कनीय सारणी पूरूष) सुजीत महतो (ऊर्जा मित्र) नारायण राम हो, सत्यवाहन नायक, एवं सूरज लाल पूर्ति शामिल थे। विभाग के राजस्व संग्रहण एवं विद्युत संबंध विच्छेद का कार्य मनोहरपुर बाजार क्षेत्र में कर रहे थे। इस दौरान समय लगभग ढाई बजे में जब हमारी टीम पंकज गुप्ता के आवास पर पहुंची तो उनके द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करने पर उनका विद्युत संयोजन विच्छेद कर दिया गया। तत्पश्चात हमारी टीम आगे पोस्ट ऑफिस के निकट कार्यरत थी। इस दौरान अचानक से नंदलाल गुप्ता एवं उनका पुत्र सौरम गुप्ता पहुंचे और लाईन जाड़ने के लिए अभद्र व्यवहर करते हुए दबाव बनाने लगे। इस पर जब मेरे द्वारा बिना बकाया राशि जमा किये लाईन जोड़ने से इनकार किया गया तो नंदलाल गुप्ता एवं उनके पुत्र द्वारा मेरे एवं मेरे टीम के साथ गाली-गलौज एवं धक्का-मुक्की किया गया। नंदलाल गुप्ता द्वारा हाथ में जूता निकालकर हवा में लहरते हुए मुझे एवं टीम में शामिल सदस्यों को मारने की कोशिश की गई। साथ ही उनके द्वारा जान से मार देने की धमकी देने के साथ-साथ फिल्ड में जान मरवा देंगे, उठवा देंगे. 6 इंच छोटा कर देंगे आदि तथा राजनीतिक रसूख का हवाला देते हुए नौकरी खा जाने एवं महिला के साथ छेड़खानी एवं अभ्रदता का गलत आरोप लगा कर मेरे ऊपर उल्टा गलत कैसे कर देने की धमकी भी दी। इस महमागहमी के दौरान श्री गुप्ता द्वारा मेरे कार्यालय सहायक सुमीत कुमार आलोक का कॉलर पकड़कर जान से मारने की धमकी भी दी।

सुरक्षित रहे ओशो की समाधि, न बेचा जाए आश्रम : मां अनिता

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पुणे स्थित ओशो की समाधि सुरक्षित रहे और यह आश्रम न बिके, इसके लिए देश के हर राज्य से सन्यासी 21 मार्च को पुणे पहुंच रहे हैं। झारखंड से लगभग 20 सन्यासी जा रहे हैं। यह कहना है मां अनिता का। आश्रम बचाने के लिए बनायी गयी कमेटी में झारखंड कॉर्डिनेटर मां अनिता ने बताया कि 21 मार्च को पुणे में देश-विदेश से आए सन्यासी नाच गाकर ध्यान करके प्रदर्शन करेंगे और विरोध करेंगे। उनकी मांग है कि आश्रम को ना बेचा जाए। ओशो ने जो माला दीक्षा में पहनाई थी, वह माला पहन कर आश्रम के भीतर जाने दिया जाए। ओशो के चित्र को आश्रम में लगाया जाए। जो पांच समाधि आश्रम के भीतर हैं, उन्हें इज्जत दी जाए।

उल्लेखनीय है कि पुणे के कोरेगांव पार्क में ओशो का एक विश्वस्तरीय मुख्य ध्यान केंद्र है, जो रजनीश आश्रम के नाम से प्रसिद्ध है। विगत 20 वर्षों से इसे ओशो इंटरनेशनल मैडिटेशन रिसोर्ट के नाम से जाना जाता है। पहले यहां सौ से अधिक देशों के हजारों लोग आते रहे हैं। इस केंद्र का संचालन भारतीय ट्रस्टी ओशो इंटरनेशनल फाउंडेशन करती है। लेकिन ये मात्र दिखावा है। इसी नाम का एक दूसरा ट्रस्ट करीब 25 वर्षों पहले जूरिख में रजिस्टर्ड किया गया। जूरिक में इसके 4 सदस्य विदेशी हैं। एक भारतीय है जिसका अमेरिकन पासपोर्ट है और इस इन पांच सदस्यों ने मिलकर जूरिख में रजिस्टर्ड अपने ट्रस्ट को ओशो का मुख्यालय घोषित करके ओशो की समुचित बौद्धिक संपदा का एकाधिकार कर लिया और भारत में स्थित ओशो इंटरनेशनल फाउंडेशन को अपने अधीन कर लिया। मां अनिता बताती हैं कि जूरिख वालों ने ओशो का एक फर्जी वसीयतनामा भी बनवा लिया, जिसकी फॉरेंसिक क्राइम ब्रांच में जांच हुई और पता चला कि ओशो के हस्ताक्षर नकली है। फिर भी वह पुणे स्थित आश्रम को कंट्रोल करते हैं। ओशो की समस्त बौद्धिक संपदा पर कंट्रोल करते हैं। रॉयल्टी आदि की सारी आमदनी विदेशों में रख लेते हैं। यह सब पिछले 25 वर्षों से हो रहा है। लगभग 70 भाषाओं में अनुवादित ओशो की 650 पुस्तकों की बिक्री का धन विदेश में इन ट्रस्टियों की निजी कंपनियों में रख लिया जाता है। भारत में ओशो का आश्रम इससे वंचित रह जाता है। पुणे आश्रम की जानबूझ कर उपेक्षा की गयी और प्रचारित किया गया कि आश्रम में अब बहुत लोग नहीं आते, इस कारण यह घाटे में है, इसलिए इसके एक हिस्से को बेचने की जरूरत है। उनलोगों ने बजाज ग्रुप के मालिक राजीव नयन बजाज से 107 करोड़ में सौदा कर 50 करोड़ रूपये एडवांस भी ले लिया।

ओशो दीवाने झारखंड की मां अनीता, मां मधुरिमा , मां शालू, स्वामी राजकुमार ने कहा - भारत के ओशो शिष्यों के दिल को इससे बहुत चोट लगी कि उनके गुरु के आश्रम के एक हिस्से को बेचा जा रहा है। आश्रम में जहां ओशो की समाधि है, उनके शिष्यों की भी पांच समाधियां है। उनके रखरखाव में भी उपेक्षा हो रही है। उन समाधियों पर काला कपड़ा बिछा रहता है। मां अनिता ने बताया कि ओशो की समाधि पर जाने के लिए प्रतिदिन का शुल्क 970 रुपये वसूला जाता है। भारत में कहीं भी ऐसा नहीं होता है, जहां गुरु की समाधि के दर्शन के लिए अथवा वहां मौन ध्यान में आधा घंटा बैठने के लिए इतना शुल्क देना पड़े। इन बातों को लेकर देश भर में ओशो सन्यासियों में नाराजगी है और वे चरणबद्ध आंदोलन शुरु कर रहे हैं।

पत्नी के हत्यारे पति को न्यायालय ने दिया दोषी करार, आजीवन कारावास की सजा व जुर्माना

दुमका। विवाहिता की हत्या मामले में न्यायालय ने पति को दोषी करार देते हुए सश्रम कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। फैसला व्यवहार न्यायालय के डीजे वन रमेश चन्द्रा की अदालत ने मंगलवार को सुनाया है। पत्नी के हत्या मामले में न्यायालय ने दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा और 10 हजार रुपए नगद जुमार्ना किया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के स्थिति में तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त मसलिया थाना क्षेत्र के चरकापाथर गांव निवासी पति सुशील मुर्मू है। अदालत ने सत्र वाद संख्या 97/2016 में भादवी की धारा 302 में सजा के बिंदु पर दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद पत्नी की हत्या मामले में दोषसिद्ध आरोपी सुशील मुर्मू को सश्रम आजीवन कारावास एवं जुमार्ना किया है। मामले में 7 गवाहों की गवाही पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया। मामले में सरकार की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक चम्पा कुमारी पैरवी एवं बचाव पक्ष से आशुतोष बोस बहस कर रहे थे।

क्या था मामला : जिले मसलिया थाना क्षेत्र के दुधीचुंआ निवासी सूचक नुनुधन सोरेन ने आवेदन देकर बेटी सोरोमती सोरेन को बेरहमी से लाठी-डंडा से पीट-पीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए संबंधित थाना में लिखित शिकायत 12 फरवरी 2016 को किया था। पुलिस मामले में भादवि की धारा 302 के तहत मसलिया थाना में कांड संख्या 08/2016 दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजी थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सूचक ने बताया था कि 16 वर्ष पूर्व संताली रीति-रिवाज से बेटी सोरोमति सोरेन की शादी थाना क्षेत्र के चरकापाथर गांव निवासी सुशील मुर्मू से किया था। आरोपी दामाद सुशील मुर्मू ने 12 फरवरी 2016 को सूचक के बेटे फिलिप सोरेन को फोन पर उसकी बहन की बीमारी से मौत हो जाने की सूचना दी।